भोपाल

शनिवार, 14 मार्च 2026

चैत्र मास कृष्ण पक्ष-11

वर्ष : 12, अंक : 341

पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**

अधि. 36

न्यून. 22

गर्मी ने दिखाए तीखे तेवर... दो दिन बाद बारिश-बादल का अलर्ट

## 10 शहरों में पारा 38 पार नर्मदापुरम 40.2 डिग्री पर



नर्मदापुरम रतलाम और धार में चली गर्म हवाएं

राजधानी की पॉलिटेक्निक रोड, दोपहर 3 बजे का दृश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मार्च का महीना गर्मी को लेकर भारी पड़ता नजर आ रहा है, जिसके तहत दूसरे हफ्ते में ही प्रदेश में गर्मी तीखे तेवर दिखा रही है। शुक्रवार को सीजन में पहली बार नर्मदापुरम, रतलाम और धार में गर्म हवाएं चलीं। नर्मदापुरम 40.2 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा। जबकि 10 शहरों में पारा 38 डिग्री के पार पहुंच गया। हालांकि रातें गर्म नहीं होने से लोगों को राहत है। अगले दो दिन बाद पूर्वी क्षेत्र में एक ▶▶ शेष पेज 6 पर

### रविवार से बदलेगा मौसम

15 और 16 मार्च को प्रदेश में बारिश, बादल और गरज-चमक वाला मौसम रह सकता है। मौसम विभाग ने 14 मार्च को सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ की वजह से दो दिन तक अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा का कहना है कि रविवार और ▶▶ शेष पेज 6 पर

क्या सुनने में कठिनाई होती है
सिल्वर जुबली ऑफर
• कान/सुनने की मशीन पर विशेष छूट
• सुनने की जांच • स्पीच थैरेपी
Sinha Speech & Hearing Center
Ph. 0755-2760853
9243703712
सिन्हा स्पीच एंड हियरिंग सेंटर
पता : सरिता कॉम्पलेक्स, ब्लॉक नं. 3 शिवाजी नगर भोपाल
समय : सुबह 10.00 से 1.00 तक शाम 5.00 बजे से रात 8.00 तक

डायवर्टेड प्लाट उपलब्ध है
बैंक फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
66 फीट रोड सनराईज गार्डन के पीछे, महोली, भानपूर भोपाल
सर्व सुविधा युक्त प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण प्रदूषण मुक्त कवर्ड केम्पस के साथ
आफिस:आदित्य कन्स्ट्रक्सन एण्ड मार्केटिंग, हाउस न. 16, 66 फीट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर रोड, महोली, भानपुर, भोपाल
7222901488, 9755600827

सावधान!
आपके भवन का "वास्तु दोष" आपकी आर्थिक समस्याओं का मुख्य कारण हो सकता है!
वास्तु दोष निवारण के लिए तुरंत संपर्क करें
Call Now: 9171295733
VASTUVID SATYENDRA SINGH
वास्तु शास्त्री | एस्ट्रोलॉजर | न्यूमेरोलॉजिस्ट
ऊर्जा स्कैनिंग एक्सपर्ट
ADD: D-7, TRIBHUVAN COLONY, SALAIYA Bhopal (M.P.)

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366



जन सरोकार, जनहित और जमीन से जुड़ी पत्रकारिता ने दिलाया पाठकों को भरोसा

छत्तीसगढ़ में फिर लहराया हरिभूमि का परचम

# एबीसी रिपोर्ट में फिर नंबर-1

### कुल प्रसार संख्या 3,65,385, जो अन्य प्रमुख अखबारों से काफी अधिक

छत्तीसगढ़ में जनसरोकार की पत्रकारिता का प्रतीक बन चुका हरिभूमि एक बार फिर पाठकों की पहली पसंद साबित हुआ है। एबीसी (ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन) की जुलाई-दिसंबर 2025 रिपोर्ट के अनुसार हरिभूमि ने प्रदेश में प्रसार के मामले में अपने प्रतिस्पर्धियों से स्पष्ट बढ़त बनाई है।

**रायपुर।** रिपोर्ट के मुताबिक रायपुर और बिलासपुर संस्करण मिलाकर हरिभूमि की कुल प्रसार संख्या 3,65,385 रही, जो अन्य प्रमुख अखबारों से काफी अधिक है। इसके मुकाबले दैनिक भास्कर 2,64,461 और पत्रिका 1,35,319 प्रतियों के साथ पीछे रहे। रायपुर संस्करण में हरिभूमि की 2,33,011 प्रतियों की प्रसार संख्या रही, इनमें से 1552 प्रतियां ओडिशा की शामिल हैं। इन 1552 प्रतियों का प्रकाशन रायपुर संस्करण में कर ओडिशा भेजा जाता है, ▶▶ शेष पेज 6 पर

### भरोसा अब भी अखबारों पर

इलेक्ट्रानिक, सोशल मीडिया की बाढ़ के बावजूद प्रिंट मीडिया का दबादबा कायम है। विशेषकर हिंदी भाषी क्षेत्रों में अखबारों की खासी पूछपरख है। इसकी बड़ी वजह है विश्वसनीयता ▶▶ शेष पेज 6 पर

**विश्लेषक बोले**

### जनपक्षीय पत्रकारिता का हरिभूमि उदाहरण

मीडिया विश्लेषकों का कहना है कि डिजिटल दौर की तेज प्रतिस्पर्धा के बीच भी यदि किसी अखबार की पाठक संख्या लगातार मजबूत बनी हुई है तो उसका कारण विश्वसनीयता और जनपक्षीय ▶▶ शेष पेज 6 पर

सरकार बोली- पेट्रोल डीजल की कमी नहीं एलपीजी पर चिंता

**सरकार ने बताया-** अभी रोजाना करीब 25 लाख सिलेंडर ज्यादा बुक हो रहे, जबकि 7 लाख लोग सीधे पीएनजी पर शिफ्ट हो सकते हैं

# केंद्र की सलाह: पीएनजी का कनेक्शन लें, इससे एलपीजी का प्रेशर कम होगा

*कई राज्यों जैसे मेघालय, त्रिपुरा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, केरल, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में कंट्रोल रूम भी खोले गए*





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में युद्ध की वजह से भारत समेत दुनियाभर में ऊर्जा संकट का खतरा मंडराता जा रहा है। भारत में भी अलग-अलग राज्यों से गैस की खबरें सुर्खियों में हैं। शुक्रवार को सुजाता शर्मा, संयुक्त सचिव (विपणन एवं तेल रिफाइनरी), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में लोगों से अफवाहों से बचने की सलाह और पैनिक बाइंग न करने की अपील की है। सुजाताने कहा कि हमारी जो एवरेज बुकिंग है, वह लगभग 50 से 55 लाख बुकिंग प्रतिदिन है। अब यह बढ़कर लगभग 75-76 लाख तक पहुंच गई है।

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के कॉल सेंटर में सीट्स को बढ़ाकर 400 कर दिया गया है ▶▶ शेष पेज 6 पर

रोजाना 76 लाख सिलेंडर बुक हो रहे जंग से पहले 55.7 लाख होते थे



मुंबई में तेज धूप के बीच गैस सिलेंडर के लिए लगी लंबी लाइन

**सरकार की अपील-** अफवाहों से बचें, पैनिक बाइंग न करें

**केंद्र ने राज्यों को** दिए जमाखोरी व कालाबाजारी रोकने के निर्देश

### कई राज्यों में हालात पर रोजाना ब्रीफिंग

उन्होंने कहा कि ब्लैक मार्केटिंग और होर्डिंग पर भी एक्शन लिया जा रहा है। उप्र, कर्नाटक व मप्र में एक्शन लिया गया है। सेक्रेटरी, मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस और सेक्रेटरी कंज्यूमर ▶▶ शेष पेज 6 पर

**ईरान के राजदूत का बड़ा बयान**

### भारत दोस्त है और होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों को सुरक्षित रास्ता देंगे



मोहम्मद फथली

*भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथली ने संकेत दिया है कि भारत को महत्वपूर्ण वैश्विक जलमार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित मार्ग मिल सकता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित मार्ग मिलेगा, तो फथली ने कहा, जी हां, क्योंकि भारत हमारा मित्र है। हमारे हित* ▶▶ शेष पेज 6 पर


### संयुक्त सचिव ने यह भी कहा

- देश में तेल-गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।
- देशभर के 25 हजार से अधिक एलपीजी वितरकों में कहीं भी गैस खत्म होने की स्थिति नहीं आई है।
- रिफाइनरियों में एलपीजी का घरेलू उत्पादन लगभग 30 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है।
- राज्यों से यह भी कहा गया है कि वे जिलों में ऐसे स्थान चिन्हित करें जहां अतिरिक्त 48 हजार किलोलीटर केरोसिन का वितरण किया जा सके।
- वैकल्पिक ईंधन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कोल इंडिया को छोटे और मध्यम उपभोक्ताओं के लिए कोयले की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।
- भारत की कुल शोधन क्षमता 258 मिलियन मीट्रिक टन है। और देश पेट्रोल व डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है। सभी रिफाइनरियां 100

▶▶ शेष पेज 6 पर
▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

गैस सिलेंडरों के लिए मारामारी

## मप्र में बुकिंग सर्वर पर भारी लोड से स्थिति 'गड़बड़ाई'



जिंसी चौराहा स्थित गैस एजेंसी कार्यालय के बाहर बुकिंग के लिए लंबी लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में रसोई गैस की मांग व आपूर्ति में अंतर की वजह से स्थिति अब गड़बड़ाने लगी है। हालात यह है कि सेंट्रलाइज बुकिंग सिस्टम उपभोक्ताओं की बुकिंग नहीं ले रहा है। इस वजह से स्थिति और पैनिक बन गई है। रसोई गैस डीलरों के यहां भी यही हालत है। डीलर्स फोन पर बुकिंग संबंधी जानकारी नहीं दे रहे हैं। विभागीय अफसर भी सही जानकारी देने में आनाकानी कर रहे हैं। दूसरी तरफ जिनके घरों में रसोई गैस सिलेंडर नहीं है, उन्हें भारी दिक्कतें हो रही है। राज्य सरकार ने शुक्रवार को मंत्रालय में सरकार की ओर से गठित मंत्रिमंडल समिति की बैठक हुई। इसमें खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, गृह विभाग समेत ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में तय हुआ कि कंट्रोल रूम बनाने के साथ ▶▶ शेष पेज 6 पर

- उपभोक्ता इस नंबर 0755-2551473 पर जानकारी लें
- गोदामों से सिलेंडर उठाने को कहा जा रहा, इससे लंबी लाइनें
- 115 स्थानों पर जांच की गई, 350 सिलेंडर जब्त
- 2 लोगों के खिलाफ एफआईआर की गई

### सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक बॉटलिंग प्लांट एवं वितरकों के गोदामों में

ऑयल कंपनी के स्टेट नोडल ऑफिसर अजय श्रीवास्तव ने बताया कि गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक बॉटलिंग प्लांट एवं वितरकों के गोदामों में उपलब्ध है। आशंकित उपभोक्ताओं की ओर से अत्यधिक गैस सिलेंडर की बुकिंग के कारण सर्वर पर अतिरिक्त लोड आने से असुविधा हो रही थी, जिसे त्वरित तौर पर व्यवस्थित किया जा रहा है। अतिशीघ्र स्थिति सुधार ली ▶▶ शेष पेज 6 पर

**खबर संक्षेप**

### अफसर बनकर घर में घुसे, 50 तोला सोना लूटा

**धार।** जिले के बाग नगर में हुई दिनदहाड़े पांच बदमाश खुद को आयकर विभाग का अधिकारी



बताकर घर में घुसे और जांच के नाम पर पूरे परिवार को कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद अलमारी की चाबी लेकर करीब 50 तोला सोने के जेवर, साढ़े चार लाख रुपए नकद और मोबाइल फोन लूट लिए। पूरी घटना स्पेशल 26 फिल्मी स्क्रिप्ट जैसी हुई।

### चुनाव आयुक्त के खिलाफ दोनों सदनों में सौंपे नोटिस

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने का नोटिस संसद के



दोनों सदनों में सौंप दिया है। इस नोटिस पर लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। नोटिस के लिए कम से कम 100 और राज्यसभा में 50 सांसदों के समर्थन की जरूरत होती है। विपक्ष ने 193 हस्ताक्षर जुटाकर यह जरूरी आंकड़ा आसानी से पार कर लिया है।

मोहन सरकार ने बढ़ाया स्टाइपेंड

### जूडॉ. को 77 हजार, सीनियर रेजिडेंट को मिलेंगे 90 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



- एक अप्रैल 2025 से होगा लागू

मोहन सरकार ने मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत जूनियर डॉक्टरों और रेजिडेंट्स डॉक्टरों के स्टाइपेंड में बढ़ोतरी का आदेश जारी किया है। कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के आधार पर किए गए संशोधन के बाद जूनियर डॉक्टरों को अब 77 हजार 662 और सीनियर रेजिडेंट को 90 हजार 803 रुपए स्टाइपेंड मिलेगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग ▶▶ शेष पेज 6 पर

एमपी-एमएलए कोर्ट का फैसला

### पारदी हत्याकांड: पूर्व मंत्री जिपं अध्यक्ष सहित 14 बरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



- फैसला घटना के 19 वर्ष बाद आया

मुलताई के पास स्थित चौथिया गांव में वर्ष 2007 में हुए पारदी दंपती हत्याकांड में एमपी-एमएलए कोर्ट की विशेष अदालत ने शुक्रवार को अहम फैसला सुनाया। अदालत ने पूर्व मंत्री और विधायक सुखदेव पांसे और वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार सहित 14 आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। यह फैसला घटना के लगभग ▶▶ शेष पेज 6 पर

पीरियड्स लीव पर सुनवाई से इनकार

### शीर्ष कोर्ट बोला- तो महिलाओं को कोई नौकरी नहीं देगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- संबंधित प्राधिकारी नीति बनाने पर विचार करें

सुप्रीम कोर्ट में महिला छात्रों और कर्मचारियों के लिए मासिक धर्म की छुट्टी देने वाली देशव्यापी नीति बनाने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि ऐसी स्थिति में कोई भी उन्हें नौकरी नहीं देगा। विभाग से जुड़े प्राधिकारी इस आवेदन पर विचार कर सकते हैं ▶▶ शेष पेज 6 पर

हवाई सफर आज से हुआ महंगा, रात 12:01 बजे से लागू

## एयर इंडिया के बाद इंडिगो ने भी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर लागू किया सरचार्ज

विमान ईंधन की कीमतों में वृद्धि के चलते लिया फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और युद्ध की स्थितियों के कारण विमान ईंधन की कीमतों में आए उछाल को देखते हुए इंडिगो ने अपने सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय रूटों पर 'ईंधन शुल्क' बढ़ाने का निर्णय लिया है। एयरलाइन द्वारा जारी बयान के अनुसार, यह नई दरें 14



मार्च 2026 की रात 12:01 बजे से लागू हो गईं। इसका सीधा मतलब यह है कि आज से इंडिगो की उड़ानों के लिए टिकट बुक करने वाले यात्रियों को पहले के मुकाबले अधिक जेब ढीली करनी होगी। सभी ▶▶ शेष पेज 6 पर

### रूट के अनुसार फ्यूल चार्ज

- भारत के अंदर – 425
- भारतीय उपमहाद्वीप – 425
- मिडिल ईस्ट – 900
- दक्षिण-पूर्व एशिया और चीन – 1800
- अफ्रीका और वेस्ट एशिया – 1800
- यूरोप – 2300

अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध पर संघ का बयान

## जंग जल्द से जल्द खत्म होनी चाहिए, वहां पर रहने वाले हिंदू संगठनों से संघ संपर्क में

यूजीसी पर कहा जो भी कुछ असंतुलन हुआ है कोर्ट ने संज्ञान लिया है, सरकार भी प्रयास करेगी

एजेंसी ▶▶ समालखा

हरियाणा के समालखा में शुक्रवार से 3 दिन तक चलने वाली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक शुरू हुई। संघ की गतिविधियों के संबंध में समालखा में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान संघ के सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने कहा कि इस





अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक का इस वर्ष महत्व ज्यादा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है। इस अखिल ▶▶ शेष पेज 6 पर

### शाखाओं की वृद्धि 5000

बैठक में जानकारी दी गई है कि संघ की शाखाओं के आंकड़े में काफी ज्यादा वृद्धि हुई है। कुल शाखाओं की वृद्धि 5000 हुई है। अब तक संघ 10 करोड़ परिवार तक पहुंच चुका है। तीन लाख से ज्यादा गांव तक पहुंच चुका है। 55 हजार के आसपास मुस्लिम घरों में, 54 हजार क्रिश्चियन घरों में संघ के स्वयंसेवक गए, हर जगह उनका स्वागत हुआ। अब तक 36 हजार हिंदू सम्मेलन किए हैं और अभी और भी हिंदू सम्मेलन अपेक्षित है।

मुख्यमंत्री ने ग्वालियर से 1.25 करोड़ बहनों के खातों में अंतरित किए 1836 करोड़ रुपए

महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

## 2 महीने बाद 'लाड़ली बहना' को 3 साल बहनें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को लाड़ली बहना योजना की 34 वीं किस्त एक करोड़ 25 लाख 27 हजार से अधिक बहनों के खाते में एक हजार 836 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। इनमें ग्वालियर जिले की 3 लाख 16 हजार से अधिक लाड़ली बहनें भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश की हर लाड़ली बहनों के खाते में हर महीने 1500 रुपए भेजे जा रहे हैं।

योजना में अब तक 52 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि बहनों को दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को ग्वालियर जिले के शबरी माता मंदिर परिसर, घाटीगांव ▶▶ शेष पेज 6 पर



सिंगल क्लिक से लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरित करते हुए सीएम

### ये महत्वपूर्ण घोषणाएं

- ग्वालियर जिले को दी 122 करोड़ रुपए के 54 विकास कार्यों की सौगात
- भितरवार पीएचसी बनेगा सिविल अस्पताल, घाटीगांव उप स्वास्थ्य केंद्र का होगा उन्नयन
- भितरवार और घाटीगांव में खुलेंगे आईटीआई केंद्र
- घाटीगांव में शबरी माता और भगवान देवनारायण धाम बनेगा, घाटीगांव, चिनोर और करैया में बनेंगे सांदीपनि विद्यालय

## खबर संक्षेप

### निगम के सभी जोन-वार्ड कार्यालयों में आज लगेगी नेशनल लोक अदालत

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा शनिवार को नेशनल लोक अदालत के तहत सभी जोन, वार्ड कार्यालयों में लोक अदालत शिविरों का आयोजन होगा। इसमें करदाताओं को संपत्तिकर एवं जल उपभोक्ता प्रभार की बकाया राशि के अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। नेशनल लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपए बकाया है उन्हें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी जबकि 50 हजार से अधिक एवं 1 लाख रुपए तक बकाया राशि पर केवल अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट एवं 1 लाख रुपए से अधिक की राशि बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसी तरह जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर एवं अधिभार की राशि 10 हजार रुपए तक की बकाया है। ऐसे प्रकरणों में अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

### कांग्रेस को हर मोहल्ले तक मजबूत किया जाएगाः पटवारी

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर जिले की सांवेर एवं राऊ विधानसभा के विभिन्न ब्लॉकों में आयोजित 'ब्लॉक स्तरीय पंचायत समिति कार्यकर्ता सम्मेलन' में भाग लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने तथा जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के अंतर्गत सांवेर विधानसभा के पालिया, सांवेर, क्षिप्रा एवं खुड़ैल ब्लॉक तथा राऊ विधानसभा के रालामंडल ब्लॉक में सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस संगठन को हर मोहल्ले और हर वार्ड तक मजबूत किया जाएगा उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विश्वास जताया कि "संगठन की मजबूती और जनता के विश्वास के बल पर वर्ष 2028 में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।" इस अवसर पर महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीना बोरासी, इंदौर जिला कांग्रेस (ग्रामीण) अध्यक्ष विपिन वानखेड़े सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ऐशबाग में 81, छोला, नारियलखेड़ा की गलियों में बढ़ेंगे प्रॉपर्टी के 20 फीसदी दाम

## शाहजहांनाबाद, रंभा नगर, ओल्ड डेयरी की गलियों में भी मकान खरीदना होगा महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंजीयन विभाग शहर की मुख्य सड़कें, पॉश कॉलोनियों के साथ गलियों के मकानों से भी अपनी आमदनी बढ़ाने की तैयारी कर रहा है, जिसके लिए पुराने शहर की अधिकतर गलियों के मकानों के भी बढ़े हुए दाम प्रस्तावित किए गए हैं। हालात यह हैं कि ऐशबाग इलाके की गलियों के मकानों के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी प्रस्तावित कर दी गई है।

यहां अहाता मनकशा और अहाता सिकंदरकुली एरिया में 81 फीसदी की बढ़ोतरी प्रस्तावित की है। यहां वर्तमान में 8 हजार 800 रुपए प्रति वर्गमीटर का रेट है, जिसके बढ़ाकर 16 हजार किया जा रहा है। इसके साथ यहां व्यावसायिक प्रॉपर्टी के दाम भी 81 फीसद बढ़ाए गए हैं। पंजीयन विभाग ने एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन को लेकर 628 लोकेशन पर बढ़ोतरी प्रस्तावि कर दी है। जबकि 795 लोकेशन को अधिक दाम वाली लोकेशन में मर्ज किया जा रहा है। जिससे इन जगहों पर भी प्रॉपर्टी खरीदना महंगा हो जाएगा। इस बार पंजीयन अफसरों ने एक फार्मूले के आधार पर प्रॉपर्टी के दामों में बढ़ोतरी प्रस्तावित की है। अधिकतर जगहों पर दस से बीस फीसद की बढ़ोतरी प्रस्तावित की है। अफसरों का कहना है कि पुराने शहर में रीसेल वाली प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री हो रही हैं। इसलिए यहां बढ़े हुए दाम प्रस्तावित किए गए हैं।

पंजीयन विभाग मुख्य सड़कों के साथ गलियों से भी करेगा ज्यादा कमाई



प्रतीकात्मक फोटो।

### शनिवार तक लेंगे दावे-आपत्ति

जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में प्रस्ताव रखने के बाद पंजीयन विभाग के अफसरों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन दावे-आपत्तियां लेना शुरु कर दिया है। अब तक दोनों माध्यमों से करीब सौ आपत्तियां आई हैं। जिनका निराकरण किया जा रहा है।

### इन जगहों पर प्रस्तावित किए बढ़े हुए रेट

| लोकेशन | वर्तमान(आ/व्या) | | बढ़ोतरी% |
|---|---|---|---|
| अहाता मनकशां | 8800/13200 | 16000/24000 | 81/81 |
| सिकंदरकुली | 8800/13200 | 16000/24000 | 81/81 |
| फरहतअफजागली | 10400/15600 | 13000/19500 | 25/20 |
| पुतलीघर गलियां | 10000/15000 | 12000/18000 | 20/20 |
| छोला गलियां | 10000/15000 | 12000/18000 | 20/20 |
| रंभा नगर | 10000/15000 | 12000/18000 | 20/20 |
| दुर्गानगर अंदर | 10000/15000 | 12000ध18000 | 20/20 |
| इस्लामीगेट अंदर | 10000/15000 | 12000/18000 | 20/20 |
| नारियलखेड़ा | 12000/18000 | 14000/20000 | 16//11 |
| रिसालदार कॉ | 10000/15000 | 12000/18000 | 20/20 |
| ओल्डडेयरी जहां | 11000/16500 | 12000/18000 | 9/9 |

**नोट-** आवासीय और व्यावसायिक प्रॉपर्टी की राशि प्रति वर्गमीटर में है।

## बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश, मंत्री गोविंद, चैतन्य ने समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# एलपीजी गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए उपभोक्ताओं को किसी भी तरह की न हो कोई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम एवं मध्य पूर्व देशों में तनाव से पड़ने वाले प्रभाव की समीक्षा के लिए गठित मंत्रि मंडल समिति की बैठक शुक्रवार को मंत्रालय में हुई। बैठक में घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने, एजेंसियों के माध्यम से वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की गई। अधिकारियों से कहा गया कि प्रदेश के सभी जिलों में एलपीजी गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में प्रदेश के प्रवासियों को खाड़ी देशों से सुरक्षित लाने के लिए किए गए उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस दौरान बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप ने समीक्षा कर निर्देश दिए। मंत्री काश्यप वर्चुअली शामिल हुए। अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण रश्मि अरुण शमी ने पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता एवं प्रदेश के प्रवासियों को खाड़ी देशों से वापस लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। इस दौरान सचिव गृह कृष्णावेनी देसाबातू, आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा, ऑयल कम्पनियों के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### खास बातें

- सभी जिलों में एलपीजी गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए
- उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो



हाईलेवल समीक्षा बैठक।

### कालाबाजारी को रोकने करें समुचित कार्रवाई

खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। गैस एजेंसियों और तेल कंपनियों के साथ समन्वय बनाकर मांग और आपूर्ति की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए, जिससे किसी क्षेत्र में सिलेंडर की कमी की स्थिति न बने। उन्होंने बताया कि पेट्रोल, डीजल, एटीएस, क्रूड ऑयल एवं घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। निरंतर आपूर्ति जारी है। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत निरंतर कार्रवाई की जा रही है। अभी तक 115 स्थानों पर जांच की गई है।

### पोर्टल में तकनीकी खराबी आने के कारण समस्या

*मंत्री काश्यप ने कहा कि सिलेंडर बुकिंग के लिए बनाए गए पोर्टल में तकनीकी खराबी आने के कारण समस्या हुई। इसे दुरुस्त किया जाए। एजेंसियों में आवश्यकता अनुसार ऑफलाइन बुकिंग भी की जाए। देश की रिफायनरी उच्च क्षमता पर कार्य कर रही है तथा पश्चिम एशिया के अतिरिक्त अन्य स्थानों से भी कच्चे तेल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। घरेलू पीएनजी तथा सीएनजी की आपूर्ति भी निरंतर जारी है। बिना कटौती के जारी रहेगी।*

### अनियमितता या विलंब की शिकायत पाए जाने पर करें तत्काल कार्रवाई

बैठक में गैस एजेंसियों के संचालन, सिलेंडर वितरण की समयबद्धता और उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। मंत्रिमंडल समिति ने निर्देश दिए कि यदि कहीं वितरण व्यवस्था में अनियमितता या विलंब की शिकायत मिलती है, तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए। धिकारियों से कहा कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में एलपीजी की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक

आयल कंपनियों ने कहा कि गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक वाटलिंग प्लांट एवं वितरकों के गोदाम में उपलब्ध है। आशंकित उपभोक्ताओं की ओर से अत्यधिक गैस सिलेंडर की बुकिंग के कारण सर्वर पर अतिरिक्त लोड आने से असुविधा हो रही थी। पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देश अनुसार घरेलू उपभोक्ताओं की ओर से अंतिम रिफिल के 25 दिन बाद पुनः बुकिंग कराई जा सकेगी।

### घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर गाइडलाइन

## दूसरा सिलेंडर लेने 25 दिन में होगी बुकिंग

शहर में कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई पर रोक लगाने और घरेलू सिलेंडरों की सप्लाई को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने गाइडलाइन जारी कर दी है। जिसके तहत एक सिलेंडर बुक करने के बाद दूसरे सिलेंडर की बुकिंग 25 दिन बाद ही हो सकेगी। होटलों पर डीजल भट्टी का उपयोग शुरू लालघाटी स्थित एक मैरिज गार्डन में सिलेंडर के इंतजाम नहीं होने की वजह से डीजल भट्टी का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया है। हालांकि एक दो दिन के बाद शादियों का सीजन बंद हो जाएगा। होटल कारोबारियों ने वैकल्पिक इंतजाम के लिए बड़े इंडक्शन और डीजल भट्टियां खरीदना शुरु कर कर दिया है।

### यह भी निर्देश किए जारी

- **पैनिक बुकिंग से बचने की अपील** अफसरों ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि गैस का पर्याप्त स्टॉक है। घबराहट में बुकिंग न करें, जिससे वितरण सिस्टम पर असर पड़ता है।
- **बिना लाइसेंस 100 किलोग्राम तक ही एलपीजी स्टोरेज** व्यावसायिक प्रतिष्ठान बिना विस्फोटक लाइसेंस के अधिकतम 100 किलोग्राम तक एलपीजी का भंडारण कर सकते हैं। इससे अधिक के लिए मैनिफोल्ड सिस्टम अनिवार्य होगा।
- **होटल-रेस्टोरेंट को गैस खपत कम करने की सलाह** संचालकों से कहा गया है कि गैस की खपत कम करने के लिए इलेक्ट्रिक तंदूर का उपयोग करें और मेन्यू को छोटा रखें। गैस की खपत कम करने के लिए डीजल स्टोव, लकड़ियां (सीमित मात्रा में ) इलेक्ट्रिक इंडक्शन सहित अन्य विकल्पों के उपयोग की अपील की गई है।
- **शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर** किसी भी समस्या या शिकायत के लिए एलपीजी हेल्पडेस्क कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर 9685404087 पर संपर्क किया जा सकता है।

## सेवा विवाद निराकरण समिति का गठन

# प्रदेश स्तरीय वन कर्मचारी वेतन एवं सेवा विवाद निराकरण समिति का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- वन कर्मियों के सामने कई प्रकार के मुद्दे

मध्यप्रदेश के वन कर्मचारियों के सामने आज सिर्फ 5680/1900 वेतनमान का मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे सेवा-जीवन से जुड़े अनेक विवाद खड़े हैं। कहीं ट्रांसफर-पोस्टिंग मनमाने ढंग से नही हो रहे है, कहीं वेतन-वृद्धि बिना कारण के रोकी जा रही है, तो कहीं वेतन निर्धारण, भत्तों, विभागीय जांच, पदोन्नति, वसूली और पेंशन तक के मामलों में अनिश्चितता है।

इन्हीं सब चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच वन विभाग ने बैठक मैं निर्णय लेकर शुक्रवार को मध्य प्रदेश कर्मचारी वेतन एवं सेवा विवाद निराकरण समिति का गठन किया गया है, ताकि वन कर्मचारी अपनी सेवा-समस्याओं को भावनात्मक नाराजगी से नहीं, बल्कि तथ्य, दस्तावेज और कानून के आधार पर समिति के समक्ष प्रस्तुत करें समिति का अध्यक्ष अशोक पांडे, सदस्य लव प्रकाश पाराशर, हरि सिंह गुर्जर, नितिन गुप्ता, प्रेमलाल त्रिपाठी, राजकुमार शुक्ला, रामबाबू सोनी, नरेंद्र पयासी मनोनीत किए गए है।

सभी तरह की शिकायतें कॉल सेन्टर में हों दर्ज

# प्रबंध संचालक ने बिजली कंपनी के कॉल सेन्टर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी एक उपभोक्ता उन्मुखी कंपनी है और गुणवत्तापूर्ण निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ ही उच्च स्तर की उपभोक्ता सेवाएं प्रदान करना कंपनी की प्राथमिकता में शामिल है।

इसी दिशा में कंपनी के केन्द्रीयकृत कॉल सेन्टर में ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए कि उपभोक्ताओं से जुड़ी वह सभी शिकायतें कॉल सेन्टर में दर्ज हों जिनका उपभोक्ताओं को सामना करना पड़ता है। इससे एक ओर उपभोक्ताओं को बिजली दफ्तर में कम से कम आने की जरूरत पड़ेगी दूसरी ओर उपभोक्ता संतुष्टि में भी वृद्धि होगी। इससे कंपनी को लाभ मिलेगा।



प्रबंध संचालक ने किया निरीक्षण।

यह बात मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने गोविन्दुपरा स्थित मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के केन्द्रीय कॉल सेन्टर (1912) के निरीक्षण के दौरान कहीं। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक (वाणिज्य) सुधीर कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक (ओएंडएम) आरके अग्रवाल, महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) अभिषेक मार्तण्ड और अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## निजी अस्पताल संचालकों ने खोला मोर्चा, निकाला पैदल मार्च

# आयुष्मान योजना के नए नियम वापस नहीं लिए तो करेंगे जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयुष्मान भारत योजना के नियमों में हाल ही में किए गए बदलावों के विरोध में निजी अस्पताल संचालकों ने मोर्चा खोल दिया है। निजी अस्पताल संचालकों ने चेतावनी दी है कि अगर एक सप्ताह में नए नियमों को वापस नहीं लिया तो उग्र प्रदर्शन कर आयुष्मान कार्यालय का घेराव किया जाएगा। आयुष्मान योजना के नए नियमों के विरोध में निजी अस्पताल संचालकों ने जेपी अस्पताल से लेकर आयुष्मान भारत कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला और ज्ञापन सौंपा।

भारतीय जनता पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक विशाल सिंह बघेल एवं निजी अस्पताल संचालक जीशान अहमद ने बमाया



कि नए नियमों से मरीजों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वर्तमान में आयुष्मान कार्ड धारी मरीज अपने नजदीकी छोटे-बड़े किसी भी निजी अस्पताल में इलाज पा लेते थे, लेकिन अब उनकी पहुंच केवल गिने-चुने कार्पोरेट और एनएबीएच मान्यता प्राप्त अस्पतालों तक ही रह जाएगी।

## पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग, अब 29 को करेंगे शिक्षक बड़ी बैठक, सांसदों, विधायकों को भी सौंपे जाएंगे ज्ञापन

# शिक्षक पात्रता परीक्षा के आदेश के विरोध में प्रदेश भर में हुए प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता के आदेश लोक शिक्षण संचालनालय से जारी होने के बाद शिक्षक संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। आदेश के विरोध में शुक्रवार को प्रदेशभर में शिक्षकों द्वारा जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे गए। म.प्र. शासकीय शिक्षक संगठन के आव्हान पर राजधानी में कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। शिक्षकों ने कलेक्टर कार्यालयों के सामने रैली, नारेबाजी और प्रदर्शन कर सरकार से इस आदेश को तुरंत रद्द करने की मांग की।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अन्य राज्यों की तरह मध्यप्रदेश सरकार को भी शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करनी चाहिए। म.प्र. शासकीय शिक्षक संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष उपेन्द्र कौशल ने बताया कि फिलहाल सरकार से शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है। यदि एक सप्ताह के भीतर मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है, तो 29 मार्च को प्रदेश के सभी शिक्षक संगठनों की बैठक बुलाकर संयुक्त शिक्षक मोर्चा बनाया जाएगा और आगे बड़े आंदोलन की रणनीति घोषित की जाएगी। कौशल ने बताया कि 15 से 28 मार्च के बीच प्रदेशभर में सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों को भी ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

प्रदर्शन कर सरकार से आदेश को तुरंत रद्द करने की मांग की




शासकीय शिक्षक संगठन का प्रदर्शन।

### पूर्व विधायक ने लिखा सीएम-स्कूल शिक्षा मंत्री को पत्र

शिक्षकों के समर्थन में भाजपा के पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार ने मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री पत्र लिखकर कहा है कि लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश से भ्रम और व्यापक असंतोष की स्थिति बनी है। इससे शिक्षक समाज चिंतित और असुरक्षित महसूस कर रहा है तथा आंदोलन की ओर अग्रसर हो रहा है। पाटीदार ने मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री से आग्रह किया है कि इस मामले में संज्ञान लेते हुए संबंधित निर्देश को निरस्त किया जाए। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश और शिक्षा का अधिकार अधिनियम को ध्यान में रखते हुए शासन स्तर पर सकारात्मक पहल कर ऐसा मार्ग निकाला जाए, जिससे शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को किसी प्रकार की अपमानजनक प्रक्रिया से न गुजरना पड़े। आवश्यकता हो तो शिक्षा का अधिकार अधिनियम में संशोधन भी किया जाए। उन्होंने शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन के समर्थन की बात भी कही है।

### 'टीईटी' के नाम पर शिक्षकों को सेवा से निष्कासित किया तो करेंगे आंदोलन

वर्ष 2011 से पूर्व भर्ती हुए शिक्षकों के ऊपर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) आवश्यक करने के विरोध राष्ट्रीय कर्मचारी संघर्ष मोर्चा आंदोलन करेगा। संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय, राष्ट्रीय महासचिव श्याम सुंदर शर्मा, संरक्षक विजय सिंह ने बताया कि टीईटी की परीक्षा का नियम लागू करते हुए वर्ष 2011 में पहली बार टीईटी परीक्षा का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जबकि शिक्षा विभाग में अधिकांश शिक्षक वर्ष 2011 से पूर्व में व्यापमं परीक्षा व अन्य परीक्षाओं के माध्यम से शिक्षक के पद पर योग्य पाए जाने पर उनकी भर्ती शिक्षक के पद पर की गई थी। उस समय टीईटी परीक्षा का नियम और शर्तें लागू नहीं थी। शासन द्वारा निर्धारित योग्यता एवं व्यापम द्वारा ली गई शिक्षक परीक्षा में मेरिट के आधार पर योग्य एवं दक्ष अभ्यर्थियों को ही शिक्षक के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई थी। वर्ष 2011 से पूर्व जब टीईटी परीक्षा का नियम लागू ही नहीं था। तो फिर आज लंबे अरसे के बाद टीईटी परीक्षा का नियम अनिवार्य लागू करके सेवा से पृथक करने की धमकी देना शिक्षकों के मौलिक अधिकारों का हनन करने का प्रयास करना शिक्षकों के ऊपर सीधा कुठाराघात है। कर्मचारी संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर टीईटी परीक्षा को वापस लेने की मांग की है।




संघर्ष मोर्चे का प्रदर्शन।

### संघर्ष मोर्चा ने किया निर्णायक जंग का ऐलान

*राष्ट्रीय कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांण्डेय की अध्यक्षता में मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को प्रमुख अभियंता कार्यालय जल संसाधन विभाग के परिसर पर संपन्न हुई। जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि राष्ट्रीय कर्मचारी संघर्ष मोर्चा कर्मचारियों की समस्याओं का निदान होने तक निर्णायक जंग लड़ेगा। कर्मचारियों की प्रमुख मांगे एनपीएस पेंशन के स्थान पर पुरानी ओपीएस पेंशन प्रदान करने, कर्मचारियों के उच्च समयमान वेतनमान के प्रकरण का तत्काल प्रभाव से निराकरण करने, जल संसाधन विभाग में 20-25 वर्षों से एक ही कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी-अधिकारी को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित किया जाए।*



जवाहर चौक स्थित आरके गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडरों के लिए लगी उपभोक्ताओं की भीड़।



जहांगीराबाद स्थित सारा गैस एजेंसी पर सिलेंडरों के लिए पूछताछ करते उपभोक्ता।

### शुक्रवार को भी गैस एजेंसियों के बाहर घरेलू सिलेंडर के लिए लगी भीड़

# शहर में एक दिन में 7800 सिलेंडर की डिलीवरी, रोजाना होती है 9 हजार... दिनभर धरपकड़ में 683 अवैध सिलेंडर किए जब्त

**LPG संकट की आहट**

- **छह दिन से बंद पड़ा था इंडेन, एचपी एवं भारत कंपनी का बुकिंग सर्वर**
- **सर्वर क्रेश होने के बाद इंडेन कंपनी ने उपभोक्ताओं के लिए ऑफलाइन बुकिंग की शुरू**
- **भोपाल में अब भी छह दिन की बुकिंग का स्टॉक उपलब्ध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर शुक्रवार को अच्छी खबर आई। पिछले छह दिन से बुकिंग को लेकर परेशान हो रहे घरेलू गैस सिलेंडर के उपभोक्ताओं के लिए इंडेन कंपनी ने ऑफलाइन बुकिंग शुरु कर दी है। जिससे उपभोक्ताओं को दो से तीन दिन में सिलेंडर मिलने की उम्मीद बढ़ जाएगी। इधर गैस कंपनियों का दावा है कि शुक्रवार को 7 हजार 800 सिलेंडरों की डिलीवरी की गई है। हालांकि आम दिनों में 9 हजार से 10 हजार तक सिलेंडर डिलीवर किए जाते थे।

भोपाल में अब भी छह दिन की बुकिंग का स्टॉक मौजूद है। इधर सिलेंडरों की किल्लत को देखते हुए जिला प्रशासन की टीमों ने फील्ड में उतर अवैध सिलेंडरों के परिवहन करने पर एक दिन में करीब 600 सिलेंडर जब्त किए हैं।





बैरागढ़ स्थित ममता गैस एजेंसी के वाहनों से अवैध भंडारण और परिवहन करते सिलेंडर जब्त किए गए।

### कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई आवश्यक सेवाओं के लिए

वर्तमान में भोपाल गैस प्लांटों के पास छह दिन का स्टॉक मौजूद है। अपर कलेक्टर सुमित पांडे का कहना है कि घरेलू सिलेंडरों की बुकिंग और डिलीवरी का काम जारी है। कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई आवश्यक सेवाओं के लिए की जा रही है। लोग अफवाहों पर ध्यान दें। गैस सिलेंडर उपलब्ध है।

### बुकिंग संख्या के आधार पर ही संबंधित एजेंसी को सप्लाई किए जा रहे सिलेंडर

गैस कंपनियों ने पिछले छह दिनों में अपने सप्लाई सिस्टम में बदलाव किया है। जिसके तहत उपभोक्ताओं के बुकिंग वाले सिलेंडरों की संख्या के आधार पर ही संबंधित एजेंसी को सिलेंडर सप्लाई किए जा रहे हैं, हालांकि इसके पहले बीस फीसदी अतिरिक्त सिलेंडर दिए जाते थे। शुक्रवार को भी शहर की गैस एजेंसियों पर भीड़ रही। लोग सिलेंडरों की किल्लत को देखते हुए बुकिंग कराने एजेंसी पर पहुंच गए।

### 25 सिलेंडरों से भरी बोलेरो पिकअप पकड़ी

शुक्रवार को कोलार पुलिस ने 25 सिलेंडरों से भरी एक बोलेरो पिकअप वाहन को पकड़ा है। चालक से जब सिलेंडर को लेकर दस्तावेज मांगे गए तो वह दस्तावेज पेश नहीं कर सका। जिसके आधार पर वाहन और सिलेंडरों को जब्त कर लिया गया है।

### दो गैस एजेंसियों से सिलेंडर किए जब्त

गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच शुक्रवार को अफसरों की टीम ने दो जगह कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में सिलेंडर जब्त किए। जंबूरी मैदान स्थित विनीत गैस एजेंसी के गोदाम में निरीक्षण के दौरान 1574 सिलेंडर मिले, जिनका स्टॉक रजिस्टर से मिलान नहीं हो पाया। वहीं, गुफा मंदिर-लालघाटी स्थित ममता गैस एजेंसी पर छापे में तीन ट्रक और एक लोडिंग ऑटो से 658 सिलेंडर जब्त किए गए। एजेंसी यहां से अवैध भंडारण और वितरण कर रही थी।

### भोपाल में बंद हो सकते हैं कई होटल-रेस्टोरेंट

गैस की कमी का असर होटल और रेस्टॉरेंट कारोबार पर भी पड़ रहा है। प्रदेश में करीब 50 हजार होटल-रेस्टॉरेंट में गैस खत्म होने के कगार पर बताए जा रहे हैं। भोपाल में करीब 2 हजार होटल-रेस्टॉरेंट को पिछले चार दिनों में एक भी सिलेंडर नहीं मिला है, जिससे कमर्शियल सिलेंडरों की कालाबाजारी बढ़ गई है।

## ढाबा, रेस्टोरेंट में चाय-पराठा बंद, ट्रक डाइवरों को अब महंगा पड़ रहा खाना



होशंगाबाद स्थित दांगी दा ढाबा में बैठे ग्राहक।

### ढाबे वालों ने खान-पान सामग्री के दाम बढ़ाए



होशंगाबाद रोड पर ट्रक ड्राइवर दौलत मीणा ने बताया कि हमें पूरे भारत में चलना पड़ता है। कई राज्यों से होते हुए अपना माल पहुंचाना पड़ता है। ढाबे में खाने-पीने का असर दिखने लगा है। कई ढाबों में नॉनवेज आईटम बंद कर दिया है। वहीं कुछ ढाबों में खाने-पीने के दाम बढ़ा है।

### ढाबों पर मेन्यू में आइटम कम हुए



ट्रक ड्राइवर जाकिर हुसैन ने बताया कि जब से ढाबों पर मेन्यू में आईटम कम हुआ है। तब से 5 किग्रा वाला गैस टंकी लेकर चलते है, अभी ये आलम है कि छोटी पांच किलो वाली गैस टंकी भी कभी नहीं भरा पा जा रहे हैं। इससे भोजन की समस्या आ सकती है।

### ढाबों पर भोजन की कीमत बढ़ाई गई



होशंगाबाद रोड पर ट्रक ड्राइवर सूरज पाल ने बताया कि अभी कुछ-कुछ जगह पर खाने-पीने के दाम बढ़ाए गए हैं। अगले दो तीन दिनों में ढाबा मालिक खाना बंद कर सकते हैं। ढाबा मालिकों ने ट्रक ड्राइवरों से कहा है कि अपने भोजन की व्यवस्था लेकर चलें।

### कई आइटम मेन्यू से हटाने पड़े



होशंगाबाद रोड पर गैस की कमी का असर अब ढाबों के संचालन पर भी दिखाई देने लगा है। दांगी दा ढाबा के मालिक अभिषेक डांगे ने बताया कि वे थिंक गैस का इस्तेमाल करते हैं, जिसकी सप्लाई भी अगले दो दिन में बंद होने की संभावना है। इस गैस पर उनका करीब 40 हजार रुपए प्रतिमाह खर्च आता है। गैस की अनिश्चितता के कारण ढाबे में कई आइटम मेनू से हटाने पड़े हैं, जिससे ग्राहकों की संख्या भी कम हो गई है।

### बंद करना पड़ सकता है ढाबा



पाल द ढाबा के मालिक नरेंद्र सिंह पाल ने बताया कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की बुकिंग नहीं हो पा रही है। यही स्थिति रही तो अगले कुछ दिनों में ढाबा बंद करना पड़ सकता है। फिलहाल रोज एक सिलेंडर की खपत हो रही है, जबकि पहले दो से तीन सिलेंडर लगते थे। गैस संकट के कारण उन्होंने मेन्यू से चाय, कॉफी, तवा रोटी और आलू पराठा बंद कर दिए हैं। नॉनवेज में केवल चिकन ही बनाया जा रहा है। ढाबा संचालक अब डीजल भट्टी या हेवी इंडक्शन का विकल्प अपनाने की तैयारी कर रहे हैं।

### रसोई गैस की किल्लत की आशंका से एजेंसियों पर लंबी कतारें, ट्रक आते ही लोग लगा रहे दौड़

## लोग बोले- सिलेंडर के लिए सुबह से खड़े हैं, न खाना खाया है, न पानी पिया

- **ऑनलाइन बुकिंग बंद होने से लोग खाली सिलेंडर लेकर पहुंच रहे एजेंसियों पर**



भारत गैस एजेंसी पर लगी कतार।

शहर में रसोई गैस की कमी की खबरों के बीच कई गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। लोग अपने घरों से खाली गैस सिलेंडर लेकर एजेंसियों के बाहर लाइन लगाकर खड़े हैं। जैसे ही गोदाम से सिलेंडर से भरी गाड़ी पहुंचती है, लोग सिलेंडर लेने के लिए भीड़ लगा देते हैं। होशंगाबाद रोड स्थित एचपी गैस (20 हजार उपभोक्ता), भारत गैस (10 हजार उपभोक्ता) और इंडेन गैस एजेंसियां (14 हजार उपभोक्ता) शामिल हैं, जहां सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी रही। लाइन पर लगे लोगों का कहना है कि सुबह से खड़े हैं, न खाना खाया है, न पानी पिया है सिलेंडर का इंतजार में। लाइन में खड़े नीरज कुशवाहा ने कहा कि लोग सिलेंडर व बुकिंग करवाने के लिए भी लाइन में लग रहे हैं।

### लोग अफवाहों के कारण अनावश्यक रूप से घबराकर सिलेंडर लेने पहुंच रहे


गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि शहर में गैस की आपूर्ति पूरी तरह बंद नहीं हुई है। उनका कहना है कि लोग अफवाहों के कारण अनावश्यक रूप से घबराकर सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं, जिससे एजेंसियों पर भीड़ बढ़ रही है। कुछ एजेंसी मालिकों के अनुसार फिलहाल गैस सिलेंडर की डिलीवरी का अंतराल बढ़कर करीब 24 दिन तक हो गया है।




### कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई नहीं होने से विक्रेताओं के सामने रोजी-रोटी का पैदा हो सकता है संकट

## गैस की किल्लत से चटपटे फास्ट फूड और पारंपरिक व्यंजनों की दुकानें होने लगी बंद

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत से राजधानी की चौपाटियों पर नाश्ते की दुकानें बंद हो रही हैं, जिससे जनता और दुकानदार परेशान है। कई व्यापारियों ने सिर्फ इंडक्शन कुकर के सहारे चाय बनाई। दुकानदारों के सामने अब स्टॉल लगाने का संकट खड़ा हो गया है। दुकानदारों के अनुसार गैस नहीं मिलने से फिलहाल दो दिन से दुकानें बंद हैं। अगर जल्द सप्लाई सामान्य नहीं हुई तो परिवार के समक्ष रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा, क्योंकि स्टॉल ही परिवार का पेट पालने का एकमात्र साधन है। दुकानदारों ने कहा कि अस्थाई दुकानें होने से बिजली के चूल्हे या इंडक्शन का इस्तेमाल भी नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि इसके लिए अलग से बिजली कनेक्शन की जरूरत होगी। आम दिनों के मुकाबले भीड़ कम हैं। ग्राहकों के मन में डर है कि गैस संकट से उन्हें गरमा-गरम व्यंजन न मिल पाएं। गौरतलब है कि 6 नंबर स्टॉप, न्यू मार्केट, एमपी नगर, बागसेवानियां, शाहपुरा, शक्ति नगर, आनंदनगर, बरखेड़ा, पिपलानी स्थित समस्त फूड वेंडर्स (पोहा-जलेबी, चाट, डोसा, चाउमिन आदि बेचने वाले) और 2,000 से अधिक होटल-रेस्टोरेंट पर सीधा असर पड़ा है।



### भोपाल में कई रेस्टोरेंट और होटल संचालक इंडक्शन कुकिंग की ओर शिफ्ट

राजधानी में कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से कई होटल-रेस्टोरेंट में इंडक्शन का उपयोग होने लगा है तो शहर में कई चाय-नाश्ते की दुकानें अस्थाई रूप से बंद हो गईं। भोपाल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली के अनुसार शहर में 1500-2000 से ज्यादा होटल-रेस्टोरेंट हैं, जहां रोजाना 2000-2500 कमर्शियल सिलेंडर लगते हैं। अब गैस की आपूर्ति ठप होने से कुछ जगहों पर लकड़ी-कोयला चूल्हा या डीजल भट्टी का सहारा लिया जाने लगा है, लेकिन यह महंगा और असुविधाजनक है। रमजान और शादी-विवाह सीजन में कैटरिंग और इवेंट्स पर बड़ा और बुरा असर पड़ेगा, जिसके कई बुकिंग कैंसिल होने की आशंका है। सरकार से मांग है कि होटल, रेस्टॉरेंट, कॉलेज की कैंटीन को भी इमरजेंसी सेवा में शामिल किया जाए, क्योंकि भोपाल में ही करीब 2 लाख स्टूडेंट्स को यहां से भोजन मिलता है।

### कुछ कैटर्स कर रहे बुकिंग कैंसिल

भोपाल टेंट लाइट कैटर्स एसोसिएशन के चेयरमैन रिंकू भटेजा ने बताया कि 14 एवं 15 मार्च को भोपाल में 1500 से अधिक शादियां है। उस हिसाब से 1500 कमर्शियल सिलेंडर चाहिए। मगर यह उपलब्ध नहीं हैं। कुछ कैटर्स ने बुकिंग कैंसिल कर दी है।



टीलाजमालपुरा थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की

# नादरा बस स्टैंड से करोंद ई-रिक्शा में जा रही महिला के गले से 50 हजार रुपए की सोने की चेन चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नादरा बस स्टैंड से करोंद जा रही महिला की अज्ञात महिलाओं ने चेन चुरा ली। चोरी गई चेन की कीमत पचास हजार रुपए है। महिला ने घटना की शिकायत टीलाजमालुपरा थाने पहुंचकर की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सुशीला जाटव पति किशन जाटव (33) वालागंज, नर्मदापुरम थाना कोतवाली क्षेत्र में रहती हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि वह


फाइल फोटो

गृहणी है और बुधवार को नादरा बस स्टैंड से करोंद जाने के लिए ई रिक्शा में बैठी थी। बस स्टैंड से कुछ दूरी पर दो महिलाएं ई रिक्शा में सवार हुई। उन्होंने थोड़ी जगह देने का कहा। इसके बाद महिलाएं उनकी बगल में बैठ गई। दोनों महिलाएं काजीकैंप मस्जिद के पास उतर गई। उस समय करीब शाम के चार बज रहे थे।

सुशीला ने गले पर हाथ लगाया तो चेन नहीं थी। सुशीला ने ई रिक्शा में चेन तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सुशीला ने बताया कि चोरी गई चेन की कीमत पचास हजार रुपए है। उसे संदेह है कि ई रिक्शा में सवार हुई महिलाओं ने उसकी चेन चुराई है।

## प्रतापगढ़ एक्सप्रेस में बुजुर्ग का लाखों का सामान चोरी

प्रतापगढ़ एक्सप्रेस में रायबरेली से भोपाल की यात्रा कर रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति का लाखों रुपए कीमत का सामान चोरी हो गया। जीआरपी ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार शिव बहादुर यादव (70) रातीबड़ भोपाल में रहते हैं। पिछले दिनों वह अपनी पत्नी के साथ प्रतापगढ़ एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में रायबरेली से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। उन्होंने अपना बैग और सामान सीट के नीचे रखे था।

लखनऊ आने से पहले दंपति अपनी-अपनी सीट पर सो गए थे। भोपाल पहुंचने से कुछ समय पहले नींद खुली तो सीट के नीचे रखा उनका बैग चोरी हो चुका था। चोरी गए बैग में सोने की झुमकी, सोने के कान के टाप्स, सोने की मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी और कपड़े समेत करीब 1 लाख 65 हजार का सामान रखा हुआ था। इसी प्रकार बीमाकंज कोलार रोड निवासी रानी समदेले (41) इंटरसिटी एक्सप्रेस में गाडरवारा से रानी कमलापति की यात्रा कर रही थी। इस दौरान उन्होंने अपना लेडीज पर्स साईड वाली बर्थ पर रखा था। सफर के दौरान उन्हें झपकी लग गई, तभी किसी ने पर्स चोरी कर लिया। चोरी गए पर्स के अंदर 7 हजार रुपए नगद, एक मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, समेत करीब 22 हजार का सामान रखा हुआ था।

28 मार्च तक ऑनलाइन कर सकेंगे आवेदन

## आरटीई के तहत स्कूलों में प्रवेश के लिए पहले दिन पहुंचे 22 हजार आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन शुक्रवार को शाम 6:30 बजे तक 22 हजार से अधिक आवेदन पहुंचे हैं।

राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने कहा कि पहले ही दिन इतनी बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होना अभिभावकों में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। आवेदन की संख्या और बढ़ने की संभावना है। सत्र 2026-27 के लिए आरटीई के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक अभिभावक बेवसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। 14 मार्च से 30 मार्च 2026 के बीच आवेदनों के साथ संलग्न दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केंद्र वाले स्कूल में अधिकृत अधिकारी द्वारा किया जाएगा। पात्र आवेदकों का चयन 2 अप्रैल 2026 को पारदर्शी ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### यूजीसी के विरोध में ब्राह्मण संसद सवर्ण क्रांति आंदोलन

**भोपाल।** यूजीसी के विरोध में राजधानी भोपाल में ब्राह्मण समाज सहित सवर्ण समाज बड़ा आंदोलन करने जा रहा है। इस आंदोलन का उद्देश्य समाज के अधिकारों और युवाओं के भविष्य की रक्षा करना बताया गया है। ब्राह्मण संसद का आयोजन भोपाल के लाल मैदान, खुशिलाल आयुर्वेदिक अस्पताल के पास, नेहरू नगर में रविवार, 15 मार्च, सुबह 11 बजे से होगा। ब्राह्मण रेजीमेंट भोपाल द्वारा आयोजित इस आंदोलन में कहा गया है कि सवर्ण समाज को वर्तमान सरकार की नीतियों, आरक्षण और एट्रोसिटी एक्ट जैसे कानूनों के कारण प्रताड़ित किया जा रहा है। आंदोलन के माध्यम से सरकार को चेतावनी देने और युवाओं के भविष्य की रक्षा करने का संदेश देना है।

### मुख्यमंत्री ने पारस कुंवर बाई पटवा के निधन पर जताया शोक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा की पूज्य माताजी श्रीमती पारस कुंवर बाई पटवा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने देवादिदेव महादेव से पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिजन को इस असीम दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को मिला बेस्ट स्कूल का अवॉर्ड

**औबेदुल्लागंज।** नगर के ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को एजुकेनेक्शन द्वारा 'बेस्ट स्कूल अवॉर्ड 2025–26' (एक्सीलेंस इन एजुकेशन ) से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भोपाल के 2,397 विद्यालयों में उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य के लिए प्रदान किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन, अभिभावकों के विश्वास एवं शुभचिंतकों के सहयोग को दिया है।

### खंडेलवाल की पुत्री के निधन पर दी श्रद्धांजलि



**औबेदुल्लागंज।** भजापा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल की सुपुत्री सुरभि खंडेलवाल के निधन के बाद उनके निवास शोक संवेदनाएं व्यक्त करने कई लोग पहुंचे। मध्यप्रदेश भाजपा मछुआरा समाज के वरिष्ठ पूर्व मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. कैलाश विनय, औबेदुल्लागंज कृषि स्थाई समिति के सभापति जनपद सदस्य माधवराव नानकर, बाबूलाल चौहान, रामकिशोर चौहान तामोट, मछुआरा समाज भाजपा नर्मदापुरम के अध्यक्ष निषादराज हरीश केवट, औबेदुल्लागंज और तामोट के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैतूल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 0516 | | |
| दिनः | 335 | 15 | 230 |
| रातः | 177 | 58 | 378 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 238 | 36 | 240 |
| रातः | 669 | 13 | 788 |

बैरसिया-भोपाल सड़क तरावली जोड़ के पास हुआ हादसा

# महादेव ट्रैवल्स की बस ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर, दोनों की मौत

- टक्कर लगने से दंपती उछल कर झाड़ियों में जा गिरे
- हादसा किसी वाहन को ओवरटेक करते समय हुआ
- हादसे के बाद बस चालक बस छोड़कर मौके से भाग निकला


हादसे के बाद सड़क किनारे झाड़ियों में घायल बाइक सवार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित तरावली जोड़ के पास शुक्रवार सुबह महादेव ट्रैवल्स की बस ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दंपती उछल कर झाड़ियों में जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने चेक करने पर मृत घोषित कर दिया। हादसा किसी वाहन को ओवरटैक करते समय हुआ।

दरअसल, बस ने वाहन को ओवरटैक किया था, तभी सामने से आ रही बाइक सवार को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद बस चालक बस छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने बस जब्त कर ली है। पुलिस के अनुसार मोहर

- गुरुवार सुबह दंपती बाइक से नंदगांव बैरसिया जाने के लिए निकले थे
- पुलिस बस जब्त कर आरोपी चालक की तलाश में जुट गई

सिंह रैकवार (49) मनीखेड़ी गुनगा में रहते थे और मजदूरी करते थे। गुरुवार सुबह वह पत्नी उमाबाई रैकवार (43) के साथ बाइक से नंदगांव बैरसिया जाने के लिए निकले थे। नंदगांव बैरसिया में उनकी रिश्तेदार रहते हैं। दंपती बाइक से तरावली जोड़ से कुछ आगे भोपाल रोड पर पहुंचे थे, तभी भोपाल से बैरसिया की तरफ जा रही महादेव ट्रैवल्स की बस ने मोहर सिंह की बाइक को सामने से



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बस।

टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का बंफर चिपट गया, जबकि बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई थी। बाइक सवार मोहर सिंह और उनकी पत्नी उमाबाई को गंभीर चोट आई थी। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### शराब के लिए अड़ीबाजी, ट्रैक्टर में आग लगाई

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित फंदा गांव में शराब के लिए अड़ीबाजी कर रहे युवक ने ट्रैक्टर की डीजल की नली निकालकर माचिस से आग लगा दी। देखते ही देखते ट्रैक्टर धूं-धूं कर जल गया। घटना 11 मार्च की रात की है। फरियादी ने घटना की शिकायत थाने पहुंचकर की। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी के खिलाफ आगजनी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार धर्मेन्द्र मेवाड़ा (30) ग्राम फंदा कलां खजूरी सड़क में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वे भूसा खरीदकर बेचने का काम करते हैं। उनके पास सात आठ युवक काम पर लगे हैं, जो ट्रॉली में भूसा भरते हैं। गत दिनों आकाश मेवाड़ा को वह भूसा भरने ले गए थे। इस दौरान आकाश ने शराब पी ली और साथ में भूसा भरने वाले लोगों को भला बुरा कहने लगा। बुधवार शाम आकाश धर्मेंद्र मेवाड़ा के पास गया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। धर्मेंद्र ने उसे पैसे देने से इंकार कर दिया। रात करीब साढ़े दस बजे आकाश उनके घर बाहर खड़े ट्रैक्टर में इंजन में लगा डीजल पाइप निकालकर आग लगा दी।

# नूर महल रोड पर इलेक्ट्रीशियन पर चाकू से किया जानलेवा हमला, 5 वार किए

आरोपी पुराने केस में समझौता करने का बना रहे थे दबाव

- चाकू से हुए हमले से सिर, हाथ, पैर और कमर में आए गंभीर घाव
- इलेक्ट्रीशियन की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित नूरमहल रोड पर दो बदमाशों ने इलेक्ट्रीशियन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इलेक्ट्रीशियन को सिर, हाथ पैर और कमर में पांच जगह चाकू के गहरे घांव लगे हैं। उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। हमले की वजह पुरानी रंजिश की बात सामने आई है।


अस्पताल में इलाज करवाता घायल।

आरोपी, तलैया इलाके में पहले कभी हुए विवाद में इलेक्ट्रीशियन को समझौता करने दबाव बना रहे थे।

पुलिस ने इलेक्ट्रीशियन की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दिया। पुलिस के अनुसार मोहम्मद अल्ताफ राजा (25) जवाहर, कॉलोनी, ऐशबाग में रहता है और इलेक्ट्रीशियन का काम करता है। उस पर पूर्व में अपराध दर्ज है। मोहम्मद अल्ताफ का तलैया इलाके में फैजान और अमन से पहले कभी विवाद हुआ था। विवाद में मोहम्मद अल्ताफ की तरफ से शिकायत दर्ज हुई थी। फैजान और अमन अल्ताफ पर दबाव बना रहे थे कि पुराने अपराध में समझौता कर लो। इधर अल्ताफ समझौता नहीं करना चाहता था। गुरुवार दोपहर अल्ताफ घर से बाइक लेकर नूरमहल रोड गया था। उसे बाइक की सर्विसिंग करानी थी। इसी दौरान उसका सामना फैजान और अमन से हो गया। आरोपियों ने उसे रोक लिया और पुराने विवाद में समझौता करने की बात कहने लगे। अल्ताफ ने उन्हें समझौता करने से मना किया तो आरोपी भड़क गए और चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

# पारदी दंपती हत्याकांड मामले में पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे सहित 14 आरोपी दोषमुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैतूल जिले के चौथिया गांव तहसील मुलताई में 11 सितंबर 2007 को हुए बोंदरू पारदी और उसकी पत्नी की हत्या के मामले में राजधानी के विशेष न्यायाधीश (एमपी और एमएलए) कोर्ट स्वयं प्रकाश दुबे के न्यायालय ने कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्री और विधायक सुखदेव पांसे सहित 14 आरोपियों को प्रकरण प्रमाणित न पाए जाने पर दोषमुक्त कर दिया है। अभियोजन के अनुसार 11 सितंबर 2007 को बैतूल में आक्रोशित भीड़ ने पारदियों के घर जलाकर बोंदरू पारदी और उसकी पत्नी की हत्या कर दी थी। पुलिस ने तत्कालीन कांग्रेस नेता सुखदेव पांसे, राजा पंवार, कचरू सरपंच, सुरेश सरपंच, विजय डॉक्टर, संदीप साबले, उमेश डांगे और डीएस साकल्ले समेत 16 आरोपियों के खिलाफ बलवा और हत्या का मामला दर्ज किया था।

ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

# जमीनी स्तर पर विकास कार्यों को गति देने प्रस्फुटन समितियों की अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर योजना अंतर्गत प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के तहत सेक्टर औबेदुल्लागंज में नवांकुर संस्था आंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर सखियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण बस स्टैंड स्थित पत्रकार सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, नायब तहसीलदार नीलेश सरवटे, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार नंदवंशी, पार्षद सुजित यादव, पूर्व पार्षद आरती यादव, वन



विभाग के अधिकारी, ब्लॉक समन्वयक निशा बहेकार, कार्यक्रम समन्वयक सुनील सेरिया ने किया।

संभाग समन्वय ने बताया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का मुख्य उद्देश्य शासन और समाज के बीच सेतु बनकर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। परिषद् 9 मुख्य विषयों- जल, शिक्षा, नशामुक्ति, स्वास्थ्य, पर्यावरण, स्वच्छताए ऊर्जा, कृषि उद्यमिता, सामाजिक समरसता, पर प्रस्फुटन समितियों और नवांकुर संस्थाओं एवं नवांकुर सखियों के माध्यम से जमीनी स्तर पर विकास कार्यों को गति देती है।

### जीएमसी में लूकोमा और डायबिटिक रेटिनोपैथी की जांच के लिए स्क्रीनिंग कैंप आज

**भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के नेत्र रोग विभाग द्वारा शनिवार 14 मार्च को ग्लूकोमा और डायबिटिक रेटिनोपैथी की जांच के लिए विशेष स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नेत्र रोग विभाग में लगेगा। इसमें आने वाले लोगों की आंखों की निःशुल्क जांच की जाएगी, ताकि इन गंभीर बीमारियों की शुरुआती अवस्था में पहचान कर समय पर इलाज शुरू किया जा सके।

जीएमसी डीन डॉ कविता एन सिंह ने बताया कि यह शिविर 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए है, क्योंकि इस उम्र के बाद ग्लूकोमा और डायबिटिक रेटिनोपैथी का खतरा बढ़ जाता है। जीएमसी के नेत्र विभाग की एचओडी डॉ. कविता कुमार के अनुसार इस रोग से बचने का सबसे प्रभावी तरीका समय पर जांच कराना है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति की आयु 40 वर्ष से अधिक है, उसे मधुमेह है, चश्मे का नंबर बार-बार बदल रहा है या परिवार में किसी को यह बीमारी रही है, तो तुरंत ग्लूकोमा की जांच करानी चाहिए।

# रमजान के चौथे जुमे पर युवाओं ने कराया रोजा इफ्तार, बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

जामा मस्जिद में बड़ी तादाद में मुस्लिम समाज के लोगों ने अदा की नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

रमजान माह के चौथे जुमे पर नगर की जामा मस्जिद मुनव्वरी में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज़ अदा की। जामा मस्जिद में ईमाम हाफिज नदीम साहब ने नमाज अदा कराई एवं जकात को फतिरा अदा करने विशेष बनाए दिए। रमजान माह में जकात का बहुत महत्व है, क्योंकि इस पाक महीने में नेकियों का सवाब (पुण्य) 70 गुना बढ़ जाता है। यह हर उस बालिग, समझदार (जिसके पास एक निश्चित सीमा 87.48 ग्राम सोना या 612.36 ग्राम चांदी के बराबर दौलत हो) जिसके पास एक साल से यह धन सुरक्षित हो। यह साल की बचत का 2.5% है, उसे रमज़ान में दान करना चाहिए।

जकात का महत्वः दोगुना सवाबः रमज़ान में जकात देने से 70 गुना ज्यादा पुण्य मिलता है। इसलिए लोग अक्सर इस महीने में जकात



निकालते हैं। आर्थिक संतुलनः यह गरीबों और जरूरतमंदों को ईद की खुशियों में शामिल करने का जरिया है। रमजान के चौथे जुमे पर कस्बे के नौजवानों ने मिलकर गौहरगंज रोड पर रोजा अफ्तार का आयोजन किया, जिसमें सभी नगर व आस-पास के गांवों के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर राजा सिद्दीकी, असलम मास्साब, असलम सिद्दीकी, सलीम बाबा, अफजाल, गुड्डू, अमीर ममनून, महफूज, मेहमूद, अफसर, नवाब हुसैन, उप सदर सलीम, आसिफ पठान, आमीन, राशिद, नफीस खान आदि लोग शामिल हुए।

साइबर क्राइम ब्रांच ने आरोपी को राजगढ़ से गिरफ्तार किया

# टेलीग्राम पर ग्रुप बनाकर 10वीं-12वीं के पेपर देने का दिया झांसा, छात्रा से डलवा रहे थे रुपए

- ग्रुप पर बार कोड भेजकर 500 और 1000 रुपए वसूल रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने टेलीग्राम पर ग्रुप बनाकर 10वीं, 12वीं के छात्रों को पेपर बेचने वाले आरोपी जालसाज को गिरफ्तार किया है। आरोपी टेलीग्राम ग्रुप पर एमपी बोर्ड पेपर लीक नाम से आईडी बनाकर छात्रों से ठगी कर रहा था। उसने ग्रुप पर बार कोड भी डाल रखा था, जिसके माध्यम से



पेपर मुहैया कराने का झांसा देकर 500 से 1000 रुपए तक की रकम वसूल रहा था। बदले में आरोपी सेंपल पेपर भेज रहा था। आरोपी को राजगढ़ से गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी ने छात्र-छात्राओं को झांसे में लेने टेलीग्राम ग्रुप पर बनाई आइडी पर माध्यमिक शिक्षा मंडल के लोगो (मोनो) तक लगा लिया था। साइबर क्राइम के अनुसार सूचना मिली थी कि टेलीग्राम पर कोई एमपी बोर्ड पेपर लीक नाम से आईडी बनाकर बोर्ड परीक्षा के पेपर देने का दावा कर रहा है। पुलिस तकनीकी जांच की तो पता चला कि आईडी पर माध्यमिक शिक्षा मंडल का लोगो लगा है और उसमें बार कोर्ड शेयर किया गया है। पुलिस ने तकनीकी जांच के बाद टेलीग्राम पर ग्रुप बनाने वाले आरोपी अरुण मालवीय पिता घनश्याम मालवीय (22) निवासी खुजनेर, जिला राजगढ़ को गिरफ्तार कर लिया।

### 11वीं तक पढ़ा है आरोपी पुलिस कर रही पूछताछ

आरोपी खुद 11वीं कक्षा तक पढ़ा है। उसने स्वीकार किया कि ग्रुप बनाकर वह पेपर लीक करने का झांसा देकर सेंपल पेपर 10वीं और 12वीं के छात्र छात्राओं को बेच रहा था। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। साथ ही उसके अकाउंट की जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि पता लगाया जा सके कि अब तक वह कितने छात्र छात्राओं से अकाउंट में पैसे डिपाजिट करा चुका है।

# विधायक सुरेंद्र पटवा की माता का निधन, विस क्षेत्र में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा की पूज्य माताश्री पारस कुंवर बाई पटवा का निधन शुक्रवार सुबह हो गया। उनकी माताश्री भले ही भौतिक रूप से इस संसार में नहीं हैं, पर उनके संस्कार, शिक्षाएं और उनका आशीर्वाद सदैव सुरेंद्र पटवा और उनके परिवार के साथ हैं। विधायक पटवा की माता के निधन की खबर मिलते ही पूरे विधानसभा क्षेत्र में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को उनके गृहग्राम कुकड़ेश्वर, जिला नीमच में किया गया। इनका उठावाना एवं शोक निवारण 14 मार्च को दोपहर 12 बजे किया जाएगा।


पारस कुंवर बाई पटवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मंत्री एवं विधायक मध्य प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष प्रभु राम चौधरी, पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, भोजपुर क्षेत्र


विधायक सुरेंद्र पटवा माताश्री को मुखाग्नि देते हुए।

के वरिष्ठ कन्हैया नंदवंशी, डॉ. कैलाश विनय, विद्या अग्रवाल, अशोक मित्तल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष ओपी मीणा, नरेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, जेपी शर्मा, माधव यादव, गजेंद्र नागर, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रूपेश चौहान, रामपाल, बाबूलाल, रामकिशोर चौहान, कोमल चौहान तामोट, पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज चौरसिया, दीपू परमार, बागिश अग्रवाल, गजेंद्र नागर, सर्वेश गौर, राजेंद्र गुड्डू साहू, रामकिशोर नंदवंशी, जीतू नंदवंशी, व्यापार महासंघ सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया।

# सुरों में सूफियाना रंग, जायकों में नवाबी अंदाज, 'जाम-ए-अवध' में चखा शाही स्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तेरे वास्ते मेरा इश्क सूफियाना, कुन फाया, छाप तिलक सब छनी, भर दे झोली मेरी आज... जैसे सूफियाना गीतों के साथ जब अवधी क्यूज़ीन का जायका स्वाद प्रेमियों ने लिया तो शाम की रंगत और भी निखर गई... अवधी क्यूज़ीन के साथ सूफियाना नाइट का आयोजन किया आईएचएम के 'सागारा 3.0 - जाम-ए-अवध' में। जिसमें फर्स्ट ईयर, सेकंड ईयर और फाइनल ईयर स्टूडेंट ने जहां अवधी क्यूज़ीन की एक से बढ़कर एक डिशेज बनाकर स्वाद प्रेमियों का दिल जीत लिया तो वहीं गीतों की प्रस्तुति ने शहर वासियों का दिल जीत लिया।

**आईएचएम के 'सागारा 3.0 - जाम-ए-अवध' में सजी सूफियाना नाइट**

**सूफियाना गीतों संग नवाबी खानपान की महफिल ने जीता दिल**




सूफियाना नाइट में गीतों की प्रस्तुति देते हुए।

### नवाबी खानपान का चखा खास स्वाद

जाम-ए-अवध में परोसे गए अवधी व्यंजनों ने मेहमानों को नवाबी खानपान का खास स्वाद चखाया। गलौटी कबाब, पनीर दो प्याजा, माही-ए-गुलफाम, मुर्ग टिक्का लहसुनी और मुर्ग बन्नो कबाब जैसे लजीज पकवानों की खुशबू और जायका हर किसी को लखनऊ की शाही रसोई की याद दिला गया। पारंपरिक मसालों और धीमी आंच पर तैयार किए गए इन व्यंजनों में अवधी क्यूज़ीन की नफासत और समृद्ध स्वाद का संगम देखने को मिला, जिसने आयोजन को खास बना दिया।



### शाही संस्कृति की दिखी झलक

अवधी क्यूज़ीन के साथ साथ इस फूड फेस्टिवल में मॉकटेल्स और कॉकटेल्स की भी ढेरों वैरायटी मौजूद थीं। गुलाब, नींबू, पुदीना, अदरक और शहद जैसे प्राकृतिक स्वादों से तैयार इन मॉकटेल्स की हर घूंट में अवध की शाही संस्कृति की झलक और ताज़गी का खास एहसास कराया।

### मुंह में पानी लाने वाला स्वाद

जहां एक ओर पाया शोरबा, टमाटर धनिया शोरबा, गलौटी कबाब,पनीर दो प्याजा, माही-ए-गुलफाम, मुर्ग टिक्का लहसुनी, मुर्ग बन्नो कबाब के साथ अवधी शैली में तैयार चिकन कबाब जैसे मुंह में पानी लाने वाले अवध की शाही डिशेज का लुत्फ उठाया जा रहा था, तो वहीं सूफियाना महफिल ने सागारा के इस आयोजन में चार चांद लगा दिए।

---

**'अभिरंग' के मंच पर थिरके कदम, सोलो और ग्रुप डांस में छात्राओं ने मनवाया प्रतिभा का लोहा**

# मंच पर दी 'मिनी इंडिया', 'ऑपरेशन सिंदूर' संग 'द सेवन सेनोरिटास' की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नैन से नैनों को मिला..., देसी गर्ल्स..., अग्नि..., ऑपरेशन सिंदूर...., साउथ बीट्स..., वीर मराठा... और द सेवन सेनोरिटास... जैसे गीतों पर थिरकते कदमों ने दर्शकों को हतप्रद कर दिया। जहां एक ओर मंच पर ग्रुप डांस प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स अपने भीतर छिपी प्रतिभा का प्रदर्शन करते नजर आए तो वहीं सोलो डांस में देशभक्ति संग बालीवुड रीमिक्स का तड़का लगा। मिनी इंडिया के रुप को साकार करती सोलो और ग्रुप डांस प्रस्तुतियों का स्वागत दर्शकों ने तालियों और सीटियों की गूंज से किया। लगभग 11 टीमों ने जहां ग्रुप डांस में देशभक्ति का संदेश दिया, तो वहीं दो दर्जन स्टूडेंट्स ने सोलो डांस से बालीवुड हिट्स की झलक दिखाई। सोलो और ग्रुप डांस से सजा यह नजारा देखने को मिला महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के वार्षिक उत्सव 'अभिरंग' में, शुक्रवार को आयोजित इन प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपने हुनर का परिचय दिया तो वहीं स्पोर्ट्स रूम में शतरंज और कैरम की बिसात पर छात्राओं की रणनीति प्रदर्शित की।




### लोक, शास्त्रीय और बॉलीवुड फ्यूजन डांस फार्म रहे खास

सोलो डांस में छात्राओं ने लोक, शास्त्रीय और बॉलीवुड फ्यूजन डांस फार्म के जरिए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं ग्रुप डांस में प्रतिभागियों के बीच बेहतरीन तालमेल और ऊर्जा देखने को मिली। इन प्रस्तुतियों में देश की विविध सांस्कृतिक झलक के साथ साथ नृत्य के प्रति छात्राओं की ललक भी स्पष्ट नजर आई। जहां सोलो डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कनिष्का यादव एवं द्वितीय स्थान मीनाक्षी नागपुरे को मिला तो वहीं ग्रुप डांस में सेवन सेनोरिटास ग्रुप प्रथम आया।



## 'मेरा भोपाल स्वच्छ भोपाल' दर्शाते फोटोग्राफ के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती रंगोली प्रतियोगिता

**एसवी पॉलिटेक्निक में हॉबी क्लब अंतर्गत फोटोग्राफी एवं रंगोली प्रतियोगिता का किया आयोजन**

एसवी पॉलिटेक्निक कॉलेज में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव शंखनाद-2026 में हॉबी क्लब के अंतर्गत फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में 'मेरा भोपाल स्वच्छ भोपाल' और 'मेरा महाविद्यालय' विषयों पर विद्यार्थियों ने फोटोग्राफ बनाए। मेरा भोपाल स्वच्छ भोपाल श्रेणी में कीर्ति मानिकपुरी ने प्रथम स्थान और असमा नकवी ने द्वितीय स्थान हासिल किया।गणेश आकृति, प्रकृति और ग्रामीण जीवन को दर्शाती रंगोली

रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक अभिव्यक्ति से सभी को प्रभावित किया। प्रतिभागियों ने भगवान गणेश की आकृति, प्रकृति और ग्रामीण जीवन, नदी-पेड़-पौधों तथा आध्यात्मिक प्रतीकों पर आधारित आकर्षक रंगोलियां बनाकर दर्शकों व शिक्षकों की खूब वाह वाही लूटी। भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और सकारात्मकता का संदेश देती रंगोली प्रतियोगिता में दिव्या लोधी प्रथम व परी सोनी द्वितीय स्थान पर रहीं।



**शौर्या श्रीवास्तव एवं अदिति परिवार ने दी प्रस्तुति**



# गांधी भवन में राष्ट्रीय बैले नाट्य समारोह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अर्घ्य कला समिति द्वारा अर्घ्य प्रेक्षागृह, गांधी भवन में राष्ट्रीय बैले नाट्य समारोह का शुभारंभ गुरुवार से हुआ। तीन दिवसीय इस आयोजन के प्रथम दिन शिखर सम्मान से सम्मानित भारती होम्बल की शिष्याओं शौर्या श्रीवास्तव एवं अदिति परिवार द्वारा भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति की शुरुआत उन्होंने भरतनाट्यम का पवित्र, आरंभिक और आहावनात्मक भाग पुष्पांजलि से की, जिसका मूल अर्थ है फूलों का अर्पण। इसके बाद नृत्यांगनाओं ने अलारिपु की मनभावन प्रस्तुति दी। अलारिपु, भरतनाट्यम का पहला नृत्य माना जाता है, जो तमिल शब्द से बना है, जिसका अर्थ है खिलना या प्रस्फुटित होना। नर्तकी के शरीर और मन के जागरण के प्रतीक के रूप में अलारिपु ने दर्शकों की खूब तालियां बंटोरी।

**अलारिपु ने दर्शकों की खूब तालियां बंटोरी**



### श्री कृष्ण लीला पर आधारित 'पदम-पदम'

प्रस्तुति की अगली कड़ी में उन्होंने भरतनाट्यम का भाव प्रधान अंग 'पदम-पदम' को प्रस्तुत किया, जिसमें दर्शाया कि भगवान श्रीकृष्ण को मां यशोदा बुला रही है और पूछती हैं हे कृष्ण तुम घर क्यूं नहीं आ रहे हो। मैंने तुम्हारे लिए ताजा दूध, मक्खन रखा है। एक से बढ़कर एक भाव और लय प्रधान नृत्य की इस श्रृंखला में उन्होंने अम्मा निम्मा को प्रस्तुत किया, जो श्री कृष्ण की लीला को दर्शाता है। वहीं अपनी प्रस्तुति का समापन श्री रामबंद्र से किया। गोस्वामी तुलसीदास कृत श्री राम चंद्र कृपाल भजमन.... पर नृत्यांगनाओं ने नृत्य प्रस्तुत किया, जिसका स्वागत दर्शकों ने करातल ध्वनि से किया।

---


## देवलिया स्मृति व्याख्यान आज, देवलिया सम्मान से दीप्ति चौरसिया होंगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य स्तरीय भुवनभूषण देवलिया पत्रकारिता सम्मान अलंकरण समारोह एवं व्याख्यान शनिवार 14 मार्च को माधवराव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय एवम शोध संस्थान में सुबह 11 बजे से होगा। समारोह की मुख्य अतिथि महापौर मालती राय होंगी। व्याख्यान का विषय है- पत्रकारिता में महिलाओं की चुनौतियां। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार जयंती रंगनाथन होंगी। समारोह की अध्यक्षता निराला सृजन पीठ की निदेशक डॉ. साधना बलवटे करेंगी। सम्मान से वरिष्ठ पत्रकार दीप्ति चौरसिया को अलंकृत किया जाएगा। भुवनभूषण देवलिया स्मृति व्याख्यानमाला समिति के अशोक मनवानी ने बताया कि यह समिति का 15वां वार्षिक आयोजन है। इस वर्ष का आयोजन नारी सशक्तिकरण को समर्पित है। मंच पर मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता, अध्यक्षता, सम्मानित पत्रकार, विषय प्रवर्तक, मंच संचालन महिलाएं ही करेंगी। मनवानी ने बताया कि व्याख्यान मौजूदा समय के सर्वाधिक चर्चित मुद्दे या पत्रकारिता के लिए महत्वपूर्ण विषय पर केंद्रित होता है। इस अवसर समिति राज्य स्तरीय भुवनभूषण देवलिया पत्रकारिता सम्मान अलंकरण में सम्मान स्वरूप 11 हजार रुपए एवं प्रशस्तिपत्र प्रदान करती है। पत्रकारों का यह आयोजन पत्रकारों और पत्रकारिता के लिए मंच प्रदान करता है।


जयंती रंगनाथन


दीप्ति चौरसिया



## एनआईडी एमपी में राष्ट्रीय डिजाइन सम्मेलन का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी एमपी) ने अंतर्दृष्टि, समावेशन और नवाचारों पर द्वितीय राष्ट्रीय डिजाइन सम्मेलन का सफलतापूर्वक शुक्रवार को किया। दो दिवसीय सम्मेलन में देश भर से शिक्षाविद, शोधकर्ता, डिजाइन पेशेवर, उद्योग विशेषज्ञ, उद्यमी और छात्र समकालीन डिजाइन प्रथाओं और अनुसंधान पर सार्थक चर्चा के लिए एकत्रित हुए। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि आईजीआरएमएस के निदेशक, प्रोफेसर डॉ. अमिताभ पांडे ने किया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) की निदेशक डॉ. विद्या राकेश ने की। सम्मेलन का एक प्रमुख आकर्षण भविष्य के लिए भारत में डिजाइन शीर्षक से पैनल चर्चा थी।

**समाज में छिपे विभिन्न चेहरों और मानवीय संबंधों की जटिलताओं को प्रस्तुत किया**

## रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में चर्चित नाटक 'चेहरे' का किया मंचन, लोगों ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में पीपल्स थिएटर ग्रुप की ओर से प्रसिद्ध नाटककार डॉ. शंकर शेष द्वारा लिखित चर्चित नाटक 'चेहरे' का मंचन किया गया। नाटक में निर्देशन सिंधु धौलपुरे का रहा। 'चेहरे' के माध्यम से समाज में छिपे हुए विभिन्न चेहरों और मानवीय संबंधों की जटिलताओं को बेहद संवेदनशील और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस नाटक में दिखाया कि समाज में हर व्यक्ति अपने घिनौने और खूंखार चेहरे को छिपाने के लिए अपनी सुविधा व परिस्थिति अनुसार बनावटी मुखौटे पहनता है,और दूसरों पर कीचड़ उछालना नहीं भूलता। इन्हीं मुखौटों के पीछे छिपे असली चेहरे को दिखाने की कोशिश नाटक में की गई। यह नाटक में समाज में मौजूद उन कई परतों को उजागर करता है, जिन्हें लोग अक्सर अपने भीतर छिपाकर रखते हैं। नाटक में दिखाया कि प्रेमी युगल फिल्मों में काम करने का सपना लेकर मुंबई जा जाता है और फिर उन्हें समाज का असली चेहरा नजर आता है।



---

**आज सम्मानित होंगी उत्कृष्ट महिलाएं**

## रविंद्र भवन में दो दिवसीय मध्यभारत प्रांत अधिवेशन का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविंद्र भवन, हंसध्वनी सभागार में विश्वमांगल्य सभा मध्य भारत प्रांत द्वारा दो दिवसीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। विश्वमांगल्य सभा, मातृ संस्कार समागम के उद्घाटन पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री कृष्णा गौर, डॉ. अनुराधा यादव राष्ट्रीय संयोजिका जनप्रतिनिधि परिवार संपर्क विभाग और मुख्य वक्ता के रूप में स्वामी जितेंद्रनाथ महाराज एवं विभा रघुवंशी अध्यक्ष मध्यभारत प्रांत विश्वमांगल्य सभा मौजूद रही।

मध्यभारत प्रांत अधिवेशन वीभा रघुवंशी अध्यक्ष, मध्यभारत प्रांत और अनुश्री अरोनकर सचिव, मध्यभारत प्रांत ने बताया कि विश्वमांगल्य सभा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत महिलाओं का संगठन है, जो परंपरा, संस्कृति तथा आधुनिकता का समन्वय स्थापित कर 'मातृत्व' को सक्षम करना मुख्य उद्देश्य है। प्रगति एवं परिपक्वता का संगम' यह मध्यभारत प्रांत अधिवेशन में प्रांत के सभी जिलों से 1500 मातृशक्ती एकत्रित हो रही है। अधिवेशन के दूसरे दिन प्रांत अधिवेशन में दूरदर्शिता, नेतृत्व और सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ उद्यमिता को एक नई पहचान देने वाली उत्कृष्ट महिला उद्यमियों को सम्मानित किया जाए।

**इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एआई का समापन**

# 7 देशों के एआई विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में आयोजित दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का गुरुवार को भव्य समापन हुआ। इसी अवसर पर एआई एक्सपर्ट वैभव सिसिन्टी के हाउ टू विन इन ए आई रेस विषय पर आयोजित की-नोट सेशन के साथ नवोन्मेष 2026 की प्रतियोगिताओं का औपचारिक शुभारंभ भी हुआ।

**स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में आयोजित हुआ कार्यक्रम**




### इंटरनेट ने तकनीकी दुनिया को दी नई दिशा

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रो. अमिताभ सक्सेना ने तकनीक के विकास की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रारंभिक दौर में कंप्यूटर सी-प्रॉम्प्ट, वर्डस्टार और बूटिंग प्रक्रिया के माध्यम से संचालित होते थे। समय के साथ ग्राफिकल यूज़र इंटरफेस (जीयूआई) और इंटरनेट के आगमन ने तकनीकी दुनिया को नई दिशा दी।

**दुष्यन्त कुमार संग्रहालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

## राजेंद्र शर्मा 'अक्षर' के गीत संग्रह 'भूल जाने में ही भलाई है' का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वरिष्ठ गीतकार राजेंद्र शर्मा 'अक्षर' जमीन से जुड़े रचनाकार हैं, उनके गीतों में हमारे समाज और अपने पास की चिंता है, उनके गीत पाठक को अपने जैसे लगते हैं। यह उदगार थे वरिष्ठ साहित्यकारों के जो वरिष्ठ गीतकार राजेंद्र शर्मा अक्षर के सद्य प्रकाशित गीत संग्रह 'भूल जाने में ही भलाई है 'के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। मुक्तिबोध सृजनपीठ द्वारा दुष्यन्त कुमार संग्रहालय में बोल रहे थे। गीतकार राजेंद्र शर्मा अक्षर ने लोकार्पित कृति से संग्रह के शीर्षक गीत का वाचन किया। इस अवसर डॉ. विकास दवे निदेशक साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल , डॉ. उमेश कुमार सिंह पूर्व निदेशक साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश , ऋषि कुमार मिश्रा निदेशक मुक्तिबोध सृजन पीठ , मनोज श्रीवास्तव सेवा निवृत्त प्रशासनिक अधिकारी एवं सम्पादक 'अक्षरा ' , वरिष्ठ साहित्यकार पुरुसोत्तम तिवारी साहित्यार्थी, घनश्याम मैथिल अमृत पर मंच पर उपस्थित थे।



## पेज एक का शेष....

### एबीसी रिपोर्ट में ...

जबकि बिलासपुर संस्करण की 1,32,374 प्रतियां पाठकों तक पहुंचीं। यह आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में हरिभूमि के प्रति पाठकों का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। दरअसल, हरिभूमि की पहचान केवल एक अखबार के रूप में नहीं बल्कि जन सरोकारों की आवाज़ के रूप में बनी है। ग्रामीण इलाकों की समस्याओं से लेकर किसानों, महिलाओं, युवाओं और आम नागरिकों के मुद्दों को प्राथमिकता देना ही इसकी पत्रकारिता की पहचान रही है। विशेषज्ञ मानते हैं कि ज़मीन से जुड़ी खबरें, जनहित के मुद्दों पर मुखर रुख और स्थानीय समाज की नब्ज़ को समझने वाली रिपोर्टिंग ने हरिभूमि को पाठकों के दिल के करीब पहुंचाया है।

### भरोसा अब भी...

और प्रतिबद्धता। प्रिंट मीडिया आज भी आम और वंचितों के हक के लिए पूरी शिद्दत से मुखर है। हरिभूमि पाठकों के प्रति अपने दायित्व से कभी विमुख नहीं हुआ। यही वजह है कि हरिभूमि पर पाठकों का भरोसा कायम है।

### जनपक्षीय पत्रकारिता ....

पत्रकारिता ही होती है, और हरिभूमि इसका उदाहरण बनकर उभरा है। छत्तीसगढ़ में यह बढ़त इस बात का संकेत भी है कि पाठक आज भी सिर्फ खबर नहीं, बल्कि समाज से जुड़े सरोकारों की पत्रकारिता को महत्व देते हैं।

### 10 शहरों में ...

विक्षोभ सक्रिय होने से बारिश, बादल का मौसम बन सकता है, जिससे दिन के साथ रात के पारे में भी गिरावट आएगी। शुक्रवार को धार, नर्मदापुरम और रतलाम में पारा 38 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। यहां पर गर्म हवाएं भी चलीं। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर में भी पारा बढ़ा हुआ रहा। जबकि नर्मदापुरम सबसे गर्म रहा। रतलाम में 39.5 डिग्री, खजुराहो में 39 डिग्री, धार में 38.8 डिग्री, दमोह-टीकमगढ़ में 38.5 डिग्री, खंडवा में 38.1 डिग्री, मंडला और श्योपुर-खरगोन में पारा 38 डिग्री दर्ज किया गया।

### रविवार से बदलेगा ...

सोमवार को ग्वालियर-जबलपुर समेत 16 जिलों में बारिश हो सकती है। रविवार को ग्वालियर, जबलपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, नरसिंहपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में बारिश-बादल का मौसम होगा, जबकि सोमवार 16 मार्च को सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, पन्ना, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में बारिश हो सकती है।

### केंद्र की सलाहः...

और टेलीफोन लाइनों की संख्या भी बढ़ाकर 50 कर दी गई है, ताकि लोग वहां पर अपना ग्रीवेंस रजिस्टर करा सकें। उन्होंने कहा कि एलपीजी का प्रेशप कम करने के लिए लोग पीएनजी का कनेक्शन लें तो बेहतर है। अभी देश में 7 लाख लोग ऐसे हैं, जो सीधे पीएनजी पर शिफ्ट हो सकते हैं।

### कई राज्यों में ....

अफेयर्स, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ने बैठक की है। इसमें राज्यों और यूनियन टेरिटरीज के फूड एंड सिविल सप्लाइज डिपार्टमेंट के सभी सेक्रेटरीज शामिल थे और उन्हें मौजूदा स्थिति से अवगत कराया गया है। कई राज्यों जैसे मेघालय, त्रिपुरा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, केरल, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में कंट्रोल रूम भी खोले गए हैं। राज्यों में इस स्थिति को लेकर रोजाना प्रेस ब्रीफिंग भी की जा रही है।

### भारत दोस्त है ...

और आस्थाएं एक समान हैं। भारत में राजदूत के रूप में, मैं यह कहना चाहता हूं कि युद्ध के बाद इस स्थिति में भारत सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में हमारी सहायता की। फथली ने कठिन समय में ईरान को भारत द्वारा दिए गए समर्थन का भी उल्लेख किया। ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब फारस की खाड़ी को वैश्विक बाजारों से जोड़ने वाले संकरे गलियारे से जहाजों की आवाजाही पर क्षेत्रीय संघर्ष के कारण कड़ी निगरानी रखी जा रही है। ईरान के राजदूत जब सीधे पूछा गया कि क्या भारत होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से गुजर सकेगा, तो उन्होंने सकारात्मक विकास की उम्मीद जताई। इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर भी ईरान के विदेश मंत्री से चार बार बात कर चुके हैं।

### संयुक्त सचिव ने ....

प्रतिशत या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं। उनके पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। इस वजह से पेट्रोल और डीजल के आयात की जरूरत नहीं है।

### मप्र में बुकिंग ...

ही तीनों ऑयल कंपनियों के टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराई जाए। इसके लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया। कोई भी उपभोक्ता कंट्रोल रूम में 0755-2551473 नंबर पर जानकारी ले सकता है। मंत्रिमंडल समिति की बैठक में बताया गया कि अभी तक 115 स्थानों पर जांच की गई, 350 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। 2 लोगों के खिलाफ एफआईआर की गई है। सभी जिलों को पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। पुलिस की भी मदद ली जा रही है। वैसे, बुकिंग नंबर पर पास बुक लेकर गोदाम से सिलेंडर उठाने को कहा जा रहा है। इससे लंबी लाइनें लग रही हैं।

### सिलेंडरों का पर्याप्त ...

जाएगी। उन्होंने बताया कि पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देश के अनुसार घरेलू उपभोक्ताओं की ओर से अंतिम रिफिल के 25 दिन बाद पुनः बुकिंग कराई जा सकेगी। घरेलू गैस की पर्याप्त आपूर्ति है। उपभोक्ता अनावश्यक रूप से अफवाहों से भ्रमित न हों।

### जूडॉ. को 77 ...

ने राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत डॉक्टरों के स्टाइपेंड में संशोधन किया है। नया स्टाइपेंड एक अप्रैल 2025 से लागू होगा। सरकार के इस फैसले से पीजी छात्र, इंटर्न, जूनियर रेजिडेंट और सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों को लाभ मिलेगा। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि जूनियर डॉक्टर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। गौर हो कि स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदेशभर के जूनियर डॉक्टर लंबे समय से नाराज थे। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के नेतृत्व में नौ मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर रहे। उप मुख्यमंत्री और चिकित्सा शिक्षा आयुक्त के साथ हुई बैठक के बाद डॉक्टरों ने हड़ताल को 16 मार्च तक स्थगित कर दिया था।

### पारदी हत्याकांडः पूर्व...

19 वर्ष बाद आया है। 11 सितंबर 2007 को मुलताई के पास चौथिया ढाने में पारदी समाज की बस्ती में हिंसक घटना हुई थी। उस समय बड़ी भीड़ ने पारदी बस्ती पर हमला कर करीब 62 मकानों को आग के हवाले कर दिया था। मामले में पीड़ित पक्ष के आलस्य पारदी ने पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट होकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसके बाद 7 अगस्त 2009 को हाईकोर्ट ने पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। जांच के दौरान सीबीआई ने जबलपुर स्थित विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल की, जिसमें 82 लोगों को आरोपी बनाया गया। चार्जशीट में अधिकारियों और राजनेताओं के नाम भी शामिल किए गए थे। यह मामला एक ग्रामीण महिला के साथ हुए रेप और हत्या की घटना के बाद भड़का था। जांच के दौरान अमरावती (महाराष्ट्र) के तीन पारदी युवकों को गिरफ्तार किया गया था। ये तीनों चौथिया गांव में आकर रुके थे। पुलिस जांच और कोर्ट की प्रक्रिया के बाद इस रेप और हत्या के मामले में आरोपियों को सजा भी हो चुकी है।

### शीर्ष कोर्ट बोला-...

और सभी संबंधित हितधारकों से परामर्श करने के बाद मासिक धर्म की छुट्टी पर एक नीति बनाने की संभावना की जांच कर सकते हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि ये याचिकाएं डर पैदा करने के लिए, महिलाओं को हीन दिखाने के लिए और यह जताने के लिए दायर की गई हैं कि मासिक धर्म उनके साथ होने वाली कोई बुरी चीज है। यह एक सकारात्मक अधिकार है, लेकिन उस नियोक्ता के बारे में सोचिए जिसे सवेतन छुट्टी देनी होगी। ऐसी याचिकाएं अनजाने में महिलाओं के बारे में बनी रूढ़िवादी सोच को और मजबूत कर सकती हैं।

### एयर इंडिया के ...

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 425 से 2,300 रुपए तक फ्यूल चार्ज लगेगा। विमानन ईंधन (एटीएफ) का खर्च किसी भी एयरलाइन को चलाने में लगने वाली कुल लागत का एक बहुत बड़ा हिस्सा होता है। इंडिगो समेत सभी एयरलाइंस का कहना है कि ईंधन की कीमतों में इस अचानक और तेज़ बढ़ोतरी से उनके पूरे नेटवर्क और बजट पर गहरा असर पड़ेगा। एयरलाइंस के मुताबिक, ईंधन पर होने वाले इस अतिरिक्त भारी खर्च की भरपाई करने के लिए उन्हें हवाई किरायों में बढ़ोतरी करनी होगी। इससे पहले एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 12 मार्च से हर घरेलू उड़ान के टिकट पर 399 रुपए का अतिरिक्त ईंधन शुल्क लगाने का फैसला किया था।

### जंग जल्द से ...

भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में 1400 से ज्यादा प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के संबंध में सह सरकार्यवाह मुकुंद ने कहा कि यह क्राइसिस जल्द से जल्द खत्म होना चाहिए, समझौता होना चाहिए। वहां पर रहने वाले सभी हिंदू संगठनों से संघ का संपर्क जारी है। यूजीसी पर मुकुंद ने कहा कि संघ का जन्म हुआ, हिंदू समाज के संगठन के लिए, हिंदू समाज में जो भी भेदभाव है उसको दूर करने के लिए। जो भी कुछ असंतुलन हुआ है, कोर्ट ने संज्ञान लिया है, सरकार भी प्रयास करेगी।

### 2 महीने बाद ....

में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में लाड़ली बहनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लाड़ली बहनों से अपील करते हुए कहा कि वे हर महीने मिलने वाली इस राशि से अपनी बेहतरी के लिए कोई भी रुचिकर काम-धंधा शुरु करें और आत्मनिर्भर मप्र के निर्माण में योगदान दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2 महीने बाद लाड़ली बहना योजना के 3 साल पूरे हो जाएंगे। इन 3 सालों में प्रदेश की बहनों की जिंदगी जिस तरह से बदली है, वह भूतो न भविष्यति है। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 से फरवरी 2026 तक 42 हजार 308 करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि बहनों के खाते में भेजी गई है।

लाड़ली बहना योजना से प्रदेश की बहनें अब आत्म-निर्भर बन गई हैं। इस योजना ने बहनों को न केवल आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया है, बल्कि इन्हें 'रिस्क' लेने और अपने जीवन को बेहतर बनाने के सपने देखने की हिम्मत भी दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार ने लाड़ली बहना योजना के तहत पिछले नवंबर से मासिक सहायता में 250 रुपए की वृद्धि की है, जिससे अब पात्र हितग्राही बहनों को प्रतिमाह 1500 रुपए की आर्थिक सहायता मिल रही है।

---

**बॉम्बे कॉलोनाइजर्स एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड**
सी.आई.एन:U45201MP2001PTC014699
टेलीफोन: 9893603362 ईमेल आईडी : mcs_bhopal@rediffmail.com
पंजीकृत कार्यालय पता: सीनियर एमआईजी-6, श्रीराम कुंज, भारत नगर, ई-8, शाहपुरा, भोपाल म.प्र. भारत-462016

सीपी/5(एमपी)2025

**हेमलता यादव के बनाम कंपनी रजिस्ट्रार, ग्वालियर के संबंध में**

कंपनी सीपी/5(एमपी)2025 के मामले में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 252(3) के तहत कंपनी का नाम बहाल करने के संबंध में।

इसके द्वारा नोटिस जारी किया जाता है कि माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, इंदौर बैंच ने सीपी/5(एमपी) 2025 में पारित आदेश दिनांक 06.03.2026 के माध्यम से सीनियर एमआईजी-6 में पंजीकृत कार्यालय वाली कंपनी बॉम्बे कॉलोनाइजर्स एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड की बहाली के लिए निर्देशित किया है। सीनियर एमआईजी-6, श्रीराम कुंज, भारत नगर, ई-8 शाहपुरा, भोपाल, म.प्र., भारत, 462016 कंपनी रजिस्ट्रार, मध्य प्रदेश द्वारा बनाए गए कंपनियों के रजिस्टर में। माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, इंदौर पीठ के उक्त आदेश के अनुसार, कंपनी का नाम बॉम्बे कॉलोनाइजर्स एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड को कंपनी रजिस्ट्रार, मध्य प्रदेश, ग्वालियर के कार्यालय में बनाए गए कंपनियों के रजिस्टर में बहाल कर दिया गया है।

स्थान: भोपाल
दिनांक: 14.03.2026

हेमलता यादव
निदेशक
आवेदक/अपीलकर्ता

---

**राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.)**
(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग)
विकास भावन, तृतीय तल, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)
फोन नं. : 0755-2556303, ई-मेल : spo.sbmg@mp.gov.in
क्र. 361/एस.बी.एम.(जी)/भण्डार/2026 भोपाल, दिनांक : 13.03.2026

**ऑनलाइन वाहन की निविदा सूचना**

राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) में कार्यालयीन उपयोग हेतु वाहनों की आवश्यकता है। इसके लिए सक्षम रजिस्टर्ड/ख्याति प्राप्त ट्रेवल्स एजेंसी से मासिक/दैनिक दरों पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 23.03.2026 से https://mptenders.gov.in के माध्यम से दिनांक 30.03.2026 तक ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 01.04.2026 को पूर्वान्ह 11:30 बजे खोली जावेगी। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/124914/2026 संयुक्त आयुक्त

---

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना शा. बाद भोपाल**

क्रमांक/था.प्र./ शा.बाद / गुम.इ-15/26 भोपाल-डी 301/26 दिनांक 10/03/2026

:: प्रोफार्मा ::



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना शा.बाद के गुम इन्सना क्र 15/26 गुम शुदा दिनांक 27/02//26 को सूचक सरिता गोयल पत्नि सुनील गोयल उम्र 60 साल निवासी 08, मल्टी नं. बी06/एफ06 वाजपेयी नगर ईदगाह हिल्स थाना शाहजहाँनाबाद भोपाल थाना उपस्थित आकर जुबानी रिपोर्ट किया कि मैं उपरोक्त पते पर रहती हूँ तथा घरो मे खाना बनाने का काम करती हूँ। दिनाँक 26.02.2025 के सुबह करीबन 11/00 बजे की बाद होगी मैं अपने काम पर थी और मेरी बेटी आरती सोलंकी पति ताराचंद सोलंकी उम्र 35 साल निवासी सदर काम का बोलकर घर से गई थी। बिना बताये घर से कही चली गयी व साथ मे अपने बच्चे तनिष्क सोलंकी पिता ताराचंद सोलंकी उम्र 10 साल निवासी सदर को भी ले गई है। जिसकी मैने आसपास तलाश की कोई पता नहीं चला। जिसकी तलाश मैने आस पास नाते रिश्तेदारो में पता किया कोई पता नहीं चला कि सूचना देती हूँ कार्यवाही की जाये। कि सूचना पर गुम इंसान क्रः 15/2026 कायम कर जाँच में लिया गया।

गुमशुदा का हुलिया : कद-5.06 इंच, रंग- गोरा, बदन- दुबला पतला, चेहरा - लम्बा, पहनाव- साड़ी पहनाती है, पैरो चप्पल पहने है

थाना प्रभारी
थाना शाहजहाँनाबाद
नगरीय पुलित भोपाल (म.प्र.)

G-27194/25 " स्वच्छता ही सेवा "

---

**न्यायालय सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक रातापानी अभयारण्य औबेदुल्लागंज (जिला-रायसेन म.प्र.) पिन कोड-464993**

क्रमांक/784 // सूचना विज्ञप्ति // औ.गंज, दिनांक 10.03.26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार वाहन रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज के अंतर्गत परिक्षेत्र देलावाडी अंतर्गत दिनांक 26.02.26 को बीट पश्चिम मथार के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 534 में समय 08.15 AM पर वन अमले द्वारा गश्ती के दौरान वाहन मोटर साइकिल टी.व्ही.एस. (ब्लैक / नीला) क्रमांक, इंजिन नं., चेसिस नं. मिटा/घिसा हुआ से अवैध परिवहन करते हुए सागौन तूठ 01 नग, वनोपज 03 नग 0.131 घ.मी. जप्त किया जाकर इस कार्यालय में राजसात की प्रक्रिया विचाराधीन है :-

| क्रं. | वाहन क्रमांक/वाहन का विवरण | पी.ओ.आर. न./ दि. | वाहन मालिक /आरोपी का नाम | वाहन का क्रमांक / वाहन मालिका का नाम | वन अपराध का प्रकार | जप्ती स्थल का नाम | परिक्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वाहन मोटर साइकिल टी.व्ही. एस. (ब्लैक/नीला) क्रमांक, इंजिन नं, चेसिस नं. मिटा/घिसा हुआ। | 42358/25 दिनांक 26.02.26 | अज्ञात | अज्ञात | परिक्षेत्र देलावाडी के दिनांक 26.02. 26 को समय रात्रि 08.15 AM गश्ती के दौरान बीट पश्चिम मथार के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 534 से वाहन मोटर साइकिल टी.व्ही.एस. (ब्लैक/नीला) से अवैध परिवहन करते हुए सागौन ठूठ 01 नग, वनोपज 03 नग 0.131 घ.मी. जप्त | परिक्षेत्र देलावाडी की बीट पश्चिम मथार के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 534 से गश्ती के अंतर्गत दौरान अवैध परिवहन करते जप्त किया गया। | देलावाडी |

यदि कोई व्यक्ति उक्त वाहन के संबंध में हित रखता है तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज में प्रातः 11.00 उपस्थित होकर अपना वाहन संबंधी दस्तावेज एवं पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। सूचना पत्र आज दिनांक 10.03.26 को मेरी पद एवं मुद्रा से जारी किया गया।

( मयंक राज ) स.व.स., सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज

G-27199/25 " स्वच्छता ही सेवा "

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

**// आम सूचना //**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, निशातपुरा, नारियलखेडा, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक- 194 मण्डल द्वारा मोहम्मद असलम आत्मज श्री अब्दुल सनद के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 19/02/1988 को पंजीकृत है। श्री मोहम्मद असलम द्वारा उक्त सम्पत्ति का मुख्तारआम श्री लीलाधर शर्मा आत्मज श्री मिश्रीलाल शर्मा को नियुक्त कर दिनांक 06/08/1993 को पंजीकृत किया गया है। लेकिन ज्ञान नहीं होने के कारण उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण मण्डल में श्री मोहम्मद असलम के द्वारा श्री लीलाधर शर्मा के पक्ष किया गया लेकिन उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख 30 दिवस में निष्पादित नहीं किया गया। तत्पश्चात उक्त मुख्तारग्रहिता द्वारा उक्त सम्पत्ति (1) श्री अशोक कुमार मिश्रा आत्मज स्व. श्री मातादीन मिश्रा (2) श्रीमती सुनीता मिश्रा पत्नी श्री अशोक कमार मिश्रा को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 27/10/2010 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण नहीं हो पाया एवं इसी बीच क्रेता नं. 2 श्रीमती सुनीता मिश्रा का स्वर्गवास दिनांक 18/09/2018 को हो गया है। क्रेता / विक्रेता के मुख्तारआम द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति में से एक नाम विलोपित कर (1) श्री अशोक कुमार मिश्रा आत्मज स्व. श्री मातादीन मिश्रा (2) श्री अभिषेक मिश्रा आत्मज श्री अशोक कुमार मिश्रा के पक्ष से हस्तांतरित एवं नामांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण व नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समय समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

---

**न्यायालय-आशुतोष मिश्र प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय विदिशा म.प्र.**

// पीठासीन अधिकारी आशुतोष मिश्र //
प्रकाशन सूचना पत्र
RCSHM 306/2025

रीना मालवीय ..................... आवेदिका
विरूद्ध
मुकेश मालवीय ..................... अनावेदक

प्रति, मुकेश मालवीय पुत्र श्री मोतीलाल मालवीय उम्र 36 साल निवासी ग्राम दिल्लौद थाना गुनगा जिला भोपाल म.प्र.

आवेदक ने इस न्यायालय के समक्ष आपके विरूद्ध धारा 13 (1) हिन्दु विवाह अधिनियम के अतंर्गत यह प्रकरण RCSHM 306/2025 इस न्यायालय में पेश किया है, जिसमें आप दिनांक 22.04.2026 को नियत पेशी पर प्रातः 11.00 बजे उपस्थित होकर उत्तर प्रस्तुत करने हेतु उपसंजात होने के लिए समंस जारी किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वंय या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये है जो प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देश दिये जाते है, कि उसी दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे ओर प्रकरण से संबंधित ऐसे सभी दस्तावेज पेश करे जो आपके समर्थन साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप नियत पेशी दिनांक को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण की सुनवाई और उसका निराकरण एक पक्षीय रूप से किया जावेगा नियत तिथि को अवकाश या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर होते है तो प्रकरण में आगामी कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी। आज दिनांक 27.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

आशुतोष मिश्र
प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय विदिशा म.प्र.

---




हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

हरिभूमि (समाचार ही नहीं, विचार भी) भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

फार्म हाउस उपलब्ध है
प्राकृतिक सोन्दर्य से भरपूर संपूर्ण सुविधाओं के साथ।
बैंक फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
अम्बाड़ी हिल्स फार्महाउस
दीवानगंज में मेन विदिशा रोड पर



सम्पर्क करें 9755600569, 9755600827
हर रविवार आफिस से साइट विजिट की सुविधा
आफिसः आदित्य कन्सट्रक्सन एण्ड मार्केटिंग, हाउस न. 16, 66 फीट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर रोड, महोली, भानपुर, भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 12/03/26 to24/03/26
Not , 26,27/01/26, 15/02/26 , 04,08/03/2026


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

---

## शब्द पहेली - 6164

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| | ■ | 10 | | | | ■ | 11 | 12 | ■ | |
| 13 | | | ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | 16 | |
| | ■ | | ■ | 17 | | ■ | 18 | ■ | | ■ |
| 19 | 20 | | 21 | | ■ | 22 | | 23 | | 24 |
| ■ | | ■ | | ■ | 25 | | ■ | | ■ | |
| 26 | | 27 | ■ | 28 | | ■ | ■ | 29 | | |
| | ■ | 30 | 31 | ■ | 32 | | 33 | | ■ | |
| 34 | 35 | ■ | 36 | | | ■ | | ■ | 37 | |
| 38 | | | | ■ | 39 | | | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

**शब्द पहेली- 6163 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | व | र | दा | न | ■ | म | क | स | द | ■ |
| म | ■ | ■ | न | ■ | अ | ■ | ल | ■ | ■ | नि |
| न | ■ | व्य | व | हा | र | कु | श | ल | ■ | य |
| मा | न | व | ■ | ■ | दा | ■ | ■ | कि | म | त |
| नी | ■ | था | ■ | आ | स | न | ■ | र | न | ■ |
| ■ | र | ■ | हा | रा | ■ | ह | त्या | ■ | का | ■ |
| ■ | क | वि | ■ | म | क | र | ■ | क | ■ | रा |
| ह | म | ला | ■ | ■ | ल | ■ | ■ | म | वे | शी |
| वे | ■ | प | र | व | र | दि | गा | र | ■ | फ |
| ली | ■ | ■ | स | ■ | व | ■ | य | ■ | ■ | ल |
| ■ | र | ह | म | त | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ |

---

## सूडोकु नवताल - 6174

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6173 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

---

## राशिफल

**मेष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा।तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — परिवार में सदभाव बनाये रखने के प्रयास करे। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। अनावश्यक विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। संपत्ति में निवेश के रास्ते खुलेंगे। लाभ के योग हैं।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से निजात मिलेगी।

**कन्या** — खर्चों में वृद्धि भी होगी। मीठे खानपान में रुचि रहेगी। आय में वृद्धि भी होगी। व्यर्थ की चिंताओं से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

**तुला** — कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी, परन्तु यथानुरूप लाभ के अवसर कम मिल सकते हैं। आशातीत सफलता मिलने के योग कम हैं।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। माता का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं।

**मकर** — कारोबार में कठिनाइयां तो आ सकती हैं, परन्तु किसी मित्र के सहयोग से कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जाने का अवसर भी मिल सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — लाभ के अवसर मिल सकते हैं। यात्रा में वृद्धि हो सकती है। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## खबर संक्षेप

### ब्रांड रसना का नया उत्पाद रसना न्यूट्री प्लस लांच

**नई दिल्ली।** पेय ब्रांड रसना ने गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए अपना नया उत्पाद रसना न्यूट्री प्लस लांच किया है। यह पोषण से भरपूर पाउडर कॉन्सन्ट्रेट ड्रिंक है, जिसे रसना की रिसर्च एंड डेवलपमेंट टीम ने खासतौर पर आधुनिक भारतीय परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया है। रसना के ग्रुप चेयरमैन पिरुज खंबाटा ने कहा कि आज के समय में ग्राहक स्वाद और सेहत के बीच किसी एक को चुनना नहीं चाहते और रसना का नया उत्पाद रसना न्यूट्री+ इन दोनों के बीच संतुलन बनाने का काम करता है।

### ट्रूकॉलर ने किया फैमिली प्रोटेक्शन फीचर लांच

**मुंबई।** ट्रूकॉलर ने भारत में फैमिली प्रोटेक्शन लांच किया गया है। यह फीचर पहले ही स्वीडन, चिली, मलेशिया और केन्या जैसे कई वैश्विक बाजारों में सफलतापूर्वक शुरू हो चुका है। ट्रूकॉलर का फैमिली प्रोटेक्शन एक आधुनिक डिजिटल सुरक्षा कवच है, जिसे पूरे परिवार, विशेष रूप से बुजुर्गों को तेजी से बढ़ती ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने के लिए बनाया गया है। जो अपने माता-पिता, बुजुर्गों और बच्चों की डिजिटल सुरक्षा का ध्यान रखता है। फैमिली प्रोटेक्शन इस सीटीओ को तुरंत फ्रॉड अलर्ट देता है ।

### टेक्नो का लकी ड्रॉ इनामों के साथ समर फेस्ट पेश

**नई दिल्ली।** टेक्नो अपने देशव्यापी ' समर फेस्ट' के साथ इस मौसम में अतिरिक्त उत्साह जोड़ रहा है। 22 मार्च तक चलने वाली इस पहल को टेक्नो के ग्राहकों के लिए स्मार्टफोन अपग्रेड को और भी ज़्यादा फायदेमंद बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है जिससे हर खरीदारी आकर्षक इनाम जीतने का एक मौका बन जाती है। इस लकी ड्रॉ में 25 आकर्षक इनाम शामिल हैं, जिनमें एक नई स्कूटी, 10,000 रुपए के गोल्ड वाउचर और कुछ लेटेस्ट टेक्नो स्मार्टफ़ोन शामिल हैं।

### डिज्नी एडवेंचर सिंगापुर से पहली यात्रा पर निकला

**मुंबई।** डिज्नी एडवेंचर ने अपने पहले मेहमानों का स्वागत किया और उसी के साथ जहाज़, सिंगापुर से अपनी पहली यात्रा पर निकला और एशिया में घरेलू बंदरगाह पर पहुंचने वाला पहला डिज्नी क्रूज़ लाइन जहाज बन गया। यह जहाज़ डिज्नी की 100 से ज्यादा सालों की कहानी सुनाने की कला पर आधारित है, जो एशिया में मेहमानों के लिए पसंदीदा डिज्नी, मार्वल और पिक्सर की कहानियों को बिल्कुल नए तरीकों से जीवंत करता है। डिज्नी क्रूज लाइन डिज्नीएडवेंचर पर 40 से ज़्यादा शानदार मनोरंजन अनुभवों के साथ खुद को बेहतर साबित करती है।

### गुणवत्ता से जुड़ा ब्रांड 'द वन एंड ओनली' लांच

**नई दिल्ली।** ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने अपना नया कैंपेन 'द वन एंड ओनली' लेकर आया है– सफलता की एक नई और प्रभावशाली कहानी। इस नए कैंपेन में इस भावना को तीन चेहरों अवंती नगरथ, किरनदीप चहल और माहका शर्मा के जरिए दिखाया गया है। ये तीनों ब्रांड के अलग-अलग पहलुओं को दर्शाती हैं। अवंती अपने निडर आत्मविश्वास और अलग अंदाज से आकर्षण पैदा करती हैं, किरनदीप अपनी प्रभावशाली और बेबाक मौजूदगी से लोगों को प्रभावित करती हैं।

### महिला केंद्रित फिल्म कैलेंडर का ट्रेलर लांच

**मुंबई।** महिला-केंद्रित फिल्म कैलेंडर" की टीम ने कैलेंडर मूल रूप से एक कन्नड़ फिल्म है और अब इसे हिंदी में भी रिलीज़ किया जा रहा है ताकि यह देशभर के व्यापक दर्शकों तक पहुंच सके। चार्टर्ड अकाउंटेंट से फिल्ममेकर बने आदर्श गुंडूराज, जो इससे पहले दो फिल्मों में हीरो के रूप में काम कर चुके हैं और अब फिल्म कैलेंडर में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, जिन्हें "स्माइलिंग स्टार" के नाम से भी जाना जाता है, उन्होंने इस प्रोजेक्ट के पीछे की प्रेरणा और ऐसी कहानियां बताने के महत्व के बारे में बात की जो संवेदनशीलता और समझ को बढ़ावा देती हैं।

## इंडक्शन चूल्हे और अन्य सामान की मांग 40 से 60 फीसदी अधिक हो गई

# सिलेंडर संकट के बीच इंडक्शन स्टोव-डीजल भट्टी की तेजी से बढ़ी डिमांड, विकल्प में खरीदने पहुंच रहे लोग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

ईरान-अमेरिका और इजराइल युद्ध का असर शहर में स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। शादी के सीजन में एलपीजी गैस की कमी ने लोगों की चिताएं बढ़ा दी है। कमर्शियल गैस सिलेंडर ना मिलने से होटल और रेस्टोरेंट के मालिक जहां खासे परेशान हैं।

वहीं जिन घरेलू उपभोक्ताओं का परिवार बड़ा है, उन्हें भी गैस सिलेंडर बुक करने की तारीख बढ़ाने से परेशानी महसूस हो रही है, ऐसे में लोग इसके विकल्पों को तलाशने में लगे हैं और इंडक्शन चूल्हे, इलेक्ट्रिककैटल, इलेक्ट्रिक कुकर समेत बाकी विकल्पों की और रुख कर रहे हैं और इंडक्शन चूल्हे, डीजल भट्टियों की खरीदी कर रहे हैं, लेकिन डिमांड बढ़ने से इन सभी आइटमों के बाजार में दाम भी बढ़ गए है।



### इंडक्शन चूल्हे, इलेक्ट्रिक कैटल-कुकर की बढ़ी मांग

गर्ग ट्रेडर्स के राधेश्याम गर्ग ने बताया कि घरेलू उपभोक्ता अब गैस की कमी को देखते हुए इंडक्शन चूल्हे, कुकर और इलेक्ट्रिक कैटल की मांग भी करने लगे हैं। इंडक्शन चूल्हे और अन्य सामान की मांग एक दम ऊपर हो गई है। पहले करीब दस से पंद्रह की मांग होती थी, लेकिन अब ये 40 से 60 की हो गई है। इंडक्शन कुकर और कैटल से ज्यादा मांग इंडक्शन चूल्हे की हो रही है। इनकी मांग में 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### गैस की कमी की वजह से कमर्शियल इंडक्शन चूल्हे और डीजल भट्टी खरीदनी पड़ रही

रेस्टोरेंट कारोबार से जुड़े मुरली मनोहर कहते हैं कि गैस की कमी की वजह से वे अन्य विकल्प तलाश रहे हैं। वे कहते हैं कि गैस की कमी की वजह से कमर्शियल इंडक्शन चूल्हे और डीजल भट्टी खरीदनी पड़ रही है। रेस्टोरेंट और ढाबे वालों को फिलहाल इसको विकल्प बनाना पड़ेगा। वहीं इंडक्शन खरीदने के लिए दुकान पर आए ग्राहक शरद कहते हैं कि गैस की कमी की वजह से उन्होंने इंडक्शन चूल्हे को खरीदा है। - ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इंडक्शन की मांग में 30 गुना वृद्धि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इंडक्शन की मांग में 30 गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। अनुमानों के अनुसार इंडक्शन स्टोव की बिक्री में लगभग 75 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इंडक्शन के साथ-साथ इलेक्ट्रिक केतली, इलेक्ट्रिक कुकर और एयर फ्रायर की मांग भी काफी बढ़ गई है।

### एडवांस लेने से इनकार कर रहे

*गैस के विकल्पों की तलाश में ग्राहक भोपाल के प्रमुख इलेक्ट्रिकल मार्केट में पहुंच रहे हैं तो कई लोग ऑनलाइन प्लेटफार्म में विकल्प स्वरूप इंडक्शन चूल्हे, डीजल भट्टी आदि की खरीदी कर रहे हैं। ऐसे में इलेक्ट्रॉनिक मार्केट व्यापारियों के अनुसार इन सामानों की खरीदी में बीते तीन दिनों में 40 से 60 फीसदी तक की वृद्धि है। बताया जा रहा है कि गैस की किल्लत के बाद डीजल भट्टियों की मांग तेजी से बढ़ गई है। डीजल भट्टियों के कारोबारियों के पास इसको लेकर लगातार फोन आ रहे हैं। लोग उनको एडवांस देने को तैयार हैं, लेकिन वे एडवांस लेने से इनकार कर रहे हैं क्योंकि इसकी डिमांड जितनी है, उतनी आपूर्ति नहीं हो पा रही है। डीजल भट्टियों और कमर्शियल इंडक्शन के कारोबार से जुड़े निखिल कहते हैं कि डिमांड तो ज्यादा है लेकिन सामान नहीं है। पहले साल में दस डीजल की भट्टियों की मांग होती थी, लेकिन आज 100 की मांग पिछले दो दिनों में आ रही है। इसके अलावा कमर्शियल इंडक्शन चूल्हों की भी भारी मांग आ रही है।*

## लेवाली नहीं होने से मक्का सीजनली भाव से 200 रुपए कम

# एथेनॉल उत्पादक, मुर्गी फॉर्म और डिस्टिलरी वाले नहीं दिखा रहे मक्का खरीदी में रुचि

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

एथेनॉल उत्पादकों का कोटा कम किए जाने से और मुर्गी फार्म संचालकों द्वारा मक्का खरीदी के प्रति रूझान कम होने मक्का के भाव में मंदी का माहौल बना हुआ है। मौजूदा समय में मक्का सीजनली औसत भाव से 200 रुपए प्रति क्विंटल कम दाम पर बिक रहा है।

स्थानीय करोंद मंडी स्थित अनाज व्यापारी संजीव जैन ने बताया कि मंडी में मक्का 1200 से 1500 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिक रहा है। जबकि सीजनल में मक्का 1400 से 1800 रुपए प्रति क्विंटल क्वालिटीनुसार के भाव बिका था।

संजीव जैन के अनुसार स्थानीय मांग और उठाव धीमा होने से कीमतों पर दबाव बना हुआ है। लगातार गिरावट से किसानों की परेशानी बढ़ गई है और मक्का सरकारी समर्थन मूल्य 2,400 प्रति क्विंटल से 800 से 1000 रुपए नीचे भाव पर है। उन्होंने कहाकि मक्का एथनॉल उत्पादकों द्वारा धीमी खरीदी के कारण देश भर में मक्का की कीमतों में गिरावट आई है, जो एमएसपी से नीचे (900-1100 रुपये/क्विंटल) बिक रही है। सस्ते आयातित मक्के की उपलब्धता और बिचौलियों पर निर्भरता के कारण उत्पादक सीधे किसानों से खरीद में



फाइल फोटो

रुचि नहीं दिखा रहे हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। उनके अनुसार इथेनॉल की खरीद के लिए नीति में अचानक बदलाव किसानों और मिल मालिकों के लिए अच्छा नहीं है। मिलें अपनी डिस्टिलरी का पूरी क्षमता से उपयोग करने में असमर्थ हैं और इस प्रकार ठप्प पड़ी हैं। मक्का की खेती का रकबा साल दर साल बढ़ता जा रहा है। चीनी उद्योग के लिए इथेनॉल की खरीद में बदलाव के परिणामस्वरूप क्षमता का कम उपयोग हो रहा है। बताया कि लगभग 300 करोड़ लीटर की डिस्टिलरी क्षमता में से वर्तमान में केवल एक तिहाई का ही उपयोग हो रहा है।

### निवेशकों के लिए एजेस फेडरल ने की लार्ज कैप क्वालिटी फंड की शुरुआत

**मुंबई।** एजेसलाइफ इंश्योरेंस ने लार्ज कैप क्वालिटी फंड की शुरुआत की है। यह एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड है, जिसे उन लोगों को ध्यान में रखकर पेश किया गया है जो देश की बड़ी और भरोसेमंद कंपनियों में पैसा लगाकर अच्छी पूंजी जमा करना चाहते हैं। यह फंड 10 रुपए प्रति यूनिट के न्यू फंड ऑफर (की पर उपलब्ध होगा, जिससे ग्राहकों को लॉन्च अवधि के दौरान आधार 'नेट एसेट वैल्यू' पर निवेश शुरू करने का अवसर मिलेगा। कंपनी के एमडी एवं सीईओ,जूड गोम्स ने कहा कि भारत में लंबे समय तक प्रगति की बहुत संभावनाएँ हैं और आज के निवेशक इस विकास का हिस्सा बनने के लिए सुरक्षित और अनुशासित तरीके तलाश रहे हैं। एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस में हम ग्राहकों को निवेश के सरल और पारदर्शी विकल्पों के जरिए वित्तीय सुरक्षा देने के अपने इरादे पर अटल हैं, ताकि वे लंबे समय के अपने सपनों को पूरा कर सकें।

## अमेजन एकमात्र ई-कॉमर्स कंपनी है, जिसके पास खुद का एयर कार्गो नेटवर्क

# नागरिक उड्डयन मंत्री ने किया गुवाहाटी में पहली अमेजन एयर फ्लाइट का उद्घाटन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने असम के गुवाहाटी में अमेजन एयर की पहली उड़ान का उद्घाटन किया। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, नई दिल्ली से गुवाहाटी के लिए अमेजन की पहली एयर फ्लाईट का उद्घाटन अवसर पर राममोहन नायडू किंजरापु सहित अभिनव सिंह, वाईस प्रेसिडेंट, ऑपरेशंस, भारत और ऑस्ट्रेलिया, अमेजन और चेतन कृष्णास्वामी, वीपी, पब्लिक पॉलिसी, एमेजॉन इंडिया भी मौजूद थे।

यह सेवा अमेजन के इंटीग्रेटेड एयर एवं सरफेस ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क द्वारा सैवन सिस्टर्स- अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा में डिलीवरी पहुंचाने में मदद करेगी। अमेजन के खुद के एयर कार्गो नेटवर्क और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर की मदद से ट्रांजिट टाईम में काफी कमी आएगी तथा डिलीवरी की स्पीड पांच गुना तक बढ़ जाएगी। इस सेवा की मदद से क्षेत्र के ग्राहकों को अमेजनपर उपलब्ध सभी उत्पाद, जैसे रोजमर्रा की जरूरत की चीजों से लेकर स्मार्टफोन, कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन एवं ब्यूटी आदि बहुत तेजी से प्राप्त हो सकेंगे।




### अमेजन एमएक्स प्लेयर ने कंटेंट सूची पेश की

अमेजन एमएक्स प्लेयर ने अब तक की अपनी सबसे बड़ी कंटेंट सूची की घोषणा की, प्लेटफॉर्म 150 से अधिक नए और पहले से चल रहे शो लेकर आ रहा है। विभिन्न शैलियों, प्रारूपों और कहानी कहने के अंदाज़ में फैली इस सूची के जरिए प्लेटफ़ॉर्म का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाली मनोरंजन सामग्री को देशभर के दर्शकों तक पूरी तरह मुफ्त पहुंचाना है। अमेजन इंडिया के प्रमुख, गिरीश प्रभु ने कहा कि हमारी 2026 की सामग्री सूची और 250 मिलियन से अधिक उपयोगकर्ताओं की पहुंच के साथ, एमेजन एमएक्स प्लेयर ब्रांड्स के लिए बड़े पैमाने पर दर्शकों से जुड़ने का एक ज़बरदस्त मौका देता है। अमेजन एमएक्स प्लेयर की प्रोडक्ट, टेक और मार्केटिंग हेड अरुणा दरयानानी ने कहाकि अमेजन एमएक्स प्लेयर की तेजी से बढ़ती दर्शक संख्या मजबूत विज्ञापनदाताओं को आकर्षित कर रही है।

### किसानों, कारीगरों और उद्यमियों को आगे बढ़ने का अवसर होगा प्रदान

इस मौके पर राम मोहन नायडू किंजरापु, नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'एक्ट ईस्ट, एक्ट फास्ट, एक्ट फर्स्ट' के लक्ष्य के अंतर्गत उत्तर-पूर्व भारत पर ध्यान केंद्रित करने के साथ उत्तरपूर्व में इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी का महत्व बहुत बढ़ गया है। आज उत्तर-पूर्व भारत के हर राज्य में अपना एक एयरपोर्ट है। साल 2014 में यहां 9 एयरपोर्ट संचालित होते थे, जो अब बढ़कर 16 हो गए हैं। हॉर्टिकल्चर और कार्गो एक्सपोर्ट में उत्तर-पूर्व की अपार क्षमता को देखते हुए दिल्ली से गुवाहाटी को शुरू हुई यह अमेजन एयर सेवा यहां के किसानों, कारीगरों और उद्यमियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करेगी।

## बिजनेस न्यूज

### आरएमजे मोटर्स पर शिविर, 150 मरीजों को लाभ



**भोपाल।** राजधानी के जेके रोड़ स्थित आरएमजे मोटर्स पर आरएमजे ग्रुप के संचालक और कैट के डिस्टिक अध्यक्ष सुनील जैन 501 के जन्मोत्सव पर महावीर मेडिकल कॉलेज एवं रोटरी क्लब ऑफ भोपाल लेक्स के द्वारा विशाल नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन हुआ। इस शिविर में लगभग 150 मरीजों ने अपनी नेत्र रोग की जांच का लाभ लिया। शिविर में डॉ.श्रीमती स्वर्ण विसारीय गुप्ता, पूर्व डीन गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल एवं डॉ.केएल गुप्ता (नेत्र रोग विशेषज्ञ) ने अपनी सेवाएं दी। सुनील जैन 501 ने सभी को मोबाइल रेडिएशन से आंखों पर होने वाले नुकसान के बारे में बताया एवं सभी से प्रतिज्ञा दिलवाया कि रात में सोते समय अपना मोबाइल लगभग 10 फिट की दूरी पर रखेंगे। इसके साथ आदिनाथ भगवान की जयंति पर 575 लोगों को गन्ने के रस पिलाया।

### बैद्यनाथ आयुर्वेद के टूसोल ने लांच की टूहर्ब्स की रेंज

**गुरुग्राम।** टूसोल जो बैद्यनाथ आयुर्वेद परिवार का एक आधुनिक मॉडर्न वेलनेस और पर्सनल केयर ब्रांड है ने 'टूहर्ब्स' रेंज के लांच की घोषणा की। यह टूसोल वेलनेस प्लेटफॉर्म के तहत पारंपरिक आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों की एक बेहद सोच-समझकर तैयार की गई और परिष्कृत पेशकश है। आज के स्वास्थ्य के प्रति जागरुक उपभोक्ताओं के लिए डिज़ाइन की गई इस रेंज में चार एकल-जड़ी-बूटी फॉर्मूलेशन शामिल हैं- अश्वगंधा, गोक्षुर, ब्राह्मी और हड़जोड़। इन्हें साफ-सुथरे और आधुनिक स्वरूप में पेश किया गया है, जो क्लासिक आयुर्वेदिक ज्ञान और आधुनिक जीवनशैली की जरूरतों के बीच संतुलन बनाते हैं। टूहर्ब्स रेंज को सावधानीपूर्वक चुनी गई जड़ी-बूटियों से विकसित किया गया है, जिन्हें उनके प्राकृतिक गुणों को संरक्षित रखने के लिए नियंत्रित परिस्थितियों में प्रोसेस किया जाता है।



### सात्विक पावर स्टोरेज सॉल्यूशंस लिमिटेड लांच

**मुंबई।** सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने भारत में अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सात्विक पावर स्टोरेज सॉल्यूशंस लिमिटेड के गठन की घोषणा की है। नई स्थापित कंपनी नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण क्षेत्र में कार्य करेगी और बैटरी तकनीकों तथा ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के विकास और तैनाती पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह पहल सात्विक की उस रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके तहत कंपनी एक भविष्य-उन्मुख क्लीन एनर्जी प्लेटफॉर्म तैयार कर रही है, जो सौर ऊर्जा उत्पादन को ऊर्जा भंडारण समाधानों के साथ एकीकृत करेगा। नई सहायक कंपनी अगले पांच वर्षों में 20 गीगावॉट ऊर्जा भंडारण क्षमता के अवसरों की तलाश करेगी। सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के सीईओ प्रशांत माथुर ने कहाकि नवीकरणीय ऊर्जा के अगले चरण के विकास को सक्षम बनाने में ऊर्जा भंडारण की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

### फ्लिपकार्ट में महिलाओं की रुचि फैशन और लाइफस्टाइल श्रेणियों में अधिक

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले फ्लिपकार्ट के फ्लिपट्रेंड्स में सामने आया कि यह जश्न केवल शुभकामनाओं और संदेशों तक सीमित नहीं था, बल्कि इस अवधि में खरीददारी भी बढ़ी और प्लेटफॉर्म पर मांग में 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मोबाइल, ग्रूमिंग, फूड एवं न्यूट्रिशन जैसी श्रेणियों में मांग तेजी से बढ़ी, जिससे प्रदर्शित होता है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अब केवल एक दिन नहीं मनाया जाता है, बल्कि यह पहचान और खुद में निवेश का कई दिनों तक चलने वाला उत्सव बन गया है। लोकप्रिय प्रोडक्ट्स के ऑर्डर साल-दर-साल 37 प्रतिशत की दर से बढ़े हैं और सर्च में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। सबसे अधिक रुचि फैशन और लाईफस्टाईल श्रेणियों पर रही, जिसमें साल-दर-साल 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। महिलाओं ने अपनी जरूरत के अनुसार सर्च की, जिसमें हेयरफॉल, स्किन पिगमेंटेशन, तनाव, नींद, और पी.सी.ओ.एस-फ्रेंडली फिटनेस शामिल है। इनमें तेज वृद्धि हुई और जिस सर्च के लिए पूछताछ सबसे अधिक हुई, उसी के लिए खरीददारी भी सबसे ज्यादा हुई।

## एयरटेल ने ग्राहकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपनी संस्कृति को और मजबूत किया

*बीस हजार कर्मचारियों ने अपने कार्यालयों से बाहर निकलकर सीधे फील्ड में काम किया*



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एयरटेल ने कस्टमर डे 2026 मनाया। यह संगठन के भीतर चलाया गया एक व्यापक अभियान है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों की समस्याओं को समझना और उनके अनुभव को लगातार बेहतर बनाना है। इस पहल के तहत एयरटेल के लगभग बीस हजार कर्मचारियों ने अपने कार्यालयों से बाहर निकलकर सीधे फील्ड में काम किया।

इनमें नेतृत्व करने वाली टीम के सदस्यों से लेकर विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ शामिल थे। इन कर्मचारियों ने फ्रंटलाइन टीमों के साथ मिलकर काम किया, फील्ड इंजीनियरों के साथ जाकर उनके काम को करीब से देखा, घरों और दुकानों का दौरा किया और रिटेल व सर्विस सेंटरों पर ग्राहकों से बातचीत की। एयरटेल में कस्टमर डे संगठन के लिए एक ऐसा महत्वपूर्ण अवसर भी है जब वह ठहरकर आत्ममंथन करता है और खुद से एक सीधा लेकिन अहम सवाल पूछता है कि हम अपने ग्राहकों के लिए और क्या बेहतर कर सकते हैं। एयरटेल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ शाश्वत शर्मा ने कहाकि कस्टमर डे हमें हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है कि हम ग्राहकों की बात पूरे ध्यान से सुनें, खुद को लगातार बेहतर बनाने के लिए चुनौती दें और तत्परता के साथ कार्रवाई करें। ग्राहकों की समस्याओं को हल करने की यह परंपरा और संस्कृति ही एयरटेल के 'कस्टमर फर्स्ट' के विचार से जुड़े कई नवाचारों का केंद्र रही है। शाश्वत शर्मा ने कहाकि यह अभियान पूरी एयरटेल टीम को एक साझा और स्थायी उद्देश्य के लिए एकजुट करता है। कंपनी का लक्ष्य एक ऐसी कार्यसंस्कृति विकसित करना है जहां 'कस्टमर ऑब्सेशन' सिर्फ एक नारा न रहे। यह एक ऐसी संस्कृति है जो निरंतर सुधार को बढ़ावा देती है ।

### लेवीज ब्रांड ने की आलिया के साथ बिहाइंड एवरी ओरिजिनल अभियान की शुरुआत

एजेंसी ▸▸ मुंबई

लेवीज ब्रांड अपने 2026 के वैश्विक अभियान 'बिहाइंड एवरी ओरिजिनल' को भारत में लेकर आया है, जिसमें ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में नजर आ रही हैं। पिछले 150 से अधिक वर्षों से,लेवीज़उन लोगों की पहली पसंद रहा है जो संस्कृति को नई दिशा देते रहे हैं। संगीत और खेल से लेकर फैशन और कला तक, लेवीज़जींस हर उस महत्वपूर्ण मोड़ की गवाह रही है जहां बदलाव की शुरुआत हुई। 'बिहाइंड एवरी ओरिजिनल' अभियान इसी महान विरासत को आगे बढ़ाता है। इस अभियान का मुख्य केंद्र अभिनेत्री आलिया भट्ट हैं, जो एक ऐसी कलाकार और वैश्विक सांस्कृतिक आइकन हैं जिनकी यात्रा निरंतर विकास, आत्मविश्वास और अद्वितीय व्यक्तित्व का मेल है।

## सोना-चांदी की कीमतों में भारी सेंध, सोना 1.58 लाख रु. और चांदी 2.60 लाख रु. पर



फाइल फोटो

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से चांदी-सोने में शुक्रवार को भारी सेंध लगी। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,904 रुपए गिरकर 1.58 लाख रुपए पर आ गया है। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 7,813 रुपए घटकर 2.60 लाख रुपए पर आ गई है।

इससे पहले गुरुवार को इसकी कीमत 2.68 लाख रुपए किलो थी। ऑल टाइम हाई से 1.25 लाख रुपए गिरी चांदी इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2026 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 17,722 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं, चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 44 दिन में चांदी 1,25,445 लाख रुपए सस्ती हो गई है।

## भारत की डिजिटल अवसंरचना ही नेतृत्व का निर्धारण करेगी: मंत्री जयकुमार

# सीआईआई डेटा सेंटर ब्लूप्रिंट शिखर सम्मेलन में हुई कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्लाउड को अपनाने और डिजिटल अर्थव्यवस्था के तीव्र विस्तार पर चर्चा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सीआईआई डेटासेंटर ब्लूप्रिंट शिखर सम्मेलन 2026 के 7वें संस्करण में भारत की डिजिटल अवसंरचना संबंधी महत्वाकांक्षाओं पर विशेष बल दिया गया, जहां वरिष्ठ सरकारी नेताओं और उद्योग जगत के दिग्गजों ने भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता संचालित डिजिटल अवसंरचना के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए एक महत्वाकांक्षी रोडमैप की रूपरेखा प्रस्तुत की।

चर्चाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड को अपनाने और डिजिटल अर्थव्यवस्था के तीव्र विस्तार से उत्पन्न अवसरों की व्यापकता पर प्रकाश डाला गया, साथ ही डेटा केंद्रों, सतत विद्युत आपूर्ति और उच्च गति कनेक्टिविटी में बड़े पैमाने पर निवेश की आवश्यकता पर बल दिया गया।

### डेटा केंद्र डिजिटल युग के कारखाने बन गए

सम्मेलन में महाराष्ट्र सरकार के विपणन एवं प्रोटोकॉल, प्रत्यक्ष निवेश, प्रवासी मामलों के मंत्री जयकुमार रावल ने अपने उद्बोधन में कहाकि एआई-संचालित वैश्विक अर्थव्यवस्था में डेटा केंद्रों की रणनीतिक भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एआई तेजी से वैश्विक अर्थव्यवस्था को नया आकार दे रहा है, और इसे शक्ति प्रदान करने वाला बुनियादी ढांचा ही यह निर्धारित करेगा कि कौन से देश इस परिवर्तन का नेतृत्व करेंगे। डेटा केंद्र डिजिटल युग के कारखाने बन गए हैंजो आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं को संचालित करने वाली बुद्धिमत्ता को संसाधित, संग्रहित और सक्षम बनाते हैं।



### डेटा सेंटर वह अवसंरचना है जो खुफिया अर्थव्यवस्था को शक्ति प्रदान करेगी: बागला

शिखर सम्मेलन में उद्योग जगत के नेताओं ने जोर दिया कि डिजिटल अवसंरचना भारत की दीर्घकालिक आर्थिक महत्वाकांक्षाओं का एक केंद्रीय स्तंभ होगी। सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र 2025-26 के अध्यक्ष और बीजी इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड के सीएमडी ऋषि कुमार बागला ने भारत के विकास पथ में प्रौद्योगिकी की रणनीतिक भूमिका पर प्रकाश डाला। डेटा नया तेल है और डेटा सेंटर वह अवसंरचना है जो खुफिया अर्थव्यवस्था को शक्ति प्रदान करेगी। जैसे-जैसे भारत विकसित भारत की परिकल्पना की ओर बढ़ रहा है, प्रौद्योगिकी और विनिर्माण विकास के दोहरे इंजन होंगे। आज विश्व स्तरीय डिजिटल अवसंरचना का निर्माण - एआई-तैयार डेटा सेंटर, मजबूत नेटवर्क और सतत ऊर्जा - यह निर्धारित करेगा कि भविष्य में भारत वैश्विक प्रौद्योगिकी युग में कितनी मजबूती से नेतृत्व करेगा। जबकि ब्लू स्टार लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक वीर एस आडवाणी ने बताया कि देश के पास वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का एक ऐतिहासिक अवसर है।

चिंतन

# सदन की मर्यादा बनाए रखना सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी

संसद वह मंच है जहां देश के करोड़ों लोगों की आवाज उनके चुने हुए प्रतिनिधियों के माध्यम से उठाई जाती है। संसद केवल बहस और विरोध का स्थान नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मर्यादा, नियमों और जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि सदन में उपस्थित प्रत्येक सांसद अपने आचरण से संसद की गरिमा और मर्यादा को बनाए रखे। हाल ही में लोकसभा में गैस और ऊर्जा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के दौरान जो घटनाक्रम सामने आया, उसने एक बार फिर इस सवाल को जन्म दिया है कि क्या हमारे जनप्रतिनिधि सदन की मर्यादा और संसदीय नियमों का पर्याप्त सम्मान कर रहे हैं। लोकसभा में हाल ही में कांग्रेस की ओर से तेल और गैस की स्थिति पर चर्चा के लिए नोटिस दिया गया था। यह एक महत्वपूर्ण विषय था, क्योंकि देश के कई हिस्सों में एलपीजी और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे मुद्दों पर गंभीर और तथ्यपरक चर्चा की अपेक्षा स्वाभाविक थी। हालांकि, चर्चा के दौरान घटनाक्रम कुछ अलग दिशा में मुड़ गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जब इस विषय पर अपनी बात रख रहे थे, तब उन्होंने एलपीजी और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे से हटकर केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से जुड़े कुछ आरोपों का उल्लेख किया। इन आरोपों में अंतरराष्ट्रीय व्यक्तियों के नामों का भी जिक्र किया गया, जिससे सदन में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। सत्ता पक्ष ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और सदन में हंगामा शुरू हो गया। स्थिति को देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिस विषय पर नोटिस दिया गया है, उसी विषय पर चर्चा की जानी चाहिए। उन्होंने राहुल की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए उसे संसद की कार्यवाही से हटाने के निर्देश भी दिए। स्पीकर ने यह भी दोहराया कि सदन की कार्यवाही संसदीय नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार ही चलेगी और बिना पूर्व नोटिस के किसी अन्य मुद्दे को उठाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। संसद में बहस का स्तर जितना गंभीर और तथ्यपूर्ण होगा, लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। यदि बहस मुद्दों से भटककर व्यक्तिगत आरोपों और राजनीतिक टकराव तक सीमित हो जाए तो इसका नुकसान लोकतांत्रिक व्यवस्था को होता है। जनता अपने प्रतिनिधियों से उम्मीद करती है कि वे संसद में उनके मुद्दों को गंभीरता से उठाएं और समाधान की दिशा में सार्थक चर्चा करें। दरअसल, संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच मतभेद होना स्वाभाविक है। यही लोकतंत्र की खूबसूरती भी है, लेकिन इन मतभेदों को व्यक्त करने का तरीका भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। संसदीय लोकतंत्र में नियम, प्रक्रिया और मर्यादा केवल औपचारिकताएं नहीं हैं, बल्कि वे उस व्यवस्था की नींव हैं जो देश को लोकतांत्रिक रूप से संचालित करती है। आज जब देश अनेक आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब संसद से यह अपेक्षा और भी बढ़ जाती है कि वहां होने वाली बहसें गंभीर, सार्थक और समाधान की दिशा में हों। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि संसद केवल राजनीतिक प्रदर्शन का मंच नहीं है, बल्कि यह नीति निर्माण और लोकतांत्रिक जवाबदेही का केंद्र है। कुल मिलाकर यह सभी सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे सदन की गरिमा, नियम और मर्यादा को बनाए रखें। वहीं विपक्ष भी अपने उठाए मुद्दों पर बहस से न भागे और संसद के नियमों का पालन करे।



मुद्दा
डॉ .सूर्यकांत मिश्रा

# इच्छामृत्यु : मृतप्राय शरीर का उद्धार

इच्छामृत्यु के एक बड़े फैसले के बाद यह चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि क्या परेशान व्यक्ति अपने जीवन का अंत करने की अर्जी लगा सकता है? इस संवेदनशील मुद्दे पर इस तरह की बहस लाजिमी है। कारण यह कि सुप्रीम कोर्ट ने लंबे विचार - विमर्श के बाद कानूनी पेचीदगियों का समाधान ढूंढते हुए इच्छामृत्यु की अनुमति दी है। इच्छामृत्यु के इस बड़े फैसले के बाद ऐसे लोगों के लिए रास्ता खुला है, जो वास्तव में कई वर्षों से अपनी बीमारी से जूझ रहे हैं। न तो मर्ज दूर हो पा रहा है और न ही परिजनों की सेवा मिल पा रही है। अब कानून ने यह अधिकार दे दिया है कि जीवन बचाए जाने की हर प्रक्रिया असफल हो जाने पर इच्छामृत्यु का मार्ग चुन लिया जाए।

इच्छामृत्यु के एक बड़े फैसले के बाद यह चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि क्या परेशान व्यक्ति अपने जीवन का अंत करने की अर्जी लगा सकता है ? इस संवेदनशील मुद्दे पर इस तरह की बहस लाजिमी है । कारण यह कि सुप्रीम कोर्ट ने लंबे विचार - विमर्श के बाद कानूनी पेचीदगियों का समाधान ढूंढते हुए इच्छामृत्यु की अनुमति दी है। दो न्यायमूर्तियों की पीठ ने जब इस तरह के पहले निर्णय को अधिकार निरूपित करते हुए इच्छामृत्यु की अनुमति दी, तब वे भी अत्यंत भावुक हो उठे! कोई भी व्यक्ति इस फैसले के बाद इसे अपना अधिकार नहीं मान सकता है।

इच्छामृत्यु जिन परिस्थितियों में उचित ठहराई गई है, उसका अध्ययन जरूरी है। एक भारतीय युवक को, जो महज 31 वर्ष का ही है, उसे परिजनों की इच्छा से इच्छामृत्यु के अधिकार तक पहुंचाना दिल पर पत्थर रखने वाली बात ही है। विगत 13 वर्षों से कोमा की स्थिति में पड़े उस युवक का दर्द, उसकी छटपटाहट, उसकी परेशानी, परिवार के हर शख्स के लिए हर पल मरने वाली स्थिति से कम नहीं थी। वह भी ऐसी हालत में जब उस युवक की जीवन प्रत्याशा शून्य रह गई हो। यह भी कहा जा सकता है कि सांस लौटने की उम्मीद में एक पारिवारिक सदस्य की सेवा करते रहना ईश्वरीय चमत्कार के अधीन ही टीका हुआ था। चिकित्सकों ने भी हर कोशिश के बाद मृत्युद्वार को ही बेहतर समझा और इच्छामृत्यु की अर्जी पर मुहर लगा दी। इच्छामृत्यु के अत्यंत ही संवेदनशील मामले में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने 31 वर्षीय युवक की जीवन रक्षक प्रणाली (लाइफ सपोर्ट ) को हटाने की अनुमति देकर यह सिद्ध कर दिखाया कि परिस्थिति के आगे कानून को नरम होना ही पड़ता है। लगभग 13 वर्ष से कोमा की स्थिति में पड़े हरीश राणा की चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर पैसिव यूथेनेशिया अर्थात इच्छामृत्यु पर ठप्पा लगाना न्यायमूर्तियों के लिए भी आसान नहीं था। माता-पिता द्वारा न्यायालय में लगाई गई इच्छामृत्यु की अर्जी भी मां की ममता और पिता के संबल पर भारी पड़ती दिखाई पड़ी! 13 वर्षों से कोमा की स्थिति में रहने वाले अपने जिगर के टुकड़े के जी उठने की उम्मीद में माता-पिता द्वारा हर संभव सेवा भी उनकी कठिन तपस्या से कम नहीं मानी जानी चाहिए। आखिरकार ममता और संबल को ईश्वर की इच्छा के आगे नत-मस्तक होना ही पड़ा! माता- पिता ने अपने बेटे पर से जीवन रक्षक उपचार को हटाने की अनुमति मांगकर अपनी उस तकलीफ का अग्नि संस्कार कर दिया, जो पल-पल उनके कुलदीपक की लौ को मद्धिम कर रही थी! कोर्ट ने संवेदनशील मामले में निर्णय सुनाते हुए कहा कि जीवन रक्षक प्रणाली को सम्मानजनक और गरिमापूर्ण तरीके से हटाया जाए! अदालत ने हरीश राणा के माता-पिता की सराहना करते हुए कहा कि ना- उम्मीदी में लंबे समय तक सेवा करना मतलब अंधेरे में रोशनी तलाशने से कम नहीं था।

हरीश राणा के माता-पिता की मनः स्थिति को समझते हुए फैसला सुनाने से पहले न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन ने अपने अचेतन मन में कहीं छिपे पड़े एक



सारगर्भित श्लोक को ढूंढ निकाला। वह श्लोक माता - पिता के हृदय में अपने बेटे के प्रति स्नेह एवं पीड़ा की स्थिति में उसके उद्धार की भावना से जुड़ा माना जा सकता है। न्यायमूर्ति ने कहा :- 'चिन्तायाश्च चितायाश्च बिंदुमात्रम्-विशिष्यते, चिता दहाति निर्जीवम, चिंता दहाति जीवनम।' अर्थात चिंता और चिता को ध्यान से देखा जाए तो दोनों में एक मात्रा (बिंदु) का ही फर्क है। चिता मनुष्य के मृत शरीर को जलाती है जबकि चिंता जीवित व्यक्ति को पल-पल जलाती रहती है! यह श्लोक हरीश राणा के माता-पिता को संबल प्रदान करने के लिए सटीक माना जा सकता है।

यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि इच्छामृत्यु मनुष्य का अधिकार नहीं, बल्कि परिस्थिति द्वारा निर्मित आवश्यक प्रक्रिया ही हो सकती है। इच्छामृत्यु का विकल्प उसी स्थिति में चुना जा सकता है जब मेडिकल साइंस पीड़ित को बचाने की हर संभव कोशिश के बाद अपने हाथ खड़े कर दे! साधारण पीड़ा अथवा किसी साध्य रोग से लड़ने की हिम्मत छोड़कर न्यायालय के समक्ष इच्छामृत्यु की अर्जी नहीं लगाई जा सकती। इस बड़े फैसले के बाद यह चर्चा भी की जाने लगी है कि इच्छामृत्यु की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। भले ही वह नैतिक रूप से सही हो। कारण यह कि इस अधिकार का दुरुपयोग किया जा सकता है और हत्या जैसे जघन्य अपराध के लिए आवरण का रूप ले सकता है। समाज में सम्मान से जीवित रहने के अधिकार को हम सब जानते और मानते हैं, किंतु बहुत कम लोग सम्मान से मरने के अधिकार को अहमियत देते हैं। हमारे कानून में प्रत्येक व्यक्ति को यह अधिकार दिया जाना चाहिए कि जब उसका जीवन पारिवारिक सदस्यों के लिए बोझ बन जाए, तब वह सम्मान से अपने मरने के अधिकार का उपयोग कर सके। यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि वह व्यक्ति जो इच्छामृत्यु की मांग कर रहा है, उसकी पीड़ा अथवा बीमारी असाध्य है, जो खुद उसके लिए असहनीय होने के साथ परिवार की आर्थिक स्थिति को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही है। यह भी सुनिश्चित होना चाहिए कि इच्छामृत्यु आत्महत्या न बन जाए। साथ ही समाज अथवा परिवार के बीमार लोगों को खत्म करने का जरिया न बन जाए? जैन धर्म में 'संथारा' ऐसी ही एक विचारधारा है, जिसे हम आत्महत्या नहीं कह सकते। अन्य शब्दों में कहूं तो यह मृत्यु को वरण करने की एक क्रिया मात्र है। संथारा करने वाला व्यक्ति भोजन, पानी, दवाई छोड़कर मृत्यु की ओर अग्रसर होता है, किंतु इस क्रिया को हम क्षणिक भी नहीं मान सकते हैं। संथारा के बीच व्यक्ति के जीवन की प्रत्याशा अथवा जीवन की लौ जागृत होने पर उससे लौटा भी जा सकता है। इच्छामृत्यु के इस बड़े फैसले के बाद ऐसे लोगों के लिए रास्ता खुला है, जो वास्तव में कई वर्षों से अपनी बीमारी से जूझ रहे हैं। न तो मर्ज दूर हो पा रहा है और न ही परिजनों की सेवा मिल पा रही है!

ऐसी परिस्थिति में खुद बीमार यदि मानसिक रूप से स्वस्थ है तो कोर्ट में इच्छामृत्यु का आवेदन लगा सकता है। उसके कोमा की स्थिति में होने से परिजन ऐसा आवेदन लगा सकते हैं। जहां तक मैं सोचता हूं अत्याधुनिक जीवनदाई सिस्टम 'वेंटीलेटर' में एक नहीं अनेक ऐसे जीवन पड़े होते हैं, जो वर्षों से उसी वेंटीलेटर के भरोसे सांस ले रहे होते हैं! परिजनों का लगाव और पुनर्जीवन की उम्मीद एक तरह से मृत शरीर की ही सेवा करती प्रतीत होती रही है। अब कानून ने यह अधिकार दे दिया है कि जीवन बचाए जाने की हर प्रक्रिया असफल हो जाने पर इच्छामृत्यु का मार्ग चुन लिया जाए।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

स्वास्थ्य
मनीष कुमार चौधरी




# खानपान में मिलावट का घुलता धीमा जहर

दशकों पहले मुनाफे के लिए छोटी-मोटी छेड़छाड़ के रूप में शुरू हुआ मिलावट का खेल अब एक बेरहम खतरा बन गया है। एक धीमा जहर, जो हमारी रसोई और थालियों में घुल-मिल गया है। मिलावट, जिसे कभी एक अलग-थलग गलती माना जाता था, उसे अब मॉडर्न फूड सप्लाई चेन में एक प्रणालीगत कमजोरी के तौर पर पहचाना जा रहा है। खाने में मिलावट और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाना भारत में एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है। मिलावटी भोजन की पहचान आमतौर पर तब तक नहीं हो पाती जब तक कि उससे स्वास्थ्य संबंधी खतरा न दिखने लगे। मात्रा बढ़ाने के लिए मिलावट करने वाले पदार्थ मिलाना, ठोस पदार्थों की मात्रा बढ़ाने के लिए गाढ़ा करने वाले पदार्थ मिलाना, वसा, कार्बोहाइड्रेट या प्रोटीन की मात्रा की भरपाई करना, शेल्फ लाइफ बढ़ाना, सौंदर्यबोध बढ़ाना और इसे असली जैसा दिखाना...। ये कुछ तरीके इतने आम हो चले हैं कि रोजमर्रा की खरीदारी में गिनती में ही नहीं आते। कुछ खाद्य उत्पादक/व्यापारी अपने उत्पादों का बढ़ा-चढ़ाकर विज्ञापन करते हैं। भ्रामक/झूठे विज्ञापनों के कारण उपभोक्ता के लिए सुरक्षित खाद्य पदार्थों का चयन करना बहुत मुश्किल हो जाता है। खाने में मिलावट अब कभी-कभार होने वाली घटनाओं तक सीमित नहीं है। दूध, पनीर, मसाले, सब्जियां, अंडे, मीट, मछली और पैकेज्ड फूड, जिन्हें रोजाना लाखों लोग खाते हैं, अब आए दिन वैज्ञानिक जांच के दायरे में आ रहे हैं। सर्विलांस रिपोर्ट, फूड टेस्टिंग डेटा और रेगुलेटरी नतीजों से पता चलता है कि उत्पादन और वितरण के कई चरणों पर बार-बार गड़बड़ियां होती हैं। यह कई रूपों में होती हैं। जैसे मिलावट, प्रतिस्थापन, पैकेजिंग सामग्री में खराब गुणवत्ता को छिपाना, सड़े हुए खाद्य पदार्थों को बिक्री के लिए रखना, गलत ब्रांडिंग या झूठे लेबल लगाना और विषाक्त पदार्थों को मिलाना। खाद्य पदार्थों में मिलावट से कैंसर, यकृत रोग, हृदय रोग, गुर्दे की बीमारी और तंत्रिका तंत्र संबंधी कई बीमारियां होती हैं। इसलिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना स्वास्थ्य और ग्राहक संतुष्टि की रीढ़ है। खाद्य पदार्थों में मिलावट का बने रहना कोई संयोग नहीं है। यह आर्थिक लालच से प्रेरित है, सिस्टम की कमियों के कारण संभव होता है और उपभोक्ता की अज्ञानता व लापरवाही से कायम रहता है। अधिकांश खरीदारों को पता नहीं होता कि इसकी कहां-कैसे शिकायत करें। कानून की कमजोरियों और लचर सिस्टम का फायदा उठाकर कई कारोबारी इस मिलावट के खेल में शामिल रहते हैं। नियामक निकाय, कानूनों और एजेंसियों के बावजूद यह खतरा इसलिए जारी है, क्योंकि प्रवर्तन अधूरा है और अपराधी अक्सर बिना सजा के बच निकलते हैं। अब तो मिलावट के तरीके और भी ज्यादा परिष्कृत हो गए हैं। ऐसे रसायनों और रंगों का उपयोग किया जा रहा है जो असली भोजन की बनावट, रंग और स्वाद की नकल करते हैं, जिससे आम उपभोक्ता के लिए शुद्ध-अशुद्ध की पहचान करना मुश्किल हो जाता है। हालांकि भारत में, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने कई मानक तय किए हुए हैं। निरीक्षण भी होता है और जुर्माना भी लगता है। वैज्ञानिक और उन्नत प्रयोगशाला तकनीकें भी मौजूद हैं। परंतु नियमों को लागू करने के लिए अभी भी ज्यादा मैनपावर, बेहतर तालमेल और तेज व गतिशील कानूनी प्रक्रियाओं की जरूरत है। हाल ही में सरकार की ओर से खाद्य पदार्थों के लिए स्टार रेटिंग की प्रक्रिया पर और सुधार की जरूरत बताई गई है। एक शपथ पत्र में, एफएसएसएआई ने 'फ्रंट ऑफ पैक न्यूट्रिशन लेबलिंग' के लिए एक मैकेनिज्म को फाइनल करने से पहले ड्राफ्ट रेगुलेशन को वापस लेने और आगे शोध करने का प्रस्ताव दिया है। इंडस्ट्री चाहती है कि लेबलिंग प्रोडक्ट पर छपने तक ही सीमित न रहे। हमें यह बताकर वैल्यू ऐड करनी होगी कि यह अच्छी है, बुरी है या कोई फर्क नहीं पड़ता। हालांकि एफएसएसएआई के 2022 के नियमों में प्रस्तावित स्टार-बेस्ड सिस्टम सबसे अच्छा नहीं था, लेकिन कम से कम यह एक ऐसा सिस्टम बनाने की शुरुआत थी, जहां ग्राहक पैकेज्ड खाद्य उत्पादों को खरीदने से पहले सोच-समझकर फैसला ले सकें। हर मिलावटी चीज न सिर्फ भरोसे का धोखा है बल्कि इंसानी सेहत पर सीधा हमला है, जो पोषण को खतरा बना देता है। कड़वी सच्चाई यह है कि कई 'भरोसेमंद' ब्रांड भी मिलावट से अछूते नहीं हैं। आम उपभोक्ता अक्सर इस खतरे के सामने खुद को शक्तिहीन महसूस करते हैं। खाने में मिलावट चुपचाप पनपती है और यह तभी खत्म होंगी जब सरकारें कड़े कदम उठाएंगी, उद्योग नियमों का पालन करेंगे और उपभोक्ता समझौता करने से इनकार करेंगे। शुद्धता कोई विलासिता नहीं है, यह एक अधिकार है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सत्य, तप, दया और पवित्रता



संकलित
दर्शन

सत्य ही सर्वस्व है। सत्य के बिना सदाचार, दान, कीर्ति, धन किसी काम के नहीं। जहां सत्य होगा, वहां ये सभी होंगे। सत्य परमात्मा है। सत्य प्रभु से भिन्न नहीं है। सत्य के द्वारा मनुष्य ईश्वर के निकट जा सकता है। जंगलों, पहाड़ों और वीराने में एकांतवास करना तपस्या नहीं है। जीवन में सच बोलना और सच की राह पर चलना ही सबसे बड़ी तपस्या है। धर्म के चार पद हैं- सत्य, तप, दया और पवित्रता। इन चार चरणों में सत्य सर्वोपरि है। महाभारत में राजा सत्यदेव की कथा आती है। एक दिन राजा ने स्वप्न देखा कि चंचला लक्ष्मी उनके महल से कुछ समय पश्चात चली जाएगी। एक दिन सुबह जब सत्यदेव उठे, तो उन्होंने एक सुंदर स्त्री को घर से निकलते देखा। राजा ने आश्चर्य से उस स्त्री से पूछा, 'आप कौन हैं?' जवाब मिला, 'मेरा नाम लक्ष्मी है। अब मैं इस घर से जा रही हूं।' राजा ने कहा कि आप जा सकती हैं। लक्ष्मीजी चली गईं। उसके पीछे एक सुंदर पुरुष को बाहर जाते देखकर राजा ने पूछा, 'आप कौन हैं?' उत्तर मिला, 'मेरा नाम दान है। लक्ष्मी के जाने के बाद आप दान नहीं कर सकेंगे, इसलिए मैं आपका घर छोड़ कर जा रहा हूं।' राजा ने कहा कि आप भी जा सकते हैं। इसके बाद तीसरा सदाचार और चौथा यश, पुरुष के रूप में बाहर आए। राजा के पूछने पर लक्ष्मी तथा दान के साथ जाने की कहने पर राजा ने दोनों को जाने दिया। जब पांचवां पुरुष सत्य जाने लगा, तो राजा ने हाथ जोड़ विनयपूर्वक कहा, 'मैंने तो आपका कभी त्याग नहीं किया। आप मुझको किसलिए छोड़ रहे हैं? आपके लिए मैंने लक्ष्मी, दान आदि सबका त्याग किया है। मैं आपको नहीं जाने दूंगा। आपके जाने पर मेरा सब कुछ चला जाएगा।' यह सुनकर सत्य वहीं रह गया। सत्य घर में से बाहर नहीं आया, अतएव गई हुई लक्ष्मी, दान, सदाचार और यश भी वापस आ गए। सत्य ही सर्वस्व है।

## चेतन अमल सहज सुख रासी



संकलित
प्रेरणा

वस्तु, व्यक्ति और क्रिया- ये तीन चीजें दिखने में आती हैं। इनमें वस्तु तथा क्रिया- ये दोनों प्रकृति हैं और व्यक्ति रूप में जो दिखता है, यह शरीर भी प्रकृति ही है, परंतु इसके भीतर में जो न बदलने वाला है, यह परमात्मा का अंश है। वस्तु, व्यक्ति और क्रिया- ये तीन चीजें दिखने में आती हैं। इनमें वस्तु तथा क्रिया- ये दोनों प्रकृति हैं और व्यक्ति रूप में जो दिखता है, यह शरीर भी प्रकृति ही है, परंतु इसके भीतर में जो न बदलने वाला है, यह परमात्मा का अंश है। अब अगर 'यह' वस्तु, क्रिया और व्यक्ति में नहीं उलझे, तो यह स्वाभाविक ही मुक्त है; क्योंकि 'यह' परमात्मा का साक्षात अंश है। इसके लिए कहा है- 'चेतन अमल सहज सुख रासी।' यह चेतन है, शुद्ध है, मलरहित है और सहज सुख राशि है, महान आनंद राशि है। यह महान आनंद राशि अपने स्वरूप की तरफ ध्यान न देकर संसार के संबंध से सुख चाहने लग गया। इससे यही भूल हुई है। यह संयोग जन्य सुख में फंस गया। जैसे, धन मिले, तो सुख हो। भोजन मिले, तो सुख हो। भोग मिले, तो सुख हो। कपड़ा, वस्तु, आदर, मान, सत्कार मिले, तो सुख हो। यह बड़े आश्चर्य की बात है कि स्वयं नित्य निरंतर रहने वाला है- 'सहज सुख रासी' स्वाभाविक ही सुख राशि है, परंतु इसमें यह वहम पड़ गया है कि संसार के पदार्थ मिलने से सुख होगा। यह बिछुड़ेगा जरूर ही 'संयोगा विप्रयोगान्ताः' जितने संयोग होते हैं, उनका अंत में वियोग होता है, तो संबंध से होने वाला सुख रहेगा कैसे? मनुष्य यह विचार नहीं करता है कि आज दिन तक संयोग से जितने सुख लिए थे, वे आज नहीं रहे।

## 'रथ का मेला'



वृंदावन। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के वृंदावन में रंगजी मंदिर के पास 'रथ का मेला' के दौरान भगवान रंगनाथ के रथ के चारों ओर लोग जमा हुए

## आज की पाती

### बदलता मौसम और अनिश्चित भविष्य

मार्च का महीना कभी सर्द हवाओं, हल्की धूप और पहाड़ों पर जमी बर्फ के लिए जाना जाता था, लेकिन इस बार तस्वीर बिल्कुल अलग है। उत्तर भारत से लेकर मध्य भारत तक तापमान सामान्य से कई डिग्री ऊपर चल रहा है। कश्मीर घाटी, जिसे बर्फ और ठंड की धरती माना जाता है, वहां अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह मार्च के इतिहास में असामान्य माना जा रहा है। 24 मार्च 2016 को 20.6 डिग्री तापमान दर्ज हुआ था, लेकिन इस वर्ष उससे भी अधिक गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। हिसार मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक के अनुसार इस बार कोई मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं हुआ, जिससे सामान्य शीतकालीन वर्षा और बर्फबारी नहीं हो सकी। यह केवल एक मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि वायुमंडलीय असंतुलन का संकेत है।

–सागर, करनाल

## ट्रेंड

### डीजल-पेट्रोल की कमी नहीं



उत्तर प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। रसोई गैस की कमी से संबंधित अफवाहों से बचें। यदि कोई वितरक एजेंसी अथवा निजी व्यक्ति कालाबाजारी या जमाखोरी करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### आधुनिक वाहन



झारखंड राज्य की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज झारखंड पुलिस के हजारों आधुनिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही नए थानों की आधारशिला रखी तथा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण किया।

- हेमंत सोरेन, सीएम, झारखंड

### विकास बोर्डों का गठन



हमारी सरकार मुंडा (अनुसूचित जनजाति), कोरा, डोम (अनुसूचित जाति), कुंभकार और सदगोपे (अन्य पिछड़ा वर्ग) समुदायों के लिए शीघ्र ही पांच नए सांस्कृतिक एवं विकास बोर्डों का गठन करने जा रही है। ये समुदाय बंगाल की जीवंत संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। इन सभी को बधाई।

-ममता बेनर्जी, सीएम, प. बंगाल

### विपक्ष के पास एजेंडा नहीं



विपक्ष के पास रचनात्मक कार्य करने का कोई एजेंडा नहीं बचा है। उनका एकमात्र उद्देश्य विकास कार्यों में बाधा डालना है। वे न तो सकारात्मक सोच रखते हैं, न ही देशहित में कोई सार्थक योगदान देना चाहते हैं।

-अरुण गोविल, सांसद, भाजपा

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


### रूस से तेल खरीदने को दी गई 30 दिन की छूट सही नहीं



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच रूस के तेल पर लगाए गए प्रतिबंधों में अमेरिका द्वारा दी गई 30 दिन की छूट सही फैसला नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे यूक्रेन पर रूस के चार साल से अधिक समय से जारी हमलों को रोकने में कोई मदद नहीं मिलेगी। पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में जेलेंस्की ने कहा कि केवल इस ढील से ही रूस को युद्ध के लिए लगभग 10 अरब डॉलर मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे निश्चित रूप से शांति स्थापित करने में मदद नहीं मिलेगी। प्रतिबंधों में ढील देने से किसी भी स्थिति में रूस की स्थिति मजबूत ही होगी। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि रूस तेल और गैस की बिक्री से मिलने वाली राशि का इस्तेमाल हथियार खरीदने में करता है और बाद में यही हथियार हमारे खिलाफ इस्तेमाल किए जाते हैं। इसलिए सिर्फ इसी वजह से प्रतिबंध हटाना कि बाद में आप पर और ड्रोन हमले हो सकें, मेरे अनुसार सही फैसला नहीं है। इससे पहले अमेरिकी के वित्त विभाग ने गुरुवार को रूस के तेल पर लगे प्रतिबंधों में 30 दिन की छूट देने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य समुद्र में फंसे रूसी तेल के कार्गो को मुक्त कराना और ईरान युद्ध के कारण उत्पन्न आपूर्ति संकट को कम करना बताया गया है।

## ऑफ बीट

### भगवान नृसिंह की छवि के रूप में स्थापित मां प्रत्यंगिरा देवी



उज्जैन में मां भगवती के ऐसे अद्भुत रूप की पूजा होती है, जो दिखने में भगवान नृसिंह की छवि लगती है। खास बात यह है कि मंदिर में मौजूद मां, असुर रावण की कुलदेवी हैं। उज्जैन में यह मंदिर भैरवगढ़ रोड स्थित बगलामुखी धाम के नजदीक ही है। मां प्रत्यंगिरा देवी का रूप मां के बाकी अवतारों से अलग और क्रोध को दिखाने वाला है। मां का चेहरा सिंह के जैसा है और बाकी का शरीर देवी के समान है। मां का ये प्रतिरूप सिंह की गर्जना की तरह दिखता है। पौराणिक कथा की मानें तो जब परम भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने भगवान नृसिंह का रूप लिया था, तब हिरण्यकश्यप के वध के बाद भी उनका क्रोध शांत नहीं हुआ था। भगवान नृसिंह के क्रोध की वजह से देवता और असुर दोनों घबरा गए थे। तब सभी देवताओं के आह्वान के बाद मां प्रत्यंगिरा प्रकट हुई, जिन्होंने भगवान नृसिंह को शांत करवाया था। रावण की कुलदेवी हैं निकुंबला- खास बात ये है कि प्रत्यंगिरा देवी को निकुंबला देवी का ही रूप माना जाता है, जिनकी पूजा रावण और उसके पुत्र मेघनाद ने की थी। रामायण में मां निकुंबला देवी का जिक्र भी है कि कैसे युद्ध पर जाने से पहले रावण और उसके पुत्र मेघनाद ने विजय पाने के लिए मां के विशेष अनुष्ठान किए थे।

# देशहित में काम करने की बजाए विपक्ष कर रहा हंगामा जनता को उम्मीद न देकर गैरजिम्मेदाराना व्यवहार कर रहा

सीतारमण ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्यों के हंगामे की कड़ी आलोचना की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्यों के हंगामे की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सदस्य जनता को उम्मीद न देते हुए गैरजिम्मेदाराना व्यवहार कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने राहुल गांधी और अन्य सदस्यों के संसद परिसर की सीढ़ियों पर चाय पीने को लेकर भी कटाक्ष किया।सीतारमण ने विपक्ष के हंगामे की निंदा करते हुए कहा कि अन्य देशों की स्थितियों के कारण भारत में कुछ मुश्किलें आई हैं।कदम उठाए जा रहे हैं। विपक्ष के नेता सीढ़ियों पर बैठकर चाय पीते हैं, मगर वे एलपीजी के ऊपर चर्चा की मांग करते हैं।

**विपक्ष ने हंगामे को अपना काम मान लिया**

उन्होंने कहा कि जनता के बीच उम्मीद जगानी थी। नागरिकों को परेशानी न हो, प्रधानमंत्री मोदी पूरी ताकत के साथ उसके लिए मेहनत कर रहे हैं। मगर विपक्ष के सदस्यों ने सिर्फ हंगामे को ही अपना काम मान लिया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।


संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

विपक्ष की हरकतों पर भड़कीं

## वे सीढ़ियों पर चाय पी रहे बाहर गैस पर हंगामा कर रहे

सीतारमण 'अनुपूरक अनुदान मांगों'पर जवाब देने खड़ी हुईं, तो विपक्ष के शोर-शराबे ने सदन का माहौल गरमा दिया। वित्त मंत्री ने दो टूक कहा कि विपक्ष को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी और अन्य पर निशाना साधा। ये संसद की सीढ़ियों पर बैठकर चाय पी रहे हैं, वही बाहर एलपीजी पर चर्चा का ढोंग करते हैं।

**विदुर का नाम जोड़िए रावण का नहीं**

सीतारमण ने चंद्रशेखर आजाद को सलाह दी और कहा महाभारत में एक बहुत ही सम्मानित पात्र और व्यक्तित्व हैं, महर्षि विदुर, आप उनका नाम जोड़िए,उनकी बुद्धिमत्ता प्रशंसनीय है।

### कांग्रेस निजी विधेयक के समय को भी समाप्त करना चाह रही: रिजिजू

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिजनेस



एडवाइजरी कमेटी की बैठक में कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने हिस्सा लिया। लेकिन कांग्रेस हंगामा करके अपने सदस्यों के निजी विधेयक के समय को भी समाप्त करना चाहती है।

लोकसभा 16 मार्च तक स्थगित

## वित्तीय बिल और प्रस्तावों पर चर्चा होगी



लोकसभा की बैठक 16 मार्च को सुबह 11 बजे फिर से बुलाई गई है। सांसदों ने अधिवेशन को स्थगित कर दिया, ताकि अगले निर्धारित दिन सभी मुद्दों और बहसों को आगे बढ़ाया जा सके। अगले सत्र में वित्तीय बिल, प्रस्ताव और अन्य अहम मामलों पर चर्चा होगी।

### लोकसभा में पास हुई 'दूसरी अतिरिक्त अनुदान मांगें 2025-26'

लोकसभा ने अनुदानों के लिए अनुपूरक मांगें- 2025-26 के लिए दूसरा बैच को मंजूरी दे दी। सरकार को 2025-26 के दौरान अतिरिक्त खर्च करने की अनुमति मिल गई है।

### लोकसभा में पेश हुआ 'ट्रांसजेंडर अधिकार संशोधन विधेयक, 2026'

लोकसभा में 'ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों की सुरक्षा) संशोधन विधेयक, 2026' पेश किया गया। इसका उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों की सुरक्षा करना है।

## खबर संक्षेप

### 7 साल जेल के बाद शख्स को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मादक औषधि एवं मनोरोगी पदार्थ अधिनियम के तहत दोषी एक



व्यक्ति को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी है। कोर्ट ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि वह व्यक्ति पिछले सात साल से अधिक समय से जेल में बंद है और उसकी अपील पर फिलहाल जल्दी सुनवाई होने की संभावना नहीं है। पीठ ने पटना हाईकोर्ट के आदेश को रद्द किया।

### महाराष्ट्र में सभी वाहनों के लिए एक नियम होंगे


**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने अब पैसेंजर लेकर चलने वाले इलेक्ट्रिक ऑटो (ई-रिक्शा) और



ई-बाइक के लिए परमिट लेना जरूरी कर दिया है। यह फैसला राज्य में नियमों को एक जैसा बनाने के लिए लिया गया है। यह जानकारी परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने शुक्रवार को दी। इससे पहले, इलेक्ट्रिक ऑटो को अलग से परमिट लेने की जरूरत नहीं थी।

### बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना।** बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं।



धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद विधानसभा परिसर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस और विशेष सुरक्षा टीमों ने पूरे परिसर में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। इसके बाद अधिकारियों ने तुरंत स्तिथि की समीक्षा की। हर हिस्से पर नजर रखी जा रही है।

### बांका पुलिस लाइन में खाने से 100 बीमार

**बांका।** बांका पुलिस लाइन में शुक्रवार को फूड पाइजनिंग की घटना से हड़कंप मच गया। दोपहर



का भोजन करने के बाद 100 से अधिक पुलिस जवान अचानक उल्टी-दस्त की शिकायत से बीमार पड़ गए। सभी को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों की टीम उनका इलाज कर रही है। इसके बाद अफसर वहां पहुंचे हैं।

### 9.32 करोड़ किसानों को मिली सम्मान निधि

**नई दिल्ली।** एक्स पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कार्यक्रम का एक वीडियो शेयर किया जिसमें



उन्होंने लिखा-आज देश के किसानों के लिए प्रसन्नता का क्षण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम-किसान सम्मान निधि के अंतर्गत देशभर के 9.32 करोड़ से ज्यादा किसानों के बैंक खातों में 18,640 करोड़ से अधिक की राशि 22वीं किस्त के रूप में अंतरित की है।

कोकराझार में 4,570 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया

# असम के तेज विकास के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध, 3 नई रेल सेवाएं शुरू

## मौसम की खराबी के चलते निर्धारित स्थान पर नहीं पहुंच सके

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

पीएम नरेंद्र मोदी के असम के दो दिवसीय दौरे के दौरान खराब मौसम की वजह से उनके कार्यक्रम में अचानक बदलना पड़ा। प्रधानमंत्री को शुक्रवार को कोकराझार जाना था, लेकिन उसे रद्द कर दिया गया, जिसके बाद पीएम गुवाहाटी पहुंचे। इलाके में खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया। गुवाहाटी पहुंचने के बाद प्रधानमंत्रीमोदी ने राजधानी गुवाहाटी से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए असम के कोकराझार में 4,570 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने 3 नई रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने कहा कि मौसम खराब होने की वजह से मैं कोकराझार नहीं आ पा रहा हूं। मैं आप सभी का क्षमाप्रार्थी हूं। यहां गुवाहाटी से ही आपसे संवाद संभव हुआ है। मैं दिल्ली से निकला था आपके पास आने के लिए, लेकिन मुझे गुवाहाटी में ही उतरना पड़ा और अब मैं यहां से आपके दर्शन भी कर रहा हूं और आपसे बात भी कर रहा हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने गुवाहाटी से ही दी सौगातें


प्रधानमंत्री मोदी ने रिमोट कंट्रोल के माध्यम से दी योजनाओं की सौगातें

## सरकार यहां तेज विकास के लिए निरंतर काम कर रही

उन्होंने कहा कि भाजपा-एनडीए की डबल इंजन सरकार असम की विरासत के संरक्षण और असम के तेज विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। आज यहां इस कार्यक्रम में ही इस क्षेत्र के विकास के लिए 4,500 करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें से 1,100 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि बोडोलैंड की सड़कों के लिए खर्च होने जा रही है। 'असम माला अभियान' के तीसरे चरण से असम की रोड़ कनेक्टिविटी और अधिक सशक्त होगी।

### 'असम माला 3.0' की शुरुआत की

पीएम मोदी ने 3,200 करोड़ की लागत वाली एक प्रमुख सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना 'असम माला 3.0' की शुरुआत की। अंतर-राज्यीय संपर्क को बेहतर बनाने के लिए असम भर में 900 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

### छह सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का शिलान्यास किया

उन्होंने बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद (बीटीसी) क्षेत्र में लगभग 1,100 करोड़ रुपए के निवेश से निर्मित छह सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिनमें चार फ्लाईओवर और दो पुल शामिल हैं।

इन परियोजनाओं से कोकराझार जिले में यातायात जाम कम करने और संपर्क, पर्यटन, कृषि, स्वास्थ्य सेवा और ग्रामीण आवागमन में सुधार लाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, पीएम मोदी ने कोकराझार जिले के बाशबारी में आवधिक मरम्मत (पीओएच) कार्यशाला की आधारशिला रखी।

## 3 रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई

पीएम मोदी ने असम और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में संपर्क सुधारने के उद्देश्य से शुरू की गई तीन नई रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई। इनमें कामाख्या-चारलापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल है, जो उत्तर-पूर्व और दक्षिण भारत के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस, असम और पश्चिम बंगाल के बीच संपर्क को बेहतर बनाएगी।



### विपक्ष पर किया हमला- कांग्रेस को बताया झूठे वादों की दुकान

प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक बोडोलैंड का ये क्षेत्र कांग्रेस के विश्वासघात का साक्षी रहा है। बोडोलैंड की अनेक पीढ़ियों को कांग्रेस ने झूठे सपनों में उलझाए रखा। कांग्रेस सरकारों ने सिर्फ दिखावे के लिए कागजी समझौते किए। इसी सोच के साथ बोडो शांति समझौता किया गया। इस दौरान कांगरेस को झूठे वादों की दुकान बताया।

चुनाव से पहले ममता का बड़ा ऐलान

# एससी-एसटी और ओबीसी के लिए सांस्कृतिक व विकास बोर्ड बनाएंगे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सीएम ममता बेनर्जी ने एक नया राजनीतिक और सामाजिक मास्टर स्ट्रोक खेला है। उन्होंने शुक्रवार को घोषणा की कि उनकी सरकार मुंडा, कोरा, डोम, कुंभकार और सदगोप समुदायों के लिए नए सांस्कृतिक और विकास बोर्ड बनाएगी। सीएम ममता के अनुसार यह कदम न केवल इन कमजोर और पिछड़े समुदायों के अधिकारों और परंपराओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में तरक्की को भी बढ़ावा देगा। सीएम बनर्जी ने इसे राज्य में समान और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बताया है, जो चुनावी मोर्चे पर भी उनकी पकड़ मजबूत कर सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में सीएम ममता ने लिखा कि मैं खुशी के साथ घोषणा करती हूं कि हमारी सरकार मुंडा (एसटी), कोरा (एसटी), डोम (एससी), कुंभकार (ओबीसी) और सदगोप (ओबीसी) समुदायों के लिए जल्द ही पांच नए सांस्कृतिक और विकास बोर्ड बनाएगी।

कुछ समुदायों को लुभाने की कोशिश



### ये समुदाय राज्य की सजीव-रंगनी संस्कृति का हिस्सा

अपने पोस्ट में सीएम ममता बेनर्जी ने इस बात पर भी जोर दिया कि ये पांचों समुदाय राज्य की सजीव और रंगीन संस्कृति का अहम हिस्सा हैं। बोर्डों के जरिए इनके भाषा, परंपरा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े अधिकारों की रक्षा की जाएगी। सीएम बनर्जी ने यह भी बताया कि 2013 से उनकी सरकार ने कई ऐसे बोर्ड स्थापित किए हैं, जिससे कमजोर समुदायों का संपूर्ण विकास सुनिश्चित किया गया है।

### हमारा लक्ष्य समान विकास करना

इसके साथ ही सीएम ममता ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि कोई भी समुदाय पीछे न रह जाए। उन्होंने जोर दिया कि बंगाल सरकार का लक्ष्य है कि समान विकास और सहयोग के जरिए हर चेहरे पर मुस्कान आए। गौरतलब है कि ममता बेनर्जी ने यह घोषणा आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले की है। बंगाल विधानसभा में 294 सदस्य हैं और चुनाव अप्रैल में होने की संभावना है। ऐसे में जहां एक ओर ममता की पार्टी टीएमसी चौथी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है।

रेलवे कर्मचारियों व पेंशनरों को सुविधा

# 582 हेल्थ यूनिट और 128 अस्पतालों का नेटवर्क बना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे अपने कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों तथा उनके



आश्रितों को व्यापक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करा रहा है। देशभर में रेलवे के स्वास्थ्य तंत्र के तहत वर्तमान में 582 हेल्थ यूनिट और 128 रेलवे अस्पताल कार्यरत हैं, जहां आधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित चिकित्सकीय स्टाफ की मदद से इलाज की सुविधाएं दी जा रही हैं। राज्यसभा में जानकारी देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रेलवे अस्पतालों में आवश्यक बुनियादी ढांचा, आधुनिक चिकित्सा उपकरण और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध हैं, जिससे रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों को समग्र चिकित्सा सेवाएं मिलती हैं। भारतीय रेलवे का आकार बड़ा होने, देशभर में फैले संचालन और तकनीकी बदलावों को देखते हुए चिकित्सा स्टाफ सहित विभिन्न पदों पर रिक्तियों को भरना एक निरंतर प्रक्रिया है।

मेघालय पर भाजपा का दावा

# गारो में दंगे जैसा हाल, आदिवासी प्रमाणपत्र लगा रहे 'घुसपैठिए'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के सांसद रविशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को दावा किया कि मेघालय



के गारो हिल्स क्षेत्र में इन दिनों दंगे की स्थिति है। उन्होंने यह भी कहा कि कथित घुसपैठिए बंगाल और झारखंड की तर्ज पर चुनाव लड़ रहे हैं। एक्स पर रविशंकर ने कहा कि मेघालय में गारो हिल्स क्षेत्र में इन दिनों काफी हंगामा और दंगे की स्थिति है। बांग्लादेशी घुसपैठिए वहां बड़ी संख्या में आए हैं। गारो जिला परिषद एक स्वायत्त निकाय है और भारत के संविधान के तहत उसे प्रशासन का अधिकार प्राप्त है। उसका चुनाव होता है और प्रमाणित आदिवासी ही चुनाव लड़ते हैं। बंगाल और झारखंड के तर्ज पर बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों ने नया तरीका अपनाया है। ये स्थायी आदिवासी बेटियों से शादी कर लेते हैं और फिर तलाक लेकर अलग हो जाते हैं। इसके बाद इसका दुरुपयोग कर उस आधार पर प्रमाण पत्र लेकर चुनाव लड़ने आ जाते हैं।

केंद्र सरकार की ओर से एएसजी भाटी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया

# ट्रांसजेंडर, समलैंगिकों और सेक्स वर्कर्स के रक्तदान करने पर रोक बरकरार रहेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने ट्रांसजेंडर, समलैंगिक पुरुषों और सेक्स वर्कर्स के रक्तदान पर



जारी प्रतिबंध को बरकरार रखा है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि एक्सपर्ट्स का कहना है कि लोगों के हित को देखते हुए ऐसा करना जरूरी था।

**लोगों के हितों का ध्यान रखना जरूरी बताया**



### दिशा-निर्देशों को दी गई थी चुनौती

इस मामले में नेशनल ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल की ओर से 'रक्तदाता चयन और रक्तदाता रेफरल संबंधी दिशा-निर्देश, 2017' को चुनौती दी गई थी। दिशा-निर्देशों में कहा गया था कि ट्रांसजेंडर, समलैंगिक पुरुषों और फीमेल सेक्स वर्कर्स को एचआईवी/एड्स वाले वर्ग में रखा गया है और यह काफी जोखिम भरा वर्ग है।बीते साल कोर्ट की ओर से इस मामले में प्रतिबंध को लेकर केंद्र से विचार करने को कहा गया था। भाटी ने बताया, विशेषज्ञों का मानना है कि अगर प्रतिबंध को लेकर नरम रुख अपनाया जाता है तो जिन्हें यह खून चढ़ेगा, उन्हें नुकसान होगा।

एसआईआर की हाई लेवल मीटिंग में सीईओ का निर्देश

# अब कोई फर्जी वोटर नहीं बचेगा! त्रुटि की गुंजाइश न हो

## भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शुक्रवार को सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। आयोग ने एसआईआर से संबंधित सभी बिंदुओं को अधिनियमों में स्पष्ट रूप से निर्धारित किया है, इसलिए पदाधिकारी सुनिश्चित करें कि हर कार्य और निर्णय आयोग के निर्देशों व स्थापित नियमों के अनुसार ही हो।



**डिजिटल रूप में तैयार किया जाए**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची के ड्राफ्ट प्रकाशन के समय एबसेंट, शिफ्टेड, डेथ और डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची अलग से प्रकाशित की जाएगी। इस सूची को डिजिटल रूप में तैयार कर समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही इसे संबंधित मतदान केंद्र के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट से सत्यापित कराना भी अनिवार्य होगा।

**गहन पुनरीक्षण का कार्य अधिनियमों के अनुसार ही हो**

उन्होंने सभी जिलों को निर्देश दिया कि जिला स्तर पर दलों के साथ बैठक कर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की तैयारियों और समन्वय की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर लें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य यह होना चाहिए कि एक भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे।

### घर-घर जाकर सर्वे करें, कोई छूटे नहीं

बीएलओ को निर्देश दिया गया कि घर-घर सर्वे के दौरान घर के मुखिया और उसमें रहने वाले सभी सदस्यों की सूची भी तैयार करें। जिन मकानों का नंबर नहीं है, उन्हें नंबर देकर चिह्नित करें। एक ही मकान में रहने वाले मतदाताओं का मतदान केंद्र एक ही स्थान पर हो। उन्होंने बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर के प्रशिक्षण को भी समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

गृहमंत्री शाह की अध्यक्षता में मंजूरी

# आपदा पीड़ित 6 राज्यों को 1,912 करोड़ की अतिरिक्त राशि मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति (एचएलसी) ने




वर्ष 2025 के दौरान आई बाढ़, फ्लैश फ्लड, बादल फटने, भूस्खलन और चक्रवाती तूफान 'मोंथा' से प्रभावित छह राज्यों के लिए 1,912.99 करोड़ रकी अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। यह सहायता राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से देंगे। सरकार आपदाओं के समय राज्यों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और हर संभव मदद प्रदान कर रही है।

### इन राज्यों को मिलेगी सहायता

इस राशि में आंध्र प्रदेश को 341.48 करोड़, छत्तीसगढ़ को 15.70 करोड़, गुजरात को 778.67 करोड़, हिमाचल प्रदेश को 288.39 करोड़, नगालैंड को 158.41 करोड़ और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर को 330.34 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। यह वर्ष के शुरुआती बैलेंस के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन होगी।

# ईरान का दावा- इराक में मार गिराया अमेरिकी रिफ्यूलिंग विमान, यूएस कमांड ने 'नकारा'



अमेरिकी सेंट्रल कमांड द्वारा जारी तस्वीर जिसमें क्रैश होने से पहले ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के दौरान अमेरिकी वायु सेना का एक केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर मध्य पूर्व में अमेरिकी नौसेना के एफ/ए-18एफ सुपर हॉर्नेट को ईंधन भरता हुआ।






इजराइल के जारजिर शहर पर ईरानी मिसाइलों से क्षतिग्रस्त घर व कार

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ वॉशिंगटन

ईरान के सैन्य केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता ने दावा किया है कि पश्चिमी इराक में सक्रिय विद्रोही गुटों ने अमेरिका के एक सैन्य विमान को मिसाइल से मार गिराया है। यह विमान एक रिफ्यूलिंग विमान था। इस घटना में विमान में सवार सभी 6 सैनिकों की मौत हो गई है।

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के जनसंपर्क विभाग ने बयान में कहा गया कि रेजिस्टेंस फ्रंट के एयर डिफेंस सिस्टम ने बोइंग केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर को उस समय निशाना बनाया, जब वह एक लड़ाकू विमान में ईंधन भर रहा था।

## हमले में नहीं गिरा विमानः यूएस

दूसरी ओर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने 'एक्स' पर विमान के गिरने की बात तो मानी है, लेकिन किसी भी तरह के हमले से साफ इनकार किया है। अमेरिकी सेना ने बताया कि ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के दौरान उनका एक बोइंग केसी-135 विमान इराक के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना मित्र देश के हवाई क्षेत्र में हुई। इस अभियान में दो विमान शामिल थे। इनमें से एक विमान पश्चिमी इराक में गिर गया, जबकि दूसरा विमान सुरक्षित उतरने में कामयाब रहा। अमेरिकी सेना ने स्पष्ट किया कि यह हादसा किसी दुश्मन की गोलीबारी की वजह से नहीं हुआ है। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल मौके पर बचाव कार्य चल रहा है।

### देखना इन पागलों का क्या हाल करता हूं: अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा कि देखते रहिए इन पागलों के साथ क्या होता है। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की सैन्य क्षमता को भारी नुकसान पहुंचा है। ईरान की नौसेना खत्म हो चुकी है, वायुसेना भी अब नहीं रही और उसके मिसाइल, ड्रोन व अन्य सैन्य संसाधनों को नष्ट किया जा रहा है। ईरान के कई नेता भी मारे जा चुके हैं। ट्रंप ने लिखा कि ईरान ने 47 साल तक दुनिया भर में निर्दोष लोगों को मारा है और अब मैं, अमेरिका का 47वां राष्ट्रपति, उन्हें खत्म कर रहा हूं।

## ईरानी स्कूल के पीड़ितों की मदद करेगा चीन



चीन ने कहा कि वह ईरान के प्राथमिक स्कूल पर हुए हालिया हमले में मारे गए छात्रों को आपातकालीन मानवीय सहायता के रूप में 2 लाख अमेरिकी डॉलर प्रदान करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है और उनके परिवारों के प्रति हार्दिक सहानुभूति व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी ऑफ चाइना ने ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी को आपातकालीन मानवीय सहायता के रूप में 2 लाख अमेरिकी डॉलर प्रदान करने का निर्णय लिया है।

### 48 घंटे में 3 नाटो देश पर ईरान का हमला, फ्रांसीसी सैनिक की मौत पर मैक्रों बोले- यह अस्वीकार्य

पिछले 48 घंटों के भीतर ईरान और उसके सहयोगी मिलिशिया गुटों ने सीधे तौर पर तीन नाटो सदस्य देशों फ्रांस, इटली और तुर्की के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इससे उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के इस युद्ध में सीधे तौर पर कूदने की आशंका भी बढ़ा दी है। पहली घटना इराक के इरबिल से करीब 40 किलोमीटर दूर एक प्रशिक्षण केंद्र में हुई, जहां ड्रोन हमले में फ्रांसीसी सेना के अधिकारी अर्नो फ्रेयन की मौत हो गई, जबकि कम से कम 6 अन्य सैनिक घायल हो गए। बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहे सैनिकों पर हमला अस्वीकार्य है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाब देना होगा। इराक के इरबिल में ही एक अन्य सैन्य ठिकाने को भी निशाना बनाया गया, जहां इटली के सैनिक तैनात हैं। मिसाइल हमले में बेस के आसपास विस्फोट हुआ। तीसरा हमला तुर्की के प्रसिद्ध इन्किर्लिक एयर बेस पर किया गया। ईरान की ओर से दागी गई मिसाइल को नाटो की हवाई सुरक्षा प्रणाली ने हवा में ही रोक लिया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।

### सऊदी अरब को पाक का समर्थन

पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ एक विशेष बैठक की। यह मुलाकात जेद्दा में हुई। इस दौरान शहबाज शरीफ ने पश्चिम एशिया के मौजूदा चुनौतीपूर्ण हालात में सऊदी अरब के लिए अपनी पूरी एकजुटता और समर्थन दिखाया। दोनों देशों ने क्षेत्रीय शांति के लिए मिलकर काम करने और रक्षा समझौते के तहत एक-दूसरे की मदद करने पर सहमति जताई।

### श्रीलंका से ईरान भेजे जाएंगे 84 नौसैनिकों के शव, 45 सौंप दिए



हिंद महासागर में अमेरिकी हमले का शिकार हुए 84 ईरानी नौसैनिकों के शव अब उनके वतन वापस भेजे जा रहे हैं। श्रीलंका सरकार ने कोलंबो कोर्ट के आदेश के बाद इन शवों को ईरान भेजने का काम शुरू हो गया है। इनमें से 45 नाविकों के शव शुक्रवार को ईरान के दूतावास को सौंप दिए। मुख्य मजिस्ट्रेट समीरा डोडंगोडा ने गाले बंदरगाह पुलिस के अनुरोध के बाद 11 मार्च को करापितिया स्थित राष्ट्रीय अस्पताल के निदेशक को यह आदेश दिया।

### 40,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर शिवालिक ईरान से सुरक्षित निकला



40,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर भारत के टैंकर शिवालिक ने होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित पार कर लिया है। ये टैंकर अगले कुछ दिनों में भारत पहुंच जाएगा। इसके साथ ही एक और एलपीजी से भरा टैंकर भारत रवाना होगा।

### लोगों से मिले ईरान के राष्ट्रपति
### हाथ मिलाया, सेल्फी ली, फोटो खींची



ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेश्कियन शुक्रवार को मिसाइल हमलों के बीच सड़क पर लोगों के साथ टहलते देखे गए। अचानक अपने बीच देख ईरानियों ने उनका माथा चूमा, सेल्फी ली और उनके इस साहस को सलाम किया। ईरान की राजधानी तेहरान में कुद्स डे रैली के दौरान अपने बीच राष्ट्रपति पेजेश्कियन को देख हर कोई चौंक उठा। पेजेशकियन ने हजारों प्रदर्शनकारियों के बीच शामिल होकर सभी को हैरान कर दिया। इजरायल और अमेरिकी हमलों और जीवन को खतरे के बावजूद उन्होंने भीड़ में घूमकर लोगों से बात की। कई ईरानियों ने उत्साह से उन्हें चूमा, सेल्फी ली और फोटो खींची।

## खबर संक्षेप

### अनिल अंबानी के बेटे से सीबीआई की पूछताछ



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को 228 करोड़ रुपए के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया धोखाधड़ी मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी से पूछताछ की। जय को शनिवार को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। रिलायंस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पूर्व सीईओ तथा पूर्व पूर्णकालिक निदेशक रवींद्र सुधाकर समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### जम्मू में पाक ड्रोन से गिराया सामान बरामद



**जम्मू।** जम्मू शहर के बाहरी इलाके में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध सामान बरामद किया, जिसे कथित तौर पर एक पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराया गया था। पीले रंग के प्लास्टिक में पैक की गई सामग्री को आरएस पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के किनारे एक अग्रिम क्षेत्र से बरामद किया गया। सुबह करीब 11 बजे अग्रिम क्षेत्र से खेप बरामद की गई।

### 47 करोड़ की अवैध ड्रग जब्त, 2 गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले के कोंडापल्ली इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एरिया में एक गुप्त संयंत्र पकड़ा है, जो अलप्राजोलम ड्रग्स का उत्पादन कर रहा था। छापेमारी के दौरान 237 किलो अलप्राजोलम जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 47 करोड़ रुपए है।

## ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव पर विदेश मंत्रालय ने कहा

# बदलती परिस्थितियों पर बारीकी से नजर नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच बढ़ता तनाव भारत के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत सरकार तेजी से बदलती परिस्थितियों पर बारीकी से नजर रख रही है और अपने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। पीएम ने हाल ही में ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशकियन से फोन पर बातचीत की। इस दौरान, पीएम ने ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण को लेकर भारत की प्राथमिकताओं पर जोर दिया। पीएम ने भारत के रुख को स्पष्ट करते हुए कहा कि इस मुद्दे को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से जल्द से जल्द सुलझाया जाना चाहिए। ईरान से बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक सुरक्षित लौट रहे हैं। अभी 170 भारतीय नागरिकों ने आर्मेनिया के रास्ते भूमि सीमा पार की है। इनमें से कई भारत लौट आए हैं और बाकी आने वाले दिनों में वाणिज्यिक उड़ानों के माध्यम से भारत वापस आ जाएंगे।

### पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से फोन पर की बात

मुद्दे को बातचीत और कूटनीति से सुलझाने की सलाह




अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता में केंद्र सरकार के शीर्ष अधिकारी

### तीन हादसों में एक नाविक लापता

शिपिंग मंत्रालय के अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि एलपीजी वाहक जहाजों को प्रमुख बंदरगाहों पर प्राथमिकता से बर्थिंग दी जा रही है। दुर्भाग्यवश, भारतीय नाविकों से जुड़े तीन हताहतों की सूचना मिली है, जिनमें से एक नाविक अभी भी लापता है। इसके अतिरिक्त, चार नाविकों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें चिकित्सा उपचार दिया जा रहा है।

### फारस की खाड़ी में 24 जहाज मौजूद

*होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में, फारस की खाड़ी में, 24 भारतीय-ध्वजांकित जहाज 677 भारतीय नाविकों के साथ मौजूद हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य के पूर्व में, ओमान की खाड़ी में, पहले चार जहाज थे, जिनमें से एक जहाज अब क्षेत्र से निकल चुका है, जिससे तीन भारतीय-ध्वजांकित जहाज 76 भारतीय नाविकों के साथ इस क्षेत्र में बने हुए हैं। पूरे खाड़ी क्षेत्र में लगभग 23,000 भारतीय नाविक कई जहाजों पर कार्यरत हैं।*

### ओमान में 2 भारतीयों की मौत

*विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (खाड़ी) असीम महाजन ने ओमान के मस्कट के सोहर शहर में हुई एक घटना का उल्लेख किया, जिसमें दो भारतीय नागरिकों की मृत्यु हो गई और 11 घायल हो गए, जिनमें से 10 भारतीय थे। घायलों में से 5 को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि 5 स्थानीय अस्पतालों में भर्ती हैं। किसी भी गंभीर चोट की सूचना नहीं है। इसके अतिरिक्त, इराक के बसरा के पास एक जहाज 'सेफसी विष्णु' पर हुए हमले के संबंध में जानकारी दी गई। जहाज के 15 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और वे बसरा के एक होटल में ठहरे हुए हैं। मृत भारतीय नागरिक के पार्थिव शरीर को वापस लाने और शेष 15 नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी के प्रयास जारी हैं।*

## अफगानिस्तान पर पाक का हवाई हमला

# आम नागरिकों के घरों को निशाना बनाया, 4 की मौत

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने शुक्रवार सुबह पाकिस्तान की सेना पर काबुल और दक्षिणी प्रांत कंधार में रात भर जारी रहे हवाई हमलों में नागरिकों के घरों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। तालिबान सरकार ने कहा कि हमले में कम से कम 4 आम नागरिक मारे गए हैं। सरकारी प्रवक्ता जबिहुल्ला मुजाहिद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि पाकिस्तान के विमान ने कंधार हवाई अड्डे के पास स्थित निजी एयरलाइन 'काम एयर' से संबंधित ईंधन डिपो (ईंधन भंडार केंद्र) पर भी हमला किया। यह कंपनी नागरिक विमानों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र के विमान को ईंधन की आपूर्ति करती है। मुजाहिद ने दावा किया कि पाकिस्तानी हमलों में अफगानिस्तान के पक्तिया और अन्य क्षेत्रों में कई नागरिक स्थलों और निर्जन स्थानों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि इन हमलों का जवाब जरूर दिया जाएगा। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने बताया कि काबुल में बच्चों समेत कम से कम 4 नागरिक मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए।



अफगान पर पाक का हवाई हमला


### बम धमाके में 7 पुलिसकर्मियों की मौत

*पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में शुक्रवार को एक पुलिस वाहन को निशाना बनाकर किए गए एक आईईडी बम धमाके में कम से कम सात पुलिसकर्मी मारे गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि लक्की मारवत जिले के शादी खेल बेट्टानी इलाके में रसूल खेल चेक पोस्ट के पास नियमित गश्त के दौरान एक पुलिस वाहन आईईडी बम विस्फोट की चपेट में आ गया। उसने बताया कि बम धमाके के चलते थाना प्रभारी आजम, पुलिस वाहन चालक शाह बहराम एवं चार अन्य पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई। विस्फोट स्थल से सबूत भी जुटाए जा रहे हैं।*

## भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर का दावा

# भारत-अमेरिका के बीच जल्द होगा जटिल खनिजों को लेकर समझौता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिका के नई दिल्ली में तैनात राजदूत सर्जियो गोर ने शुक्रवार को एक अहम घोषणा करते हुए कहा है कि आगामी महीनों में भारत और अमेरिका जटिल खनिजों को लेकर एक समझौता करने के करीब पहुंच गए हैं। इस बाबत जल्द ही बड़ी घोषणा की जा सकती है। समझौते की मदद से सुरक्षित सप्लाई चेन को लेकर मदद मिलेगी। जो कि उन्नत मैन्युफैक्चरिंग, ऊर्जा सिस्टम और उभरती हुई तकनीक के लिए काफी अहम है।

### अर्थव्यवस्थाओं को मिलेगी मजबूती

सर्जियो गोर ने कहा कि दोनों देशों का संबंधों में वह क्षमता है कि ऐतिहासिक ऊंचाइयों को छू सकते हैं। जिसमें हाल ही में संपन्न हुआ अंतरिम व्यापार समझौता भी शामिल है। जिससे अमेरिका और भारत की अर्थव्यवस्थाओं को मजबूती प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसे लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने निर्णायक भूमिका निभाई है। उक्त जटिल खनिजों के समझौते को एक प्रकार से दोनों देशों की सरकारों की राजनीतिक प्रतिबद्धता को अवसरों को सीधे परिणाम में तब्दील करने की इच्छा प्रदर्शित होती है।

## राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने दी जानकारी

# अंतरिक्ष मिशनों में छात्रों की बढ़ रही भागीदारी, 11 छात्र उपग्रहों का प्रक्षेपण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (आईएसआरओ) ने छात्रों और युवा शोधकर्ताओं को उपग्रह विकास, पेलोड प्रयोगों और अंतरिक्ष अभियानों में सक्रिय रूप से शामिल करने के लिए कई सुनियोजित पहल शुरू की हैं। इसरो ने ऐसे विशेष कार्यक्रम शुरू किए हैं जिनसे छात्र शोधकर्ताओं को उपग्रह डिजाइन, पेलोड विकास और मिशन प्रयोगों सहित वास्तविक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी परियोजनाओं पर काम करने का अवसर मिलता है। यू आर राव उपग्रह केंद्र के नेतृत्व में चलाए जा रहे छात्र उपग्रह कार्यक्रम के तहत, शैक्षणिक संस्थानों और छात्र टीमों को इसरो के वैज्ञानिकों के तकनीकी मार्गदर्शन में उपग्रहों के डिजाइन और विकास के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इन छात्र-निर्मित उपग्रहों को इसरो मिशनों के माध्यम से एकीकरण सहायता और प्रक्षेपण के अवसर भी प्राप्त होते हैं।

इसरो के वैज्ञानिक युवा शोधकर्ताओं का कर रहे मार्गदर्शन



### इंटर्नशिप और परियोजना प्रशिक्षण योजनाएं उपलब्ध

डॉ. सिंह ने बताया कि देश भर के मान्यता प्राप्त संस्थानों के स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट छात्रों के लिए इंटर्नशिप और परियोजना प्रशिक्षण योजनाएं उपलब्ध हैं। ये कार्यक्रम इसरो केंद्रों में व्यावहारिक अनुसंधान का अनुभव प्रदान करते हैं, जिससे युवा शोधकर्ताओं को उन्नत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों के साथ सीधे काम करने का अवसर मिलता है। शैक्षणिक भागीदारी को और अधिक बढ़ाने के लिए, देश के विभिन्न क्षेत्रों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी इनक्यूबेशन केंद्र (एसटीआईसी) स्थापित किए गए हैं। ये केंद्र विश्वविद्यालयों और आईएसआरओ के वैज्ञानिकों के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देते हैं और छात्रों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन में स्वदेशी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी विकसित करने में सहायता करते हैं।

### आईएन-स्पेस अंतरिक्ष कार्यों को बढ़ावा दे रहा

*मंत्री ने अंतरिक्ष क्षेत्र में छात्रों की भागीदारी को बढ़ावा देने में भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (आईएन-स्पेस) की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। आईएन-स्पेस ने सीएएन आकार के उपग्रहों और मॉडल रॉकेटों के डिजाइन और विकास पर केंद्रित छात्र प्रतियोगिताओं का आयोजन किया है, जिसमें लगभग 850 छात्रों की 97 टीमों ने भाग लिया है। आईएन-स्पेस ने अब तक 17 छात्र उपग्रहों और पेलोड को अधिकृत किया है, जिनमें से 11 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया जा चुका है।*

### क्षेत्रीय अंतरिक्ष शैक्षणिक केंद्र स्थापित

*डॉ सिंह ने कहा कि इसरो का रिस्पॉन्ड (प्रायोजित अनुसंधान) कार्यक्रम भारत भर के विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को अंतरिक्ष विज्ञान, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अनुप्रयोगों के क्षेत्र में अनुसंधान करने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करता है।*

# क्रिकेट मैदान पर बढ़ रहा है भारतीय महिलाओं का दबदबा, 14 राज्यों में भागीदारी दोगुनी

*बीबीसी और कलेक्टिव न्यूजरूम के कराए एक अध्ययन के अनुसार भारत में महिला क्रिकेट का तेजी से विकास हुआ और 2020 के बाद से 14 राज्यों में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हो गई है। इस अध्ययन में 10 हजार से अधिक महिलाओं को शामिल किया गया। इसमें पाया गया कि 2020 में क्रिकेट खेलने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 10 प्रतिशत हो गई है।*



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा महिलाओं में यह बढ़ोतरी और भी तेजी से हुई है। इसमें 15 से 24 वर्ष के आयु वर्ग में यह छह प्रतिशत से बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया है। अध्ययन के अनुसार, '15 से 24 वर्ष की हर चार में से एक युवती ने खेल को करियर विकल्प के रूप में सोचने पर विचार किया है।' हाल में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का प्रदर्शन भी शानदार रहा है।


टीम ने अपना पहला वनडे विश्व कप जीता और लगभग एक दशक में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में हराया। खेल की लोकप्रियता बढ़ाने में इस सफलता का भी योगदान हो सकता है।

### यूपी में भागीदारी 10 गुना बढ़ी

उत्तर प्रदेश में भागीदारी 10 गुना बढ़कर एक से 10 प्रतिशत हो गई है। साथ ही इन राज्यों में क्रिकेट खेलने में महिलाओं और पुरुषों के बीच का अंतर भी कम हुआ है।' अध्ययन से यह भी पता चला कि तीन पुरुषों के मुकाबले अब एक महिला क्रिकेट खिलाड़ी है जबकि 2020 में यह अनुपात पांच पुरुष और एक महिला का था। करियर के संदर्भ में 15 से 24 वर्ष की 26 प्रतिशत युवतियों ने खेल में करियर बनाने पर विचार किया है, जो 2020 में 16 प्रतिशत था। सबसे अधिक प्रतिशत तमिलनाडु (27 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (19 प्रतिशत) और मेघालय (19 प्रतिशत) में दर्ज किया गया।


### क्रिकेट ने कबड्डी को काफी बड़े अंतर से पीछे छोड़ा

क्रिकेट ने पारंपरिक खेल कबड्डी को भी काफी बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया है जो लंबे समय से भारत के ग्रामीण इलाकों में लोकप्रिय रहा है। अध्ययन में कहा गया, 'जिन राज्यों में अध्ययन किया गया, उनमें महिलाओं के बीच सबसे अधिक खेले जाने वाले खेल के रूप में क्रिकेट अपनी स्थिति और मजबूत कर चुका है। 2020 में यह कबड्डी से केवल मामूली अंतर से आगे था लेकिन अब क्रिकेट काफी आगे पहुंच गया है।'इसके अनुसार, 'अधिकांश क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ी है। सर्वे किए गए राज्यों में से केवल दो को छोड़कर सभी में महिलाओं द्वारा क्रिकेट खेलने की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई।



### महिलाओं की बैडमिंटन में भागीदारी बढ़ी

सर्वे में शामिल महिलाओं के बीच बैडमिंटन में भी भागीदारी बढ़ी है, विशेषकर पंजाब, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में। इसके अनुसार अगर सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का सही समाधान किया जाए तो और अधिक महिलाएं खेलों की ओर आकर्षित हो सकती हैं। अध्ययन के अनुसार, 'जो महिलाएं कोई खेल नहीं खेलतीं, उनमें से 13 प्रतिशत ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं को बाधा बताया।



## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड ने दी ओरम और रोंची को छुट्टी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड पुरुष टीम के सहायक कोच जैकब ओरम और ल्यूक रोंची को पाकिस्तान सुपर लीग की इस्लामाबाद युनाइटेड टीम की कोचिंग का कार्यभार संभालने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने छुट्टी दे दी है। इस टीम के लिए 2017 से 2021 तक खेलने वाले रोंची मुख्य कोच होंगे जबकि ओरम उनके सहायकों में से होंगे। पीएसएल 26 मार्च से अप्रैल अंत तक चलेगा। इस दौरान ये दोनों दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला और अप्रैल में बांग्लादेश दौरे के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड के परफॉर्मेंस मैनेजर माइक सैंडल ने कहा,' ल्यूक और जैक के लिए यह कोचिंग अनुभव लेने का अच्छा मौका है। हमारे खिलाड़ियों की ही तरह कोचों की भी भारी मांग है और हमें लगता है कि इस अनुभव से उन्हें ही नहीं न्यूजीलैंड क्रिकेट को भी भविष्य में फायदा होगा।'

### पांच अंडर 67 स्कोर के साथ थिगाला शीर्ष पर



**पोंटे वेद्रा।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहित थिगाला प्लेयर्स चैंपियनशिप के पहले दिन पांच अंडर 67 स्कोर करके संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। थिगाला के साथ मावेरिक मैकनीली, ली हॉजेस, सेप स्ट्राका और आस्टिन स्मूदरमैन पहले स्थान पर हैं। भारतीय मूल के अन्य खिलाड़ियों में अर्नाल्ड पामेर आमंत्रण टूर्नामेंट के विजेता अक्षय भाटिया संयुक्त 30वें , सुदर्शन येल्लामाराजू और आरोन राय संयुक्त 69वें स्थान पर हैं।

### जुलाई मे अल्टीमेट टेबल टेनिस, गोवा करेगा मेजबानी



**नई दिल्ली।** गोवा जुलाई में श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में फ्रेंचाइजी आधारित अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के सातवें सत्र की मेजबानी करेगा। लीग के आयोजकों ने इसकी जानकारी दी। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वाधान में 11 स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित की जाने वाली यूटीटी 2017 में लांच हुई थी और आयोजकों ने एक बयान में कहा, अल्टीमेट टेबल टेनिस भारत के टेबल टेनिस तंत्र का अहम हिस्सा बन गई है। इससे पिछले कुछ वर्षों में प्रत्येक स्तर पर खेल बेहतर हुआ है। यूटीटी के सह प्रवर्तक विटा दानी ने कहा, इस लीग ने भारतीय खिलाड़ियों के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी की है,उन्हें ज्यादा पहचान मिली है। हमारा मकसद एक ऐसी विश्व स्तरीय लीग बनाना है जो युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करे, प्रशंसकों को इस खेल से जोड़े और लंबे समय तक खेल के विकास में मदद करे। खिलाड़ियों की नीलामी और सातवें सत्र के पूरे कार्यक्रम की घोषणा आगामी हफ्तों में की जाएगी।

## कार्लोस ने कैमरुन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 6-3, 6-4 से दर्ज की जीत

# लगातार पांच बार इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाले तीसरे खिलाड़ी बने अल्कारेज

### अल्कारेज ने 2023 और 2024 में जीता था टाइटल



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने लगातार पांचवीं बार इंडियन वेल्स मास्टर्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कैमरून नॉरी के खिलाफ हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, स्पेन के अल्कारेज ने ब्रिटेन के खिलाड़ी से बदला ले लिया, जिसने उन्हें पिछले नवंबर में पेरिस में हराया था। इसके अलावा, 2026 में अपनी जीत का सिलसिला 16 मैचों तक पहुंचा दिया। अल्कारेज लगातार पांच बार इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले राफेल नडाल (2006-13) और नोवाक जोकोविच (2011-16) ये उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। अल्कारेज ने 2023 और 2024 में इंडियन वेल्स का टाइटल जीता था। दोनों बार उन्होंने फाइनल में मेदवेदेव को हराया था।



### मैंने आक्रामक खेला : अल्कारेज

जीत के बाद अल्कारेज ने कहा, "हर बार जब मैं उनके खिलाफ खेलता हूं तो यह मेरे लिए हमेशा बहुत मुश्किल होता है। उनके स्टाइल, उनके भारी टॉपस्पिन फोरहैंड, सुपर हाई के साथ यह थोड़ा कन्फ्यूजिंग है। फिर बैकहैंड, बहुत फ्लैट और बहुत लो है। कभी-कभी उनके खिलाफ खेलना मुश्किल होता है। मुझे सही शॉट ढूंढना पड़ता है। मैंने अच्छा खेला। मैंने आक्रामक खेला। मैं इस लेवल पर खेलकर खुश हूं।


### स्पेन के खिलाड़ी का पलड़ा रहा भारी

मैच के दौरान अल्कारेज और नॉरी ने अपनी रफ्तार बदली, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी का पलड़ा भारी रहा। पहला सेट आखिरी चार गेम में तीन बार सर्विस ब्रेक के साथ खत्म हुआ। नॉरी ने दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद अल्कारेज ने लगातार चार गेम जीता। पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने बेसलाइन हिटिंग के साथ हल्के ड्रॉप शॉट और शानदार नेट प्ले का मिश्रण दिखाते हुए, एक घंटे 33 मिनट के बाद अपने चौथे मैच पॉइंट को बदलकर आगे बढ़ गए।

### एरिना का खिताब की ओर अगला कदम

एरिना सबालेंका ने बीएनपी परीबस ओपन क्वार्टर फाइनल में विक्टोरिया एमबोको को 7-6, 6-4 से हराकर इंडियन वेल्स टेनिस खिताब की ओर अगला कदम बढ़ा दिया। सबालेंका सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की 14वीं वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा से खेलेंगी, जिन्होंने आस्ट्रेलिया की गैर वरीय तालिया गिब्सन को 6-2, 4-6, 6-2 से मात दी।






### एलिना ने इगा को हराया

नौवीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना भी पोलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को 6-2, 4-6, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई। अब उनका सामना एलेना रिबाकिना से होगा, जिसने अमेरिका की जेसिका पेगुला को 6-1, 7-6 से मात दी।

### मेदवेदेव ने गत चैंपियन ड्रेपर को दी मात

दानिल मेदवेदेव पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए। मेदवेदेव ने विवादास्पद अंपायर कॉल का फायदा उठाकर गत चैंपियन जैक ड्रेपर को 6-1, 7-5 से हराया। मेदवेदेव का सामना अब कार्लोस अल्काराज या कैमरन नॉरी से होगा जबकि दूसरे सेमीफाइनल में सिनर की टक्कर ज्वेरेव से होगी।



**क्रिकेट : 100-100 बॉल**

## द हंड्रेड लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बने 21 साल के जेम्स

### लंदन स्पिरिट ने 3,90,000 पाउंड में खरीदा



एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड में 100-100 गेंद की खेली जाने वाली द हंड्रेड लीग के आगामी सीजन के ऑक्शन में एक युवा खिलाड़ी पर जमकर पैसा बरसा। द हंड्रेड लीग में कुछ भारतीय फ्रेंचाइजी भी अपनी टीम खरीद चुकी हैं।

इनमें सनराइजर्स, मुंबई इंडियंस की एमआई, लखनऊ वाली फ्रेंचाइजी सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स वाले जीएमआर ग्रुप की टीम साउदर्न ब्रेव भी शामिल हैं। इन सभी भारतीय फ्रेंचाइजी ने जमकर खिलाड़ियों को खरीदा, लेकिन सबसे महंगे खिलाड़ी 21 साल के जेम्स कोल्स बने और उन्हें किसी भारतीय फ्रेंचाइजी ने नहीं बल्कि लंदन स्पिरिट ने खरीदा।

21 साल के जेम्स कोल्स का नाम जैसे ही ऑक्शन में आया, लंदन स्पिरिट ने उन्हें खरीदने के लिए तिजोरी खोल दी। दायें हाथ के बल्लेबाज और लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाजी करने वाले जेम्स कोल्स के लिए लंदन स्पिरिट की टीम ने 3,90,000 पाउंड यानी लगभग 4.8 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। इसके चलते वह द हंड्रेड के ऑक्शन में बिकने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी भी बने।

### 50 फर्स्ट क्लास मैचों में 2920 रन बनाए

जेम्स कोल्स ने साउथ अफ्रीका में होने वाली एसए20 लीग में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए गेंद और बल्ले से बेहतरीन खेल दिखाया। इसके चलते वह कुछ मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। जेम्स ने इस लीग के सात मैचों में बल्ले से 38 की औसत से 152 रन बनाए और गेंदबाजी से पांच विकेट भी अपने नाम किए. इसके अलावा एसए20 लीग में उनकी टीम विजेता भी रही। जेम्स कोल्स के करियर की बात करें तो उन्होंने 50 फर्स्ट क्लास मैचों में 2920 रन बनाए और उनके नाम 57 विकेट दर्ज हैं। इसके अलावा 21 लिस्ट ए मैचों में 320 रन और 23 विकेट तथा 67 टी20 मैचों में 1260 रन और 50 विकेट शामिल हैं। द हंड्रेड में साल 2024 और 2025 सीजन में वह साउदर्न ब्रेव से खेल चुके हैं और उनके नाम 16 मैचों में 168 रन के साथ 6 विकेट दर्ज हैं।

## केम्प एफसी करेगा 'इंडियन वुमैंस लीग' में अभियान का आगाज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की तेजी से उभरते केम्प फुटबॉल क्लब देश की शीर्ष लीग में अपनी जगह पक्की करने के लक्ष्य के साथ 25 मार्च को कोलकाता की सुरुचि संघा एफसी के खिलाफ 'इंडियन वुमैंस लीग (आईडब्ल्यूएल) 2' में अपने अभियान का आगाज करेगा। बेंगलुरु स्थित इस टीम का गठन महज चार साल पहले हुआ था। केम्प एफसी कर्नाटक के महिला फुटबॉल जगत की सबसे होनहार टीमों में से एक बनकर उभरी है। सत्र शुरू होने से पहले क्लब ने 'वीएसटी समूह' से समर्थन मिलने की घोषणा भी की है। लगभग 80 प्रतिशत की प्रभावशाली जीत दर और 120 से अधिक युवा खिलाड़ियों के लिए एक सुनियोजित विकास योजना के साथ क्लब ने केएसएफए लीग प्रणाली में काफी प्रगति की है। अब उसका लक्ष्य आईडब्ल्यूएल 2 में शीर्ष पर पहुंचना है। केम्प एफसी की अध्यक्ष कैथलीन ने कहा, 'हमारा पूरा ध्यान फुटबॉल और युवा महिला खिलाड़ियों को उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर प्रदान करने पर केंद्रित है।'




# ईरान फुटबॉल टीम ने किया ट्रंप पर पलटवार

## कहा- विश्व कप में भाग लेने से 'कोई नहीं रोक सकता'

एजेंसी ▶▶| जेनेवा

ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा है कि उसे पुरुषों के फीफा विश्व कप से 'कोई भी बाहर नहीं कर सकता।'टीम ने गुरुवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट में तंज करते हुए यह भी कहा कि अगर सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती, तो शायद अमेरिका की टीम को ही टूर्नामेंट से बाहर कर देना चाहिए।

यह प्रतिक्रिया ट्रंप की उस टिप्पणी के बाद आई, जिसमें उन्होंने संकेत दिया था कि सह-मेजबान अमेरिका ईरान के खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मौजूदा युद्ध के बावजूद ईरान की टीम का विश्व कप में स्वागत है, लेकिन 'मुझे सच में नहीं लगता कि उनकी जान और सुरक्षा के लिहाज से उनका वहां होना उचित है।'ईरान को ग्रुप चरण के अपने तीनों मुकाबले अमेरिका में खेलने हैं। फीफा विश्व कप की मेजबानी अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा संयुक्त रूप से कर रहे हैं। इस युद्ध के कारण ईरान की विश्व कप में भागीदारी पर सवाल उठने लगे हैं।



### ईरान टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का इच्छुक

इंस्टाग्राम पर ईरान की टीम की प्रतिक्रिया से स्पष्ट हुआ कि वे टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के इच्छुक है। पोस्ट में इस बात पर भी जोर दिया गया कि टूर्नामेंट का संचालन फीफा करता है, न कि ट्रंप या अमेरिका। पोस्ट में कहा गया, ''विश्व कप एक ऐतिहासिक और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है और इसका संचालन किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि फीफा के द्वारा होता है। निश्चित रूप से कोई भी ईरान की राष्ट्रीय टीम को विश्व कप से बाहर नहीं कर सकता। बाहर वही देश हो सकता है जो केवल मेजबान का दर्जा रखता हो लेकिन इस वैश्विक आयोजन में भाग लेने वाली टीमों को सुरक्षा देने की क्षमता नहीं रखता हो।'

## प्रणय, दिव्यांश सिंह पंवार और पहलवान दीपक पूनिया बाहर

# टॉप्स कोर समूह में शामिल निशानेबाज सम्राट और सुरुचि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उभरते पिस्टल निशानेबाज सम्राट राणा और सुरुचि सिंह, एशियाई स्वर्ण पदक विजेता लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह और विश्व चैंपियन पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत उन आठ खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें हाल में प्रदर्शन के आकलन के बाद 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' (टीओपीएस) के कोर ग्रुप में शामिल किया गया है।

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय, पूर्व एशियाई स्वर्ण पदक विजेता राइफल निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार और पहलवान दीपक पूनिया जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को 'प्रदर्शन के अपेक्षित मापदंडों' को पूरा नहीं कर पाने के कारण कोर समूह से हटा दिया गया है। 'टॉप्स' के मुख्य कार्यकारी



अधिकारी एनएस जोहल की अध्यक्षता में 'मिशन ओलंपिक सेल' (एमओसी) की 169वीं बैठक में सूची में फेरबदल किया गया। सम्राट ने जहां पिछले साल 10 मीटर एयर पिस्टल की व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में विश्व चैंपियन का खिताब जीता, वहीं सुरुचि ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चार विश्व कप स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

### प्रमोद ने जीता था छठा विश्व खिताब

*ओलंपिक के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद ने इस साल की शुरुआत में अपना छठा विश्व खिताब जीता। पोलियो के कारण बाएं पैर में विकार की दिव्यांगता का शिकार यह 37 वर्षीय खिलाड़ी लगातार तीन डोपिंग परीक्षणों में अनुपस्थित रहने के उल्लंघन के लिए तीन साल के निलंबन के बाद पिछले साल प्रतियोगिता में लौटा है। इस सूची में शामिल होने वाले एक अन्य खिलाड़ी इस वर्ष के एशियाई रजत पदक विजेता राइफल निशानेबाज नीरज कुमार हैं। हालांकि, पूर्व एशियाई स्वर्ण पदक विजेता शिव नरवाल को सूची में हुए कुछ बदलावों और नए नामों के शामिल होने के बाद 56 सदस्यीय मुख्य समूह से बाहर कर दिया गया है।*

### गुलवीर को पदोन्नत किया जाना उचित

पिछले साल गुलवीर के शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें विकास स्तर (डेवलपमेंटल लेवल) से मुख्य स्तर पर पदोन्नत किया जाना बिल्कुल उचित था। वे 5000 मीटर और 10,000 मीटर दोनों स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक भी हैं। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में दोनों स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया था। इसके साथ ही बैडमिंटन मिश्रित युगल जोड़ी तनीशा क्रास्टो और ध्रुव कपिला तथा पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में 57 किलोग्राम फेदरवेट वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली मुक्केबाज जैस्मीन लंबोरिया को भी विकासात्मक स्तर से मुख्य स्तर पर पदोन्नत किया गया है।




## खबर संक्षेप

### भोपाल मंडल होकर गोरखपुर से पुणे एवं मुंबई के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन

**भोपाल।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु समर सीजन पर यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से भोपाल मंडल होकर गोरखपुर-पुणे एवं पुणे-गोरखपुर एवं सीएसएमटी-गोरखपुर-सीएसएमटी के बीच स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। ट्रेन संख्या 01415 पुणे-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 1 से 30 अप्रैल तक प्रतिदिन पुणे स्टेशन से सुबह 06:50 बजे प्रस्थान करेगी और दूसरे दिन सायं 16:00 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन मंडल के इटारसी, रानी कमलापति एवं बीना स्टेशनों से गुजरेगी। इसी प्रकार, ट्रेन सं या 01416 गोरखपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 2 अप्रैल से 1 मई तक प्रतिदिन सायं 17:30 बजे गोरखपुर से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 03:15 बजे पुणे पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन मंडल के बीना, रानी कमलापति एवं इटारसी से गुजरेगी।

### शहर में ट्यूबवेल खनन पर रोक, एसडीएम से लेना पड़ेगी परमिशन

**भोपाल।** जिले को जल अभावग्रस्त घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही पूरे जिले में निजी ट्यूबवेल और बोरवेल खनन पर रोक लगा दी गई है। यह आदेश कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रमसिंह ने शुक्रवार को जारी किए हैं। नया बोर कराने के लिए एसडीएम से परमिशन लेना पड़ेगी। ऐसा नहीं करने पर एफआईआर भी कराई जाएगी। तेज गर्मी और गिरते वाटर लेबल को देखते हुए प्रतिबंध लागू किया गया है। पिछले साल आदेश 7 अप्रैल को जारी किया गया था।

### फर्जी-ई बिल तैयार करके भुगतान का मामला, दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की गहन जांच

# नगर निगम की कम्प्यूटर शाखा में लोकायुक्त का छापा, एसएपी सॉफ्टेयर की हार्ड डिस्क की जब्त

*1 कर्मचारियों के साथ मिलकर करोड़ों रुपए के फर्जी भुगतान के आरोप, काम की राशि अपने परिचितों और रिश्तेदारों की बनाई फर्मों में की जाती थी ट्रांसफर*

*2 गड़बड़ी के मामलों को लेकर खंगाला रिकॉर्ड, कर्मचारियों से बारीकी से की पूछताछ, आठ घंटे चली कार्रवाई*

*3 ऑनलाइन भुगतान और 10 साल पुराने दस्तावेजों की जांच, कम्प्यूटर शाखा से जुड़े रिकॉर्ड की जांच*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम की कम्प्यूटर शाखा में शुक्रवार को लोकायुक्त की टीम ने छापामार कार्रवाई की। यह कार्रवाई फतेहगढ़ स्थित कार्यालय और लिंक रोड नंबर-2 पर बने मुख्य निगम कार्यालय में एक साथ की गई। इस दौरान दोनों स्थानों पर दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की गहन जांच की गई है। लोकायुक्त में की गई शिकायत के आधार पर अदालत से सर्च वारंट लेकर निगम की कम्प्यूटर शाखा के सर्वर सेंटर की सर्च कर एसएपी साफ्टवेयर की हार्डडिस्क जब्त की गई है। लोकायुक्त द्वारा उक्त मामले में नगर निगम के अपर आयुक्त (वित्त) गुणवंत सेवतकर व अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। लोकायुक्त की दो टीमें शुक्रवार को सुबह करीब 9 बजे फतेहगढ़ स्थित कार्यालय और लिंक रोड नंबर-2 पर बने निगम के मुख्यालय पहुंची और कम्प्यूटर शाखा से जुड़े रिकॉर्ड खंगालना शुरू कर दिए। जांच के दौरान कम्प्यूटर सिस्टम, सर्वर में मौजूद डेटा और भुगतान से संबंधित फाइलों की बारीकी से पड़ताल की गई है। निगम की कम्प्यूटर शाखा में नगर निगम से जुड़े कई महत्वपूर्ण ऑनलाइन रिकॉर्ड और लेखा-जोखा सुरक्षित रखा जाता है, इसलिए टीम ने हर दस्तावेज की जांच की।





लोकायुक्त का छापा।

**निगम के अपर आयुक्त गुणवंत सेवतकर पर मामला दर्ज**

**फतेहगढ़ और लिंक रोड-2 कार्यालयों में एक साथ पहुंची लोकायुक्त की टीमें**

### फर्जी बिल बनाकर भुगतान कर कमीशन भी लेते थे

लोकायुक्त को शिकायत मिली थी कि अपर आयुक्त गुणवंत सेवतकर अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर निगम में केंद्रीय कर्मशाला, मोटर वर्कशॉप में वाहनों के रंग, अन्य मरम्मत कार्य, जल कार्य विभाग एवं सामान्य प्रशासन विभाग के बगैर कार्य कराए फर्जी ई-बिल तैयार करके एसएपी साफ्टवेयर के माध्यम से करोड़ों रुपए के फर्जी भुगतान किए गए। बिलों में हेरफेर कर विभिन्न मद बनाकर, बिना काम कराए गए काम की राशि अपने परिचितों और रिश्तेदारों की बनाई गई फर्मों में स्थानांतरित करते हैं। फर्जी बिलों का भुगतान कर कमीशन की राशि प्राप्त करते हैं। निगम द्वारा संचालित वाहनों की मरम्मत के फर्जी बिल बनाकर भुगतान कर कमीशन लेते हैं। उक्त शिकायत का सत्यापन पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त दुर्गेश राठौर किया गया। शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। सर्च टीम में उप पुलिस अधीक्षक बीएम द्विवेदी, उप पुलिस अधीक्षक आरके सिंह, निरीक्षक कवींद्र सिंह चौहान, निरीक्षक रजनी तिवारी व सायबर टीम के सदस्य शामिल रहे।

### 10 साल पुराने दस्तावेज जब्त किए

सूत्रों के अनुसार लोकायुक्त की टीम ने संबल योजना से जुड़े और ऑनलाइन फर्जीवाड़े की भी जांच की है। टीम ने मामले में जिन दस्तावेजों को जब्त किया है वो 10 साल पुराने बताए जा रहे हैं। हालांकि अभी तक नगर निगम के अधिकारियों से पूछताछ की बात सामने नहीं आई है। लोकायुक्त की टीम ने नगर निगम के दो ऑफिस बॉय और एक ऑपरेटर से बारीकी से पूछताछ की है।

### 22 फरवरी को नए भवन में हुई थी शिफ्टिंग

फतेहगढ़ स्थित नगर निगम की कम्प्यूटर शाखा को हाल ही में 22 फरवरी को लिंक रोड नंबर-2 पर बने नए भवन में शिफ्ट किया गया था। लोकायुक्त की कार्रवाई के दौरान दोनों भवनों में रखे दस्तावेजों और रिकॉर्ड की जांच की है।

### कम्प्यूटर शाखा में यह होते हैं अहम काम

नगर निगम की कम्प्यूटर शाखा में संबल योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रॉपर्टी टैक्स और अन्य ऑनलाइन सेवाओं से जुड़े काम संचालित किए जाते हैं। इन सभी सेवाओं से संबंधित डिजिटल रिकॉर्ड और भुगतान फाइलें लोकायुक्त टीम की जांच के दायरे में हैं।

### जोन कार्यालय में बैठेंगे विस के निवेशक

# विधानसभा वार बनाए गए सिटी प्लानरों की जिम्मेदारी तय की

**नोटिस देने, अवैध निर्माण ढहाने और आवास को खाली करने के लिए समय देने का अधिकार प्रभारी नगर निवेशक को**

**छोटे निर्माण कार्यों के लिए बिल्डिंग परमिशन शाखा के नहीं लगाना पड़ेंगे चक्कर, जोन से ही मिल जाएगा एप्रूवल**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम प्रशासन ने भवन अनुज्ञा शाखा के कामों का बंटवारा कर लोगों को बड़ी राहत दी है। अब छोटे निर्माण कार्यों की मंजूरी के लिए निगम मुख्यालय में भवन अनुज्ञा शाखा के चक्कर नहीं लगाना पड़ेंगे। उन्हें अपने क्षेत्र के जोन कार्यालय से ही एप्रूवल मिल जाएगा। विधानसभाओं के हाल ही में बनाए गए प्रभारी नगर निवेशक जोन कार्यालय में ही बैठेंगे। गत दिवस हुई बैठक में जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। निगम की इस नई जमावट से निगम मुख्यालय की भवन अनुज्ञा शाखा पर काम का लोड कम होना वहीं लोगों को दूर चक्कर नहीं लगाना पडेंगे।

जानकारी के अनुसार असिस्टेंट इंजीनियर के पास 165 स्क्वायर फीट तक के निर्माण की फाइल पास करने का अधिकार था। नए प्रभारी नगर निवेशक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में 165 से लेकर 223 स्क्वायर फीट तक के निर्माण की फाइलों को मंजूरी देने का अधिकार दिया गया है। इसके अलावा आवासीय और गैर आवासीय कंपाउंडिंग की फाइल भी वे निपटा सकेंगे। नियम-302 के तहत नोटिस देने और 307 के तहत अवैध निर्माण ढहाने और 303 के तहत आवास को खाली करने के लिए समय देने का अधिकार प्रभारी नगर निवेशक के पास रहेगा। अवैध निर्माण की सुनवाई मुख्य नगर निवेशक ही करेंगे जो निगम मुख्यालय में ही बैठेंगे।

उल्लेखनीय है कि संपत्ति कर, जल दर व अन्य टैक्स की वसूली को लेकर भी निगम ने विधानसभावार राजस्व अधिकारियों की तैनाती की है। इसी तरह अब शहर के बढते दायरे को देखते हुए और निगम मुख्यालय के चक्कर लगाने से बचने के लिए यह बड़ी सुविधा निगम ने शुरू की है।

# अरुण आदिवासी के परिजनों ने मानवता की मिसाल पेश की, एम्स में किया नेत्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल में 17 वर्षीय स्वर्गीय अरुण आदिवासी का नेत्रदान किया गया। नेत्रदान प्रक्रिया में एम्स भोपाल के ऑपथैल्मोलॉजी विभाग की नेत्र बैंक टीम ने मुख्य भूमिका निभाई। रेड ट्राइज ट्रॉमा इमरजेंसी टीम, ऑन ड्यूटी नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टरों ने पूरी प्रक्रिया में सहयोग किया। नेत्र बैंक टीम ने परिवार को नेत्रदान के महत्व और प्रक्रिया की जानकारी दी और उनकी सहमति के बाद नेत्रदान संपन्न हुआ। डॉ. भावना शर्मा (प्रमुख, ऑपथैल्मोलॉजी विभाग) ने डोनर के परिवार को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद दिया। उनके पिता जमुना प्रसाद और परिवार के सदस्यों ने इस नेक कार्य का निर्णय लिया, जिससे किसी के जीवन में प्रकाश फैलाया जा सके।



एम्स ने डोनर के परिवार को किया सम्मानित।

### जवाहर चौक में पांच दुकानों के छज्जे गिरने का गंभीर मामला

## स्मार्ट सिटी पहुंचे निगम के इंजीनियर, घटना स्थल का भी किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के जवाहर चौक स्थित गत दिवस 5 दुकानों के छज्जे गिरने के मामले को निगम प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए स्मार्ट सिटी से उक्त जगह के लिए बनाए गए प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने के लिए कहा है। शुक्रवार को निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण करने के बाद स्मार्ट सिटी के कार्यालय पहुंचे। हादसे का कारण 40 से 45 साल पुराना कंस्ट्रक्शन बताया जा रहा है। जवाहर चौक स्थित मार्केट में करीब 200 दुकानें हैं। गत दिवस दुकानों के छज्जे गिरने की घटना के बाद निगम के अधिकारियों ने यहां की दुकानों के विस्थापन को लेकर कार्रवाई तेज करने के लिए स्मार्ट सिटी कार्यालय पहुंचे, ताकि नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो सके और आगे किसी तरह की घटना न हों उक्त क्षेत्र स्मार्ट सिटी के अधीन है और यहां रोड चौडीकरण व कांप्लेक्स का निर्माण प्रस्तावित है। जिसके काम में देरी हो रही है।

# स्वास्थ्य विभाग में संविदा स्टाफ-आशा कार्यकर्ता बायोमेट्रिक सिस्टम से जुड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वाथ्य विभाग के अधीन संविदा स्टॉफ एवं आशा कार्यकर्ताओं को एमएनएस सिस्टम में बायोमेट्रिक सिस्टम से जोड़ा जाएगा। इसके अंतर्गत इनका आर्थिटिकेशन(जोड़बंदी) एवं आधार नंबर से पंजीकरण आवश्यक होगा। इसके बाद ही इनका भुगतान किया जाएगा। इस संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एमपी के वित्त संचालक वीरभद्र शर्मा ने सभी मु य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र लिखा है।इस पत्र में उन्होंने उल्लेश किया है कि भारत शासन के संदर्भित पत्र में दिये गये निर्देशानुसार समस्त संविदा स्टाफ, आशा एवं आशा पर्यवेक्षकों और अलग अलग कार्यक्रमों के ऐसे हितग्राही जिन्हें शासन से किसी भी प्रकार का भुगतान प्रदान किया जा रहा है। अब इनका भुगतान बायोमैट्रिक ऑथिटिकेटेड एवं आधार आधारित किया जाना है। निर्देश दिए गए हैं कि 25 मार्च 2026 तक समस्त संविदा स्टाफ, आशा आशा पर्यवेक्षक, हितग्राहियों का बायोमैट्रिक ऑर्थिटिकेशन सुनिश्चित किया जाये। 1 अप्रैल 2026 से समस्त भुगतान बायोमैट्रिक ऑथिंटिकेटेड आधार बेस अनिवार्य होगा। ऑर्थिटिकेशन हेतु आधार गेटवे एप्लीकेशन का निर्माण किया गया है। जिसमें बायोमैट्रिक डिवाईस के माध्यम से संविदा स्टाफ, आशा, आशा पर्यवेक्षकों तथा हितग्राहियों का बायोमैट्रिक आधार प्रमाणीकरण होगा। आधार गेटवे एप्लीकेशन का प्रशिक्षण पृथक से किया जाएगा। इस कारण डीपीएम, डीसीएम, बीपीएम, बीसीएम को निर्देशित किया जाये कि वे संबंधित कैडर एवं हितग्राहियों का आधार गेटवे एप्लीकेशन के माध्यम से 25 मार्च 2026 तक प्रमाणीकरण सुनिश्चित करें। डीएएम एवं बीएएम दिनांक 31 मार्च 2026 तक अनिवार्यतः एसएनए स्पर्श पोर्टल पर बायोमैट्रिक ऑथिंटिकेशन कर पंजीकरण करना सुनिश्चित करें।

■ इन कर्मचारियों का आर्थिटिकेशन एवं आधर नंबर से पंजीयन होगा तभी भुगतान संभव

### लायंस क्लब की रीजन कॉन्फ्रेंस रश्मि आज

**भोपाल।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233G2 की रीजन कॉन्फ्रेंस रश्मि का आयोजन 14 मार्च को होटल सेल्सेटियर में किया जाएगा। रीजन चेयरमैन लायन मनीष जैन ने बताया कि कार्यक्रम शाम 5:15 बजे से प्रारंभ होगा। कॉन्फ्रेंस में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रवीण वशिष्ठ मुख्य अतिथि होंगे। पुणे से लायन लीडर द्वारका जालान मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे। उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों के लिए क्लब पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। बेस्ट ड्रेस, बेस्ट कपल, लायंस पिन कलेक्शन और बेस्ट फोटो एलबम के पुरस्कार भी शामिल हैं। ध्वज प्रस्तुतिकरण और रीजन अवार्ड्स की प्रस्तुति भी होगी।




### ज्योति टॉकीज रोड पर निर्माण कार्यों के कारण बंद है रास्ता

# बीसीएलएल ने राजधानी के पांच रूटों में किया बदलाव सड़कों पर चल रहे निर्माण कार्य को देखते हुए लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की सड़कों पर चल रहे निर्माण कार्यों के कारण पहले से ही बीसीएलएल के रूट प्रभावित हैं और अब ज्योति टॉकीज रोड पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण बसों के रूट में बदलाव किया गया है। अस्थाई रूप से किए इस बदलाव से अब बसें घूमकर जाएंगी। दरअसल एक रास्ता बंद होने के कारण बसों के मुड़ने में दिक्कतें आ रही थीं। ऐसे में जाम और हादसे की आशंका के चलते बीसीएलएल ने यह निर्णय लिया है।

बीसीएलएल प्रशासन ने ट्रैफिक पुलिस और जिला प्रशासन के साथ मिलकर पांच बसों के रूट बदले हैं। करीब तीन महीने तक यह बदलाव लागू रहेगा। इस बदलाव से बसों को सुरक्षित मोड़ने और ट्रैफिक जाम से बचने में मदद मिलेगी। बसों को थद्दाराम कॉम्पलेक्स और आसपास के इलाके में घूमने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल रही थी। नए प्लॉन के अनुसार टीआर-4 गांधी नगर-मंडीदीप को चलने वाली बस वल्लभ भवन, बोर्ड ऑफिस आरकेएमपी-एक से आरआरएल तिराहे के रास्ते मंडीदीप जाएगी। जबकि टीआर-4 चिरायु-कटारा हिल्स की बस न्यू मार्केट, बोर्ड ऑफिस और आरकेएमपी प्लेटफॉर्म-एक से होते हुए एम्स कटारा हिल्स तक जाएगी। इसी तरह एसआर-5 अवधपुरी-चिरायु चेतक ब्रिज, बोर्ड ऑफिस, व्यापम चौराहा, शौर्य स्मारक होते हुए चिरायु तक चलेगी। रूट 413 कोकता-नीलबड़ बस नीलबड़ से कोकता आने वाली बसें आरकेएमपी प्लेटफॉर्म-एक, गणेश मंदिर होकर आईएसबीटी से गुजरेंगी। एसआर-2 नेहरू नगर-कटारा बस नेहरू नगर से आने वाली बसें बोर्ड ऑफिस, आरकेएमपी प्लेटफॉर्म-एक आईएसबीटी होकर कटारा जाएंगी।



फाइल फोटो।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930